स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बुधवार
11 मार्च, 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष 08
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 199 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
**मूल्य : 4 रुपये**

epaper : epaper.swatantrabharat.net



पिता को याद कर भावुक हुए चैंपियन रिंकू सिंह, खिताब जीतकर भी अधूरा रह गया जश्न

### स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया विपक्ष

# इतना गैर जिम्मेदार विपक्ष नहीं देखा : शाह

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष स्पीकर ओम बिरला को पद हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया। 50 से ज्यादा सांसदों ने पक्ष में वोट किया। इसके बाद पीठासीन ने प्रस्ताव पेश करने

- **गोगोई बोले- राहुल को बोलने नहीं दिया**

की परमिशन दे दी। विपक्ष ने ओम बिरला पर सदन की कार्यवाही में पक्षपात करने का आरोप लगाया है। बहस की शुरुआत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने की। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने 20 बार राहुल गांधी को रोक-टोका गया। उन्हें बार बार रूलिंग बुक दिखाई गई। उन्होंने अपनी स्पीच में एक आर्टिकल का हवाला दिया। इस पर उन्हें मना किया गया, लेकिन सत्ता पक्ष के सांसदों ने भारत में बैन किताबें सदन में दिखाई। उनसे कुछ नहीं कहा गया। इस तरह का भेदभाव स्वीकार नहीं है। गोगोई ने बिरला पर भेदभाव के 3 आरोप लगाए। उन्होंने कहा दो फरवरी को नेता विपक्ष राहुल गांधी जब बोल रहे थे, तब उन्हें बार-बार रोका गया। स्पीकर सर ने उनके तर्क पर सबूत देने का कहा। फिर फरवरी को शशि थरूर जब बोल रहे थे, तब उनका माइक बंद कर दिया गया। सरकार ने कहा कि बोलिए, लेकिन हम कैसे बोल सकते हैं जब माइक ऑफ किया गया हो। संसद में ऐसी नई-नई चीजें हो रही हैं। आज महिला सांसदों के उद्देश्य पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ओम बिरला जी ने पीएम मोदी के समय कहा था कि महिला सांसदों ने पीएम की चेयर घेर ली है। उनके साथ कुछ भी हो सकता था। ये बहुत ही शर्मनाक बात है। बिरला ने किस आधार पर महिला सांसदों पर ये आरोप लगाए। रिजिजू का बचाव करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जोर देकर कहा कि इस तरह की बाधाएँ तभी आवश्यक होती हैं जब कोई संसदीय नियमों का



पालन नहीं करता है, और उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल का उदाहरण दिया। शाह ने कहा कि मैं सहमत हूँ, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू जी ने सबसे ज़्यादा व्यवधान डाला है। लेकिन हमने इतना गैर-जिम्मेदार विपक्ष भी कभी नहीं देखा। जिसका मतलब था कि व्यवधान विपक्ष द्वारा सदन के नियमों का बार-बार उल्लंघन करने के कारण थे। अपने संबोधन में, गोगोई ने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव सदन की गरिमा की रक्षा के लिए लाया गया है, न कि किसी व्यक्तिगत प्रतिशोध के लिए।

### 'जो नेहरू की आलोचना करते थे, वही अब उनका हवाला दे रहे'



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू पर निशाना साधा। यह तब हुआ जब रिजिजू लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान जवाहरलाल नेहरू का हवाला दे रहे थे। प्रियंका ने कहा कि जो लोग भारत के पहले प्रधानमंत्री की दिन-रात आलोचना करते हैं, वही आज उनके वक्तव्यों का हवाला दे रहे हैं। रिजिजू के बयान के बाद प्रियंका गांधी ने कहा, उन्होंने कहा कि मैं हंस रही थी। मैं यह साफ करना चाहती हूं कि मैं इसलिए हंस रही थी क्योंकि जिन नेहरूजी की वे दिन-रात आलोचना करते हैं और उन्होंने अपने तर्क के समर्थन में नेहरू जी का हवाला दिया। उन्होंने आगे कहा, उन्होंने अचानक नेहरू जी का सम्मान करना शुरू कर दिया कि उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत किया और ऐसे भाषण दिए। प्रियंका गांधी ने जोर देकर कहा कि केवल एक व्यक्ति ऐसा है, जिसने सरकार के सामने सिर नहीं झुकाया और वह है विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

### यूपी कैबिनेट के 30 फैसलों को मिली मंजूरी

# अब खतौनी से होगा नाम का मिलान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। 31 प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिनमें से 30 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई, जबकि तीन प्रस्तावों को होल्ड पर रखा गया।

- **गांवों को पहली बार मिलेगी बस सेवा**



बैठक में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। अब किसी भी संपत्ति को बेचने से पहले विक्रेता का नाम खतौनी में मिलान किया जाएगा। यदि नाम अलग पाया जाता है तो रजिस्ट्रेशन विभाग इसकी जांच करेगा। सरकार ने सर्किल रेट पर एक प्रतिशत शुल्क और विकास शुल्क के दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टांप शुल्क से जुड़े प्रावधानों में भी बदलाव किया है। पहले यह राशि यूसी जारी होने के बाद निकायों को दी जाती थी, जिसे अब छमाही आधार पर जारी किया जाएगा।

परिवहन विभाग से जुड़े प्रस्ताव के तहत सीएम ग्राम परिवहन योजना 2026 को स्वीकृति दी गई है। योजना के तहत 59,163 ग्राम सभाओं को बस सेवा से जोड़ा जाएगा। जिन 12,200 गांवों में अब तक बस सेवा नहीं थी, वहां भी 28 सीटर बसें चलाई जाएंगी। बस सेवा टैक्स फ्री होगी और निजी क्षेत्र को भी संचालन की अनुमति दी जाएगी। संचालन का अनुबंध 10 वर्ष का होगा। वहीं मोटर व्हीकल कानून में संशोधन कर केंद्र सरकार के नियमों को अपनाया जाएगा। इसके तहत ओला और उबर जैसे एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म को राज्य में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ड्राइवरों की फिटनेस जांच, मेडिकल टेस्ट और पुलिस वेरिफिकेशन भी जरूरी किया जाएगा। एग्रीगेटर के लिए आवेदन शुल्क 25 हजार रुपये और लाइसेंस फीस 5 लाख रुपये तय की गई है। लाइसेंस का नवीनीकरण हर पांच साल में 5 हजार रुपये शुल्क के साथ होगा। सरकार खुद का परिवहन ऐप भी विकसित करेगी, जिसमें ड्राइवरों की पूरी जानकारी उपलब्ध रहेगी और उनकी ट्रेनिंग भी कराई जाएगी।

शहरी आवास की सीमा बढ़ी, कर्मचारियों के निवेश नियम सख्त

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 22 वर्गमीटर तक के आवास की लागत सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 9 लाख रुपये कर दी गई है। अब 30 वर्गमीटर तक मकान का निर्माण किया जा सकेगा। इसमें 1 लाख रुपये राज्य सरकार और 1.5 लाख रुपये केंद्र सरकार की ओर से सहायता दी जाएगी। इसके अलावा अयोध्या में खेल परिसर के लिए 2500 वर्गमीटर भूमि नगर निगम को हस्तांतरित करने, कई जिलों में समग्र शहरी योजना लागू करने, कानपुर ट्रांस गंगा सिटी के लिए चार लेन पुल बनाने तथा बुंदेलखंड क्षेत्र में बांदा और झांसी के डेयरी संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने जैसे प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

### कांशीराम आवास योजना पर निर्णय

सरकार ने कांशीराम आवास योजना के खाली पड़े मकानों की मरम्मत और रंगाई-पुताई कराकर उन्हें दलित परिवारों को देने का फैसला किया है। वहीं सरकारी कर्मचारियों की सेवा नियमावली में संशोधन करते हुए यह अनिवार्य किया गया है कि छह माह के मूल वेतन से अधिक निवेश की जानकारी देनी होगी और हर वर्ष अपनी अचल संपत्ति की घोषणा करनी होगी।

### शिक्षकों को मिलेगा कैशलेस इलाज

सरकार ने शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए चिकित्सा प्रतिपूर्ति व्यवस्था में बदलाव का फैसला किया है। अब अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों को भी कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही इस योजना में कर्मचारियों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में लाभार्थियों को फायदा मिलेगा। प्रति शिक्षक लगभग 2479 रुपये का प्रीमियम खर्च आएगा। इससे प्रदेश के 1.28 लाख से अधिक शिक्षकों को सीधा लाभ मिलने का अनुमान है।

### ग्रामीण बसों की आयु 15 वर्ष

ग्रामीण बस सेवा योजना के तहत बसों की औसत आयु 15 वर्ष तय की गई है, जबकि संचालन का अनुबंध 10 वर्ष का होगा। योजना के तहत बस सेवा को पहली बार परमिट, अनुबंध और टैक्स से मुक्त रखा जाएगा। सरकार के अनुसार करीब 5000 ऐसे गांव हैं जहां अब तक कभी बस नहीं पहुंची। शुरुआत में हर रूट पर दो बसें चलाई जाएंगी।

### रमज़ान मुबारक

इफ्तार बुधवार
सुन्नी : 6:14 P.M.
शिया : 6:25 P.M.
सहरी बुधवार
सुन्नी : 4:57 P.M.
शिया : 4:50 P.M.

### राज्यसभा चुनाव से पहले 26 नेता निर्विरोध निर्वाचित

**नई दिल्ली।** दस राज्यों की 37 सीटों के लिए हो रहे राज्यसभा चुनाव में 7 राज्यों के 26 उम्मीदवार बिना मुकाबले (निर्विरोध) के ही निर्वाचित हो गए हैं। इनमें एनसीपी (शरद) प्रमुख शरद पवार, कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। कई राज्यों में विपक्षी दलों ने उम्मीदवार नहीं उतारे, जिसके कारण ये नेता बिना मतदान के ही राज्यसभा पहुंच गए। हालांकि बिहार, ओडिशा और हरियाणा की 11 सीटों पर मुकाबला होना तय है। इन राज्यों में अतिरिक्त उम्मीदवार मैदान में होने के कारण चुनाव कराया जाएगा।

# कई राज्यों में गैस सिलिंडर सप्लाई प्रभावित



**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से हॉर्मुज जलमार्ग के रास्ते गैस सप्लाई ठप हो गई है। इससे देश में एलपीजी की किल्लत हो रही है। दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस की सप्लाई पर रोक लगा दी है। गैस सप्लाई बंद होने की वजह से कई शहरों में रेस्टोरेंट्स और होटल बंद होने की नौबत आ गई है। ऐसे में सरकारी सूत्रों का कहना है कि तेल कंपनियां तीन सदस्यी कमेटी के जरिए रेस्टोरेंट एसोसिएशनों से बात करेंगी, ताकि एलपीजी सप्लाई की दिक्कतों को समझा जा सके।

इस बीच लखनऊ में भी गैस की दिक्कत लोगों को होने लगी है। एजेंसियों के सामने बड़ी संख्या में लोगों की लाइन लगी हुई है, लेकिन लोगों की गैस की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। तमाम लोगों का कहना है कि अब नए तौर पर गैस बुकिंग भी नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि किसी की एक महीने किसी की 2 महीने पहले की पिछली गैस की बुकिंग थी और अब नई गैस की बुकिंग में डीएसी नंबर ही नहीं आ रहा है और बिना डीएससी नंबर के गैस नहीं मिलेगी। घरेलू उपभोक्ताओं के अलावा व्यापार करने वाले लोग भी लाइनों में लगे हुए हैं। उनका कहना है कि उन्हें अपने व्यापार के लिए भी गैस नहीं मिल पा रही है। एक व्यापारी का कहना है कि उसके व्यापार के लिए सिर्फ एक दिन की गैस बची है। वहीं एक अन्य व्यापारी ने कहा कि उसकी गैस खत्म हो चुकी है। उसने अपना व्यापार बंद कर दिया है। अब जब गैस मिलेगी तभी व्यापार दोबारा से शुरू हो पाएगा। ऐसे में लखनऊ वासियों का भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति पर केंद्र सख्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एलपीजी सिलिंडर की जमाखोरी रोकने और घरेलू गैस संकट को टालने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया है। इस कदम का उद्देश्य घरेलू उपयोग के लिए गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करना और काले बाजारी गतिविधियों पर रोक लगाना है। सूत्रों के अनुसार, ईसीए लागू होने के बाद प्राथमिक सेक्टर्स को एलपीजी और अन्य ईंधन की सप्लाई में विशेष प्रायोरिटी दी जाएगी। इसका मतलब है कि अस्पताल, स्कूल, सरकारी संस्थान और अन्य महत्वपूर्ण सेक्टरों को गैस की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरकार ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में एलपीजी सिलिंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई थी।

# 'यूसीसी लागू करने का सही समय'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में अब इस विषय पर लंबित से विचार करने का समय आ गया है। हालांकि कोर्ट ने

- **समान नागरिक संहिता पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी**

स्पष्ट किया कि शरीयत कानून की धाराओं को रद्द करने जैसे संवेदनशील मुद्दे पर अंतिम फैसला लेना विधायिका का अधिकार क्षेत्र है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने की, जिसमें जॉयमाल्या बागची और आर. महादेवन भी शामिल थे। पीठ 1937 के मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इन्हें मुस्लिम महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताया गया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि न्यायालय शरियत कानून के उत्तराधिकार संबंधी प्रावधानों को रद्द कर देता है, तो इससे एक कानूनी खालीपन पैदा हो सकता है, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियंत्रित करने वाला कोई अन्य स्पष्ट कानून मौजूद नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा कि सुधार की जल्दबाजी में ऐसा कदम उठाना उचित नहीं होगा जिससे महिलाओं को वर्तमान से भी कम अधिकार मिल जाएं।

### सरकार कोविड वैक्सीन से नुकसान का मुआवजा दे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को कोविड वैक्सीनेशन से जुड़ी याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार वैक्सीनेशन के साइड इफेक्ट्स का मुआवजा दे। इसके लिए वह नो-फॉल्ट कंपनसेशन पॉलिसी बनाए। नो-फॉल्ट कम्पनसेशन पॉलिसी का मतलब है कि अगर किसी व्यक्ति को दवा या वैक्सीन से नुकसान हो जाए, तो उसे मुआवजा मिल सकता है, भले ही इसमें किसी की गलती साबित न हुई हो।
जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने यह भी कहा कि वैक्सीनेशन के साइड इफेक्ट्स की मॉनिटरिंग के लिए मौजूदा सिस्टम जारी रहेगा। इसके लिए अलग से एक्सपर्ट पैनल बनाने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने रचना गंगू और वेणुगोपालन गोविंदन की 2021 में दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनकी बेटियों की मौत कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स के कारण हुई थी।
सुप्रीम कोर्ट की मुख्य बातें इस तरह हैं : वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स से जुड़े आंकड़े समय-समय पर पब्लिक डोमेन में रखा जाएगा। इस फैसले का मतलब यह नहीं होगा कि व्यक्ति दूसरे कानूनी उपायों का सहारा नहीं ले सकता। मुआवजा नीति का यह मतलब नहीं होगा कि सरकार या किसी दूसरी अथॉरिटी ने अपनी गलती मान ली है।

# एनसीईआरटी ने आपत्तिजनक अध्याय को लेकर मांगी माफी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने न्यायिक भ्रष्टाचार पर एक अध्याय शामिल करने के लिए सार्वजनिक माफी

- **आठवीं की सारी पुस्तकें लीं वापस**

मांगते हुए मंगलवार को कहा कि आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पूरी पाठ्यपुस्तकें वापस ले ली गई हैं। आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की इस पाठ्यपुस्तक में लिखा था कि न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों में भ्रष्टाचार, लंबित मामलों का भारी बोझ और पर्याप्त न्यायाधीशों की कमी शामिल हैं।
एनसीईआरटी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने हाल में कक्षा 8 (भाग 2) की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक एक्सप्लोरिंग सोसाइटी : इंडिया एंड बियॉन्ड प्रकाशित की है, जिसमें अध्याय चार हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शामिल था। बयान में कहा गया, एनसीईआरटी के निदेशक और सदस्य उक्त अध्याय के लिए बिना शर्त और पूर्ण माफी मांगते हैं। पूरी पुस्तक वापस ले ली गई है और अब उपलब्ध नहीं है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में न्यायपालिका के बारे में आपत्तिजनक बयानों का स्वतः संज्ञान लिया था। यह मामला वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल और अभिषेक सिंघवी द्वारा तत्काल विचार के लिए उठाया गया था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने और उसकी गरिमा को धूमिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने पुस्तक के भविष्य में किसी भी प्रकाशन, पुनर्मुद्रण या डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया।

# राजनाथ ने जारी किया रक्षा विजन 2047 का रोड मैप

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के साउथ ब्लॉक में आयोजित एक

- **रक्षा बलों को उन्नत सेना में बदलना है उद्देश्य**



कार्यक्रम में रक्षा बल विजन 2047: भविष्य के लिए तैयार भारतीय सेना का रोडमैप जारी किया। यह व्यापक खाका एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय द्वारा तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य रक्षा बलों को एक आधुनिक, एकीकृत और तकनीकी रूप से उन्नत सेना में बदलना है, जो 2047 तक भारत के विकसित भारत बनने के लक्ष्य को साकार करने में सक्षम हो। इस विजन दस्तावेज़ में भू-रणनीतिक, तकनीकी और सुरक्षा के बदलते परिवेश से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए रक्षा बलों के भीतर आवश्यक रणनीतिक सुधारों, क्षमता वृद्धि और संगठनात्मक परिवर्तनों की रूपरेखा दी गई है।

# पुलवामा हमले के सरगना और पाक हवलदार का फर्जी पहचान पत्र बरामद

**कठुआ।** तीन साल से अति संवेदनशील बिलावर के नजोत में सुरक्षाबलों को पुलवामा हमले के

- **जांच में जुटी सेना**

मास्टरमाइंड आतंकी उमर फारूक और पाकिस्तानी पैरामिलिट्री फ्रंटियर कोर बलोचिस्तान के हवलदार का पहचान पत्र मिला है। उधर, सेना की ओर से पहचान पत्र फोटोकॉपी किए हुए और फर्जी बताए जा रहे हैं लेकिन मामले की गहनता से जांच की जा रही है।सूत्रों के अनुसार सेना के जवान सोमवार को नजोत इलाके में तलाशी अभियान चला रहे थे। इसी दौरान जंगल में दो पहचान पत्र बरामद किए गए। एक पहचान पत्र पर पाकिस्तानी नागरिकता वाले आतंकी मोहम्मद उमर फारूक का नाम दर्ज है। इसकी वैधता तीन सितंबर 2021 की समाप्त हो चुकी है। पुलवामा हमले के एक महीने बाद ही जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी और पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड उमर फारूक को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। उमर जैश के सरगना मौलाना मसूद अजहर का भतीजा था। दूसरे पहचान पत्र पर एक पाकिस्तानी फ्रंटियर कोर बलोचिस्तान के हवलदार खालिद उस्मान का नाम लिखा है। इसकी वैधता भी दिसंबर 2023 में समाप्त हो चुकी है। भारत की सीमा के काफी भीतर तक यह पहचान मिलने से सुरक्षा एजेंसियां भी चौकस हैं। बता दें कि नजोत में आतंकी लगातार सक्रिय रहे हैं और यहां कई मुठभेड़ हो चुकी हैं। उधर, कठुआ जिले के एसएसपी मोहिता शर्मा का कहना है कि पहचान पत्र पूरी तरह से फर्जी हैं।

# ईरान में तेजाबी बारिश, हमलों का खतरनाक असर

**नई दिल्ली।** ईरान में सप्ताहांत में तेल डिपो पर हुए अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों के बाद कुछ इलाकों में काली बारिश होने की खबरें सामने

- **विशेषज्ञों ने जताई चिंता**

आ रही हैं। कई मीडिया रिपोर्टों में इसे एसिड रेन बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश का पानी काला दिखाई दे रहा है और उसमें तेल जैसी परत भी देखी जा रही है, जो इमारतों और वाहनों पर जम रही है। कुछ लोगों ने सिरदर्द और सांस लेने में दिक्कत की शिकायत भी की है। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने



भी चेतावनी दी है कि इन हमलों के बाद होने वाली बारिश बेहद खतरनाक और अम्लीय हो सकती है। वायुमंडलीय रसायन विज्ञान और वायु प्रदूषण पर काम करने वाले वैज्ञानिकों का कहना है कि यह स्थिति केवल सामान्य एसिड रेन तक सीमित नहीं हो सकती, बल्कि इसमें कई खतरनाक प्रदूषक शामिल होने की आशंका है। उनके अनुसार अधिक गंभीर स्थिति हो सकती है। वायुमंडल से प्रदूषकों को हटाने का एक प्रमुख तरीका बारिश है। जब हवा में बड़ी मात्रा में प्रदूषक मौजूद होते हैं तो बारिश की बूंदें उन्हें अपने साथ लेकर जमीन पर ले आती हैं। तेल डिपो पर हमले के बाद वातावरण में भारी मात्रा में धुआं और प्रदूषक फैल गए होंगे। इसी कारण बारिश की बूंदें इन प्रदूषकों को अपने साथ लेकर नीचे गिर रही हैं, जिससे काली बारिश की स्थिति बन रही है।

### इस बारिश में कई खतरनाक पदार्थ मौजूद होने की आशंका


विशेषज्ञों के अनुसार इस बारिश में कई खतरनाक पदार्थ मौजूद हो सकते हैं, जिनमें हाइड्रोकार्बन, बेहद महीन कण और पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन शामिल हैं। पीएएचएस ऐसे रसायन हैं जिन्हें कैंसरकारी माना जाता है। इसके अलावा बारिश में अन्य कई अज्ञात रसायनों का मिश्रण भी हो सकता है। इनमें भारी धातुएं और अकार्बनिक यौगिक शामिल हो सकते हैं, जो विस्फोट में नष्ट हुई इमारतों, संरचनाओं और अन्य सामग्रियों से निकलते हैं। तेल डिपो में लगी आग से सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी गैसें भी बड़ी मात्रा में निकलती हैं। ये गैसें हवा में रासायनिक प्रतिक्रिया करके सल्फ्यूरिक एसिड और नाइट्रिक एसिड बनाती हैं। जब ये एसिड बारिश की बूंदों में घुल जाते हैं, तो वही बारिश एसिड रेन कहलाती है।

# 'अब कूटनीति की कोई संभावना नहीं बची'

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर लगातार हमले और ईरान की जवाबी कार्रवाई से संघर्ष गहराता जा रहा है। बीते ग्यारह दिनों से इलाके में तनाव

- **यूएस से बातचीत पर ईरानी विदेश मंत्री की दो टूक**
- **ट्रंप को दिया सख्त संदेश**

चरम पर है और ईरान की तरफ से खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलों से हमला जारी है। इस बीच शांति स्थापित करने के लिए कूटनीतिक रास्ते पर चर्चा की कोशिशें हुईं, लेकिन ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ फिर से वार्ता की संभावना को पूरी तरह खारिज कर दिया। उनका कहना है कि अमेरिका के साथ पिछली बातचीत में भरोसा टूट चुका है और बार-बार हुए हमलों के कारण अब कूटनीति की कोई संभावना नहीं बची। अराघची ने एक न्यूज चैनल से बातचीत के दौरान कहा कि ईरान ने पिछले साल जून में अमेरिका के साथ वार्ता की थी, लेकिन बातचीत के बीच ही उन पर हमला हुआ। अराघची ने आगे कहा कि इस साल भी अमेरिका ने आश्वासन दिया कि हमला नहीं होगा और परमाणु मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जा सकेगा, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका ने आक्रमण किया।



स्वतंत्र भारत

# उत्तर प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा

## राज्य को रोमांच, नवाचार और अनुभव आधारित पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाने का लक्ष्य

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही लोग छुट्टियों में कुछ नया और रोमांचक तलाशते हैं। इसी बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने पर्यटन के नए आयाम गढ़ने की दिशा में एक बड़ा और महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। राज्य को रोमांच, नवाचार और अनुभव आधारित पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाने के लक्ष्य के साथ विभाग ने एडवेंचर टूरिज्म को नई पहचान देने की पहल शुरू की है।उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के तहत प्रदेशभर में साहसिक पर्यटन परियोजनाओं में निवेश के लिए व्यक्तियों, संस्थाओं और उद्यमियों को आमंत्रित किया गया है, ताकि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर एडवेंचर टूरिज्म के सशक्त गंतव्य के रूप में स्थापित किया जा सके। इस पहल से न केवल गर्मियों में पर्यटन गतिविधियों को गति मिलेगी, बल्कि रोजगार, निवेश और स्थानीय उद्यमिता के नए अवसर भी पैदा होंगे।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि राज्य में पर्यटन को केवल दर्शनीय स्थलों तक सीमित न रखकर उसे रोमांचक अनुभवों से जोड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है। एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देकर प्रदेश की विविध भौगोलिक और प्राकृतिक संभावनाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रयास में निजी क्षेत्र, उद्यमियों और संस्थाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी और लक्ष्य उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी एडवेंचर टूरिज्म गंतव्यों में स्थापित करना है।पर्यटकों की रुचि और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को तीन प्रमुख श्रेणियों–भूमि आधारित, जल आधारित और वायु आधारित एडवेंचर टूरिज्म–में विभाजित किया गया है। इसका उद्देश्य साहसिक गतिविधियों के माध्यम से प्रदेश को एक आकर्षक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।भूमि आधारित एडवेंचर टूरिज्म के अंतर्गत एटीवी टूर, बंजी जंपिंग,



साइकिलिंग टूर, जीप सफारी और मोटरसाइकिल टूर जैसी गतिविधियों को विकसित किया जाएगा। इससे युवाओं को रोमांचक अनुभव मिलेगा और साहसिक पर्यटन को नया मंच मिलेगा।जल आधारित एडवेंचर टूरिज्म के अंतर्गत कयाकिंग, राफ्टिंग, रिवर क्रूज़िंग और आधुनिक वाटर स्पोर्ट्स सेंटर जैसी गतिविधियों के माध्यम से पर्यटकों को पानी पर आधारित रोमांचक अनुभव प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।वहीं वायु आधारित एडवेंचर टूरिज्म के तहत हॉट एयर बैलूनिंग, पैराग्लाइडिंग और स्काईडाइविंग जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे पर्यटन क्षेत्र को नई उड़ान मिल सके।सरकार की ओर से निवेशकों को आकर्षक प्रोत्साहन भी दिए जाएंगे। पर्यटन नीति-2022 के अनुसार 10 लाख से 10 करोड़ रुपये तक के निवेश पर 25 प्रतिशत सब्सिडी (अधिकतम 2 करोड़ रुपये), 50 करोड़ रुपये तक के निवेश पर 20 प्रतिशत (अधिकतम 7.5 करोड़ रुपये), 200 करोड़ रुपये तक के निवेश पर 15 प्रतिशत (अधिकतम 20 करोड़ रुपये) और 500 करोड़ रुपये तक के निवेश पर 10 प्रतिशत (अधिकतम 25 करोड़ रुपये) की सब्सिडी दी जाएगी। 500 करोड़ रुपये से अधिक निवेश पर भी 10 प्रतिशत सब्सिडी (अधिकतम 40 करोड़ रुपये) का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 100 प्रतिशत स्टांप शुल्क में छूट तथा पर्यटन इकाइयों के लिए भूमि परिवर्तन और विकास शुल्क में भी पूर्ण छूट दी जाएगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को अतिरिक्त 5 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जाएगी।अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने बताया कि एडवेंचर टूरिज्म को विशिष्ट पहचान देने की यह पहल प्रदेश को पारंपरिक पर्यटन से आगे ले जाकर अनुभव आधारित और भविष्य उन्मुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करेगी। भूमि, जल और वायु आधारित साहसिक गतिविधियों के माध्यम से राज्य की भौगोलिक विविधता और प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा, वहीं पर्यटन नीति के तहत दिए जा रहे प्रोत्साहन निजी निवेश को भी आकर्षित करेंगे और इससे प्रदेश के पर्यटन ढांचे को मजबूती मिलेगी।

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा आज लखनऊ में करेंगी बैठक

**स्वतंत्र भारत लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव 11 मार्च को जनपद लखनऊ में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी। इस दौरान वह महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक, महिला जनसुनवाई तथा विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण करेंगी।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपाध्यक्ष प्रातः 10:30 बजे विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास से प्रस्थान कर 11:00 बजे राज्य महिला आयोग के सभागार, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमतीनगर पहुंचेंगी। यहां वह महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों और अन्य जनपदीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित बैठक में भाग लेंगी। बैठक के बाद उपाध्यक्ष महिला जनसुनवाई करेंगी, जिसमें पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।इसके पश्चात उपाध्यक्ष 12:45 बजे राज्य महिला आयोग सभागार से प्रस्थान कर 1:00 बजे वन स्टॉप सेंटर, लखनऊ पहुंचेंगी। यहां वह केंद्र का निरीक्षण करेंगी और आयोजित महिलाओं की गोद भराई तथा अन्नप्राशन कार्यक्रम में भाग लेंगी।इसके बाद उपाध्यक्ष 1:30 बजे वन स्टॉप सेंटर से प्रस्थान कर 1:45 बजे लोक बंधु चिकित्सालय पहुंचेंगी। यहां वह चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी तथा आयोजित किट वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी।इन कार्यक्रमों के माध्यम से उपाध्यक्ष महिलाओं के कल्याण, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान करेंगी।

# आज शीतला अष्टमी, बासी भोजन का लगेगा माता को भोग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** चैत्र कृष्ण अष्टमी को मनाई जाने वाली शीतला अष्टमी इस वर्ष 11 मार्च को मनाई जाएगी। इस दिन माता शीतला की पूजा कर बासी भोजन का भोग लगाया जाता है, इसलिए इसे बसौड़ा भी कहा जाता है। यह पर्व होली के आठवें दिन पड़ता है। ज्योतिषाचार्य एस.एस. नागपाल के अनुसार स्कंद पुराण में माता शीतला का वर्णन मिलता है। मान्यता है कि इस दिन व्रत और पूजा करने से चेचक, खसरा जैसे रोगों का प्रकोप नहीं होता। माता शीतला को कलश, सूप, झाड़ू और नीम के पत्ते धारण किए हुए तथा गर्दभ की सवारी करते हुए दर्शाया गया है। अष्टमी तिथि 10 मार्च को रात 12:11 बजे से शुरू होकर 11 मार्च को रात 2:17 बजे तक रहेगी। शीतला अष्टमी की पूजा का श्रेष्ठ मुहूर्त प्रातः 6:20 बजे से शाम 6:13 बजे तक रहेगा। इस दिन कालाष्टमी व्रत भी रखा जाएगा।

## खबर एक नज़र

### ब्रेस्ट कैंसर की जल्द पहचान के लिए नया एआई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज ने ब्रेस्ट कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित और रेडिएशन मुक्त ब्रेस्ट स्क्रीनिंग पहनने योग्य उपकरण बनाने के लिए सेंटर फॉर मैटेरियल्स फॉर इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी के साथ तकनीक हस्तांतरण समझौता किया है। यह उपकरण थर्मल सेंसर और एआई आधारित तापमान मैपिंग की मदद से शुरुआती असामान्यताओं का पता लगाएगा। प्रबंध निदेशक सचिदानंद उपाध्याय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित, आसान और किफायती जांच सुविधा उपलब्ध कराना है। इसे इस वर्ष के अंत तक व्यावसायिक उपयोग के लिए बाजार में लाने की योजना बना रही है।

### होली मिलन व महिला सम्मान समारोह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सरोजिनी नगर प्रथम वार्ड की पार्षद गीता देवी गुप्ता ने पार्षद कैंप कार्यालय में होली मिलन समारोह और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान फूलों की होली खेली गई और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में दिनेश जी, शंकर लाल लोधी, अवनीश जी, संजय गुप्ता, सत्य प्रकाश गुलहरे, रामाशंकर त्रिपाठी, के.एन. सिंह, प्रेम खर्कवाल, एस.एन. दीक्षित, सारिका शुक्ला, राजेंद्र, अभिषेक, विजय प्रकाश द्विवेदी, के.के. श्रीवास्तव, राजेश और बाबूलाल लोधी सहित कई लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सीमा यादव, रेनू विश्वकर्मा, शुभ्रा विश्वकर्मा, शतरूपा, रजनी सिंह, रेनू वर्मा, पिंकी, सीमा गुप्ता, सावित्री रंजन, राधा, पुष्पा नेगी और रुक्मणी को सम्मानित किया गया।

### कंटेंट क्रिएटर्स को मिला कैटालिस्ट अवार्ड

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** कोटक कैटालिस्ट अवार्ड्स के पहले संस्करण में हिमानी चौधरी को विजेता घोषित किया गया है। कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स की ओर से उन्हें पुरस्कार स्वरूप 25 लाख रुपये प्रदान किए गए। प्रबंध निदेशक श्रीनी श्रीनिवासन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ऐसे कंटेंट क्रिएटर्स को सम्मानित करना है, जो लोगों को निवेश और वित्तीय जानकारी के प्रति जागरूक बना रहे हैं। इस वर्ष देश के 19 राज्यों से आठ भाषाओं में 600 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।

### राष्ट्रीय विस्तार योजना की दी जानकारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बीमा और हेल्थ-टेक प्लेटफॉर्म लिवलॉन्ग ने नई शाखा शुरू की है। यह शाखा रिटेल हेल्थ इंश्योरेंस, कॉरपोरेट ओपीडी प्रोग्राम और एसएमई केंद्रित बीमा समाधान उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर डॉ. सौम्य कुमार मिश्रा, नेशनल हेड, इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस ने लिवलॉन्ग 365 लखनऊ शाखा का उद्घाटन किया। संस्थापक एवं सीईओ गौरव दुबे ने कहा कि लखनऊ उनके राष्ट्रीय विस्तार का महत्वपूर्ण बाजार है। वहीं मोहित भारद्वाज, हेड डिस्ट्रीब्यूशन सेल्स और धरमपाल सिन्हा, जोनल हेड भी इस मौके पर मौजूद रहे।

### महिलाएं ही स्थापित करेंगी विश्व शांति : डा. भारती गांधी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने कहा कि विश्व शांति महिलाओं द्वारा ही स्थापित होगी। जब महिलाएं निर्णायक पदों पर बैठेंगी तो वे युद्ध जैसे प्रस्तावों पर हस्ताक्षर नहीं करेंगी, क्योंकि वे अपने बच्चों को प्यार और त्याग के साथ पालती हैं। सी.एम.एस. प्रधान कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में प्रधानाचार्याओं को संबोधित करते हुए उन्होंने महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि जब पुरुषों में स्त्रियोचित गुण जैसे धैर्य, दया और ममता आ जाएंगे, तब सतयुग की स्थापना होगी। इस अवसर पर उन्होंने डा. सरोजिनी अग्रवाल की नारी शक्ति पर आधारित कविता का भी उल्लेख किया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा का 'बॉब वूमेन सफायर' बचत खाता शुरू

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने महिलाओं के लिए प्रीमियम बचत खाता'बॉब वूमेन सफायर बचत खाता' शुरू किया है। इस खाते में 18 से 60 वर्ष की महिलाओं को 10 लाख रुपये तक का कैंसर कवर, परिवार के छह सदस्यों के लिए निःशुल्क आनलाइन चिकित्सकीय परामर्श तथा दवाओं और पैथोलॉजी जांच पर रियायत जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. देबदत्त चांद ने बताया कि इस खाते के साथ बॉब भूमि रुपे सेलेक्ट डेबिट कार्ड दिया जाएगा, जिसमें घरेलू हवाई अड्डों पर लाउंज सुविधा, जिम सदस्यता, स्पा-सैलून और ओटीटी सदस्यता जैसी जीवनशैली से जुड़ी सुविधाएं भी मिलेंगी। साथ ही बॉबकार्ड टियारा क्रेडिट कार्ड के पहले वर्ष के शुल्क में 50 प्रतिशत की रियायत भी दी जाएगी।

### वोटर लिस्ट संशोधन के लिए निवासियों ने अधिकारियों को दिया ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार स्थित ओमैक्स रेजिडेंसी-1 में प्रस्तावित आरडब्ल्यूए चुनाव को लेकर विवाद बढ़ गया है। निवासियों ने आरोप लगाया कि डिप्टी रजिस्ट्रार और चुनाव अधिकारी की मिलीभगत से त्रुटिपूर्ण वोटर लिस्ट पर चुनाव कराए जा रहे हैं। सूची में 50 से अधिक ऐसे लोग शामिल हैं जो अपना फ्लैट बेचकर सोसाइटी छोड़ चुके हैं। आपत्तियां दर्ज कराने के बावजूद कोई संशोधन नहीं हुआ। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि वोटर लिस्ट को सही कर चुनाव को पारदर्शी बनाया जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस संबंध में सोसाइटी के निवासियों वेंकटेश तिवारी, वेदांत श्रीवास्तव, निकिता त्यागी, कुसुम वर्मा व आयुष वर्मा, प्रत्युष सेठ, आकाश कुमार सिंह, अभा, अनिल जैन, दिव्यम गुप्ता, ध्रुव नारायण साहू, शिवाली सिंह, सुमन राय, बृजेंद्र प्रताप सिंह और ममता सिंह सहित अन्य लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई है।

# जीकेडीसी प्रतियोगिता में जीसीआरजी टीम को 14वीं रैंक




स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। जीसीआरजी मेमोरियल ट्रस्ट के विद्यार्थियों ने 13वीं राष्ट्रीय स्तर की जीकेडीसी (गो-कार्ट डिजाइन चैलेंज) प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14वीं रैंक हासिल की। यह प्रतियोगिता 20 से 24 फरवरी 2026 के बीच कारी मोटर स्पीडवे, कोयंबटूर (तमिलनाडु) में आयोजित हुई। टीम का नेतृत्व कप्तान खुर्शीद अंसारी और उपकप्तान ललित मोहन ने किया। टीम में कमलजीत सिंह, चालक राजन यादव और दीपक कुमार शामिल रहे। यह उपलब्धि संस्थान के महानिदेशक डॉ. ए. एन. सिंह, उपनिदेशक डॉ. अभिषेक कुमार, विभागाध्यक्ष दीपक सिंह, पंकज शुक्ला तथा चेयरमैन डॉ. अभिषेक यादव के मार्गदर्शन में हासिल हुई।

# सचिवालय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन समिति 'स्कल्पर' का पुनर्गठन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सचिवालय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन समिति 'स्कल्पर' का पुनर्गठन किया गया है। इसमें अखिलेश कुमार श्रीवास्तव को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति के संस्थापक विनीत प्रकाश, डॉ. दीपक कोहली, अजीज अहमद और ओंकारनाथ तिवारी को संरक्षक नामित किया गया है। वहीं डॉ. अरविंद कुमार सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देवेंद्र कुमार सक्सेना, आनंद कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह और अजय कुमार मिश्रा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा सत्येंद्र प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष, डॉ. उमेश चंद्र वर्मा को महासचिव, रतन कुमार श्रीवास्तव को सचिव, लेखा राणीयज चौधरी को संयुक्त सचिव, डॉ. चांदनी बाला को सांस्कृतिक सचिव, रेनू सिंह को संगठन सचिव, वीरेंद्र बहादुर सिंह 'कुसुमाकर' को साहित्य सचिव और विद्यासागर पाल को ऑडिटर नियुक्त किया गया है। समिति के सदस्य के रूप में अमरसनाथ गुप्ता, विजय कुमार शुक्ला, मानस मुकुल त्रिपाठी और अतुल कुमार उर्फ नागेश्वर को नामित किया गया है।

# मेरठ सेंट्रल मार्केट प्रकरण पर व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल अखिलेश यादव से मिला

## पुलिस कार्रवाई पर जताई नाराजगी

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय में मेरठ के व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर सेंट्रल मार्केट प्रकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह प्रतिनिधिमंडल विधायक अतुल प्रधान के नेतृत्व में आया था। व्यापारियों ने पुलिस की कथित बर्बर कार्रवाई और लाखों लोगों की रोजी-रोटी से जुड़े इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की मांग की।प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में बताया कि मेरठ के शास्त्री नगर स्थित सेंट्रल मार्केट प्रकरण में हजारों व्यापारी, मजदूर और उनसे जुड़े परिवार कई दिनों से अपनी रोजी-रोटी और वर्षों की मेहनत से खड़ी की गई आजीविका को बचाने के लिए शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल दुकानों का मामला नहीं है, बल्कि हजारों परिवारों के भविष्य और लाखों लोगों की आजीविका से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है।व्यापारियों का आरोप है कि इस दौरान प्रशासन और पुलिस का व्यवहार निराशाजनक रहा है, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उनका कहना है कि पुलिस लगातार टकराव का माहौल बनाने का प्रयास करती रही। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब देर रात करीब दो बजे लगभग ढाई सौ पुलिसकर्मी धरना स्थल पर पहुंचे, जबकि उस समय वहां केवल करीब 20 लोग मौजूद थे। इसके बावजूद पुलिस ने टेंट उखाड़ने, धरना समाप्त कराने और लोगों को डराने-धमकाने जैसी कार्रवाई की। साथ ही समाजवादी पार्टी के झंडे लगाने पर कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर आंदोलन को दबाने का प्रयास किया गया।इस दौरान अखिलेश यादव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी व्यापारियों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तो इस समस्या का समाधान निकालकर व्यापारियों की मदद की जाएगी, जिससे उनकी दुकानें और कारोबार सुरक्षित रह सकें और किसी का स्थान भी न उजड़े।अखिलेश यादव ने सरकार से मांग की कि इस मामले में कोई कठोर कानूनी कार्रवाई न की जाए और पुलिस द्वारा की जा रही कथित प्रताड़ना को रोका जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को सहानुभूति दिखाते हुए व्यापारियों और प्रभावित परिवारों की मदद करनी चाहिए। उनका कहना था कि यदि सरकार चाहे तो मास्टर प्लान में बदलाव कर इस समस्या का समाधान निकाला जा सकता है, क्योंकि सेंट्रल मार्केट में व्यापारी कई वर्षों से अपना व्यापार कर रहे हैं और उनकी आजीविका इससे जुड़ी हुई है।

# नगर निगम लखनऊ में 25 कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

## महापौर ने पेंशन बुक सौंपकर किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ से 28 फरवरी 2026 को कुल 25 कर्मचारी सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। इन कर्मचारियों के सम्मान में मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकीनाथ हॉल में एक भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में महापौर सुषमा खर्कवाल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन बुक तथा सेवानिवृत्ति से संबंधित आवश्यक दस्तावेज सौंपे और उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वर्षों तक निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करने वाले इन कर्मचारियों ने शहर की सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम परिवार उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा और सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका अनुभव समाज के लिए उपयोगी रहेगा।कार्यक्रम में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार और डॉ. अरविंद कुमार राव, चीफ फाइनेंस ऑफिसर महामिलिंद, एमएनएलपी बनवारी लाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.के. श्रीवास्तव तथा चीफ इंजीनियर आरआर मनोज प्रभात सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।समारोह में कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि मिश्रा, उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ के अध्यक्ष राजेश सिंह, नगर निगम एवं जलकर कर्मचारी संघ लखनऊ के अध्यक्ष आनंद मिश्रा तथा महामंत्री कैसर राजा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं।नगर निगम से सेवानिवृत्त होने वालों में उद्यान विभाग में माली पद से भागु लाल, राजेन्द्र, लालता प्रसाद, राजेन्द्र, माता बदल, जगदीश, संतराम, महावीर, जिया लाल, राम मनोहर, राम मिलन, अमर नाथ, नकछेद, नन्दलाल और उदन शामिल हैं। इसके अलावा कर विभाग जोन-6 में अनुचर पद से अजय कुमार तिवारी, कक्षा समिति-02 निरालानगर में सफाई कर्मचारी पद से अशोक, कक्षा समिति-03 हजरतगंज में सफाई कर्मचारी पद से इन्दर, महेश, आशा, राम नरेश और प्रदीप कुमार, कक्षा समिति-09 हसनगंज में सफाई कर्मचारी पद से हरी और राजेंद्र तथा कक्षा समिति-11 चौक दौलतगंज में सफाई कर्मचारी पद से प्रमेश सेवानिवृत्त हुए।समारोह के दौरान सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके लंबे सेवाकाल की सराहना करते हुए सुखद, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की कामना की।

# होली मिलन समारोह आयोजित




स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। वैश्य समाज सेवा उत्तर प्रदेश और हिंदू महिला सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में होटल शिमला पैलेस में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर निषाद पार्टी के उपाध्यक्ष संजय कश्यप का सम्मान किया गया। समारोह में महिलाओं और बच्चों ने होली गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियां दीं और फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अनीता गुप्ता, आयुषी गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, शालिनी त्रिपाठी, वंदना त्रिपाठी, निर्मला मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।


# सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि, नेताओं ने किया नमन

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** भारत की महान समाज सुधारक, शिक्षाविद और महिला शिक्षा की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, लखनऊ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिगत भेदभाव और महिलाओं के प्रति अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा दी। उन्होंने महिलाओं और वंचित वर्गों को शिक्षा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया, जिसके कारण उन्हें भारत में महिला शिक्षा की अग्रदूत के रूप में सम्मानित किया जाता है।नेताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए भी शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनके प्रयासों से समाज में जागरूकता आई और महिलाओं के लिए शिक्षा के नए रास्ते खुले। उनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेन्द्र मदान, उत्तर प्रदेश कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. अमित कुमार राय, सिद्धि श्री, मुनीष चौधरी और रजनीश यादव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सावित्रीबाई फुले को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

# मऊ में अंडरपास निर्माण के लिए एके शर्मा ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

## कई क्रॉसिंगों पर समाधान की मांग

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने जनपद मऊ में आमजन की सुविधा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर महत्वपूर्ण रेलवे क्रॉसिंगों पर अंडरपास निर्माण कराए जाने का अनुरोध किया है। मंत्री ने पत्र में जनहित को प्राथमिकता देते हुए मऊ-शाहगंज रेलखंड के विभिन्न स्थानों पर अंडरपास या रेल फाटक बनाए जाने की आवश्यकता का विस्तृत उल्लेख किया है।मंत्री ने अपने पत्र में बताया कि मऊ-शाहगंज रेलखंड पर हैदरनगर और अली नगर को जोड़ने वाले मार्ग पर अंडरपास न होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन के लिए लगभग 5 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। इससे क्षेत्र के हजारों लोग प्रतिदिन प्रभावित होते हैं और उन्हें अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जनहित में इस स्थान पर अंडरपास निर्माण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए शीघ्र कार्रवाई का अनुरोध किया है।इसके साथ ही मंत्री ने मऊ-शाहगंज रेलखंड पर बरलाई-खानपुर मार्ग स्थित ठकुरमनपुर रेलवे लाइन के 5सी फाटक पर भी अंडरपास निर्माण की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस रेलवे फाटक पर अंडरपास न होने के कारण स्थानीय लोगों को लगभग 8 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय कर आवागमन करना पड़ता है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना होता है और अंडरपास बन जाने से खानपुर, बरलाई, अछार, हकीकतपुर वार्ड, ठकुरमनपुर और काझाखुर्द सहित आसपास के गांवों की लगभग 15 हजार आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।मंत्री ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि जनपद मऊ में संपर्क संख्या 14सी, 25सी और 27सी पर भी रेल फाटक अथवा अंडरपास बनाए जाने की आवश्यकता है। इन मार्गों से प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। इसके अतिरिक्त दुर्गा पूजा, लक्ष्मी पूजा और मोहम्मदी जैसे धार्मिक आयोजनों तथा जुलूसों के दौरान भी इन रास्तों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है, जिससे इन स्थानों पर सुरक्षित और सुगम आवागमन की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक हो जाती है।इस संबंध में मंत्री ने केंद्रीय रेल मंत्री से दूरभाष पर भी वार्ता की। रेल मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इन प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्रवाई करने और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर कार्य को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया है। मंत्री ने कहा कि इन स्थानों पर अंडरपास या रेल फाटक बनने से क्षेत्र के हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुरक्षित तथा सुगम हो सकेगा।इसके साथ ही मंत्री ने मऊ के इंदारा-अदरी रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का पिछले सप्ताह रात्रि में निरीक्षण भी किया। देर रात तक चल रहे निर्माण कार्य को देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और कहा कि यह परियोजना लगभग एक वर्ष में पूरी होकर जनता को समर्पित हो सकेगी।




# नए शहरों के विकास के लिए आठ नगरों को 425 करोड़ रुपये मंजूर

## योगी कैबिनेट के फैसले : अयोध्या में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए नजूल भूमि नगर निगम को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नगरीय क्षेत्रों के सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास के साथ ही बढ़ती शहरी आबादी को आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदेश के आठ नगरों के लिए धनराशि स्वीकृत करने का प्रस्ताव रखा गया है। योजना के अंतर्गत नए शहरों के समग्र और व्यवस्थित विकास के लिए शासनादेश दिनांक 6 अप्रैल 2023 के माध्यम से दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इन दिशा-निर्देशों के अनुसार भूमि अर्जन में आने वाले व्यय का 50 प्रतिशत तक राज्य सरकार द्वारा सीड कैपिटल के रूप में अधिकतम 20 वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध कराने का प्रावधान है।वित्तीय वर्ष 2025-26 में नए शहरों के विकास के लिए 3000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसी प्रावधान के अंतर्गत बरेली, वाराणसी, उरई, चित्रकूट, बांदा, प्रतापगढ़, गाजीपुर और मऊ में नए शहरों के समग्र विकास के लिए संबंधित अभिकरणों को सीड कैपिटल के रूप में कुल 425 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि जारी करने का प्रस्ताव है।सरकार का मानना है कि इस योजना के माध्यम से इन नगरों में योजनाबद्ध तरीके से बुनियादी ढांचे का विकास होगा और भविष्य की शहरी जरूरतों के अनुरूप आवासीय तथा अन्य सुविधाएं



विकसित की जा सकेंगी। इससे बढ़ती शहरी आबादी के लिए बेहतर आवासीय विकल्प उपलब्ध कराने के साथ ही संतुलित क्षेत्रीय विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

जनपद अयोध्या में खेल सुविधाओं के विकास के उद्देश्य से मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए नजूल भूमि नगर निगम अयोध्या को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव रखा गया है।जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या के पत्र दिनांक 10 सितंबर 2025 के आधार पर यह प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके तहत चक संख्या-4, मोहल्ला वशिष्ठ कुंड, परगना हवेली अवध, तहसील सदर, जनपद अयोध्या स्थित नजूल भूमि गाटा संख्या 1026, 1027, 1029, 1030, 1031, 1033 (मि.) और 1035 कुल सात कितों की लगभग 2500 वर्गमीटर भूमि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए नगर निगम अयोध्या के पक्ष में हस्तांतरित किए जाने का प्रस्ताव किया गया है।प्रस्ताव में उक्त भूमि को नगर निगम अयोध्या को निःशुल्क हस्तांतरित करने का अनुरोध किया गया है। इसके तहत प्रभावी जिलाधिकारी सर्किल दर पर छूट प्रदान करते हुए कुछ शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन इस भूमि को निःशुल्क आवंटित या हस्तांतरित करने का प्रावधान किया गया है।प्रस्ताव के अनुसार यह हस्तांतरण अपवादस्वरूप किया जाएगा और इसे भविष्य में किसी अन्य मामले में दृष्टांत के रूप में नहीं माना जाएगा। इस पहल से अयोध्या में खेल अवसंरचना के विकास को बढ़ावा मिलने और स्थानीय युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है।

**डिफॉल्टर आवंटियों को राहत देने के लिए ओटीएस योजना 2026 लागू करने का प्रस्ताव** : विभिन्न विकास प्राधिकरणों और अभिकरणों की संपत्तियों से संबंधित बकाया धनराशि की वसूली और डिफॉल्टर आवंटियों को राहत देने के उद्देश्य से एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 2026 लागू करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।प्रस्तावित योजना सभी प्रकार की संपत्तियों पर लागू होगी। इसके साथ ही मानचित्र स्वीकृति से जुड़े डिफॉल्टर प्रकरणों को भी इस योजना के दायरे में शामिल किया जाएगा।योजना के अंतर्गत डिफॉल्टर आवंटियों से केवल साधारण ब्याज लिया जाएगा, जबकि किसी भी प्रकार का दंड ब्याज नहीं वसूला जाएगा। इससे बकाया राशि जमा करने में आवंटियों को राहत मिलेगी और अभिकरणों को भी लंबित धनराशि की वसूली में सुविधा होगी।इस योजना के माध्यम से विभिन्न अभिकरणों की संपत्तियों के डिफॉल्टर आवंटियों तथा मानचित्र स्वीकृति के सापेक्ष लंबित बकाया धनराशि की वसूली सुनिश्चित की जा सकेगी।ओटीएस योजना के तहत आवेदन करने के लिए तीन माह का समय दिया जाएगा। इसके बाद प्राप्त आवेदनों का निस्तारण भी तीन माह के भीतर किए जाने का प्रावधान रखा गया है। योजना के लागू होने से बड़ी संख्या में लंबित मामलों के समाधान की उम्मीद जताई जा रही है।

### कानपुर में गंगा नदी पर चार लेन सेतु और पहुंच मार्ग निर्माण को मंजूरी

जनपद कानपुर में ट्रांसगंगा सिटी को शहर से बेहतर तरीके से जोड़ने के लिए गंगा नदी पर चार लेन सेतु और पहुंच मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। यह परियोजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में अटल इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत क्रियान्वित की जाएगी।प्रस्ताव के अनुसार गंगा नदी पर एक उच्च स्तरीय सेतु बनाया जाएगा, जो ट्रांसगंगा सिटी को सीधे कानपुर शहर से जोड़ेगा। प्रस्तावित स्थल पर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ट्रांसगंगा सिटी का विकास किया जा रहा है, जहां कानपुर नगर और आसपास की औद्योगिक इकाइयों को स्थानांतरित किए जाने की योजना है।ट्रांसगंगा सिटी के विकसित होने के बाद गंगा नदी पार करने के लिए भारी और हल्के वाहनों का आवागमन काफी बढ़ने की संभावना है। इससे वर्तमान गंगा बैराज मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़कर जाम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए गंगा नदी पर चार लेन सेतु के निर्माण की आवश्यकता महसूस की गई है।यातायात के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए चार लेन के एक सेतु के बजाय दो-दो लेन के दो अलग-अलग सेतु बनाने का प्रस्ताव किया गया है, ताकि कानपुर शहर में एक ही स्थान पर वाहनों के अत्यधिक दबाव से बचा जा सके और मर्जिंग प्वाइंट पर यातायात बाधित न हो।व्यय-वित्त समिति द्वारा परियोजना की कुल लागत 75313.24 लाख रुपये अनुमोदित की गई है। इसमें से अटल इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 46000 लाख रुपये की धनराशि की मांग की गई थी।

### गंगा एक्सप्रेसवे के पास मेरठ में समेकित विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित होगा

प्रदेश में औद्योगिक अवसंरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अटल इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत एक्सप्रेसवे के सन्निकट क्षेत्रों में समेकित विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर स्थापित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद मेरठ में गंगा एक्सप्रेसवे के पास ऐसे क्लस्टर के लिए अवस्थापना विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है।उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा विकसित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे तथा निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे कुल 29 स्थानों पर औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना के तहत समेकित विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर स्थापित और विकसित किए जा रहे हैं।मेरठ नोड में प्रस्तावित क्लस्टर के अंतर्गत सड़क, आरसीसी नालियां, आरसीसी कल्वर्ट, फायर स्टेशन, अवर जलाशय, जलापूर्ति लाइन, घेराबंदी, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य औद्योगिक अवस्थापना से जुड़े निर्माण कार्य किए जाएंगे।गंगा एक्सप्रेसवे के पास मेरठ में इस क्लस्टर के निर्माण कार्य अभियांत्रिकी, क्रय एवं निर्माण (ईपीसी) पद्धति से कराए जाएंगे। इसके लिए व्यय-वित्त समिति द्वारा पूंजीगत मदों के लिए आंकी गई 21381.93 लाख रुपये की लागत को मंत्रिपरिषद से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।इस परियोजना के लागू होने से एक्सप्रेसवे के आसपास औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, निवेश आकर्षित होगा और क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होने की संभावना है।

# आधार बायोमीट्रिक अपडेट के लिए बड़ा अभियान

## स्कूल-कॉलेजों में लगेंगे विशेष कैंप

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आधार कार्ड के बायोमीट्रिक अपडेट के लिए बड़ा अभियान शुरू किया जा रहा है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) अब प्रदेश के स्कूलों और कॉलेजों में विशेष कैंप लगाकर विद्यार्थियों का आधार बायोमीट्रिक अपडेट कराएगा। अभियान के तहत ऐसे शिक्षण संस्थानों में कैंप लगाए जाएंगे जहां 500 या उससे अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। इसके लिए प्रदेश में करीब डेढ़ लाख शिक्षण संस्थानों को चिन्हित किया गया है। पहले यह व्यवस्था केवल उन स्कूलों में लागू थी जहां 1000 या उससे अधिक छात्र थे, लेकिन अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक सुविधा पहुंचाने के लिए अब यह सीमा घटाकर 500 कर दी गई है।यूआईडीएआई के अनुसार आधार में बायोमीट्रिक अपडेट 5 वर्ष और 15 वर्ष की आयु पूरी होने पर अनिवार्य होता है। इन दोनों आयु वर्गों में बच्चों की उंगलियों के निशान और आईरिस स्कैन दोबारा दर्ज किए जाते हैं, ताकि आधार डाटाबेस में सही और अद्यतन जानकारी बनी रहे।अभियान के तहत विद्यार्थियों को यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क प्रदान की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार उत्तर प्रदेश में अभी करीब पौने चार करोड़ विद्यार्थियों का आधार बायोमीट्रिक अपडेट होना बाकी है। ऐसे में स्कूल-कॉलेजों में कैंप लगाकर बड़ी संख्या में छात्रों को सीधे परिसर में ही यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे अभिभावकों और विद्यार्थियों को आधार केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।इस पहल से प्रदेश में आधार डाटा अपडेट की प्रक्रिया तेज होने के साथ ही सरकारी योजनाओं, छात्रवृत्ति और अन्य सेवाओं में विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लेने में भी आसानी होगी।

# मार्च में पहली बार मौसमी घटना दोपहर में दिखी धुंध

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार को सुबह मौसम का मिजाज अचानक बदला सा नजर आया। सुबह के समय राजधानी लखनऊ समेत पूर्वी और पश्चिमी यूपी के कई जिलों में छाई घनी धुंध की चादर ने लोगों को चौंका दिया। कई जिलों में दृश्यता काफी कम हो गई।प्रयागराज में दृश्यता घटकर 30 मीटर रह गई, जबकि अमेठी में 50 मीटर, मेरठ में 100 मीटर और वाराणसी में 500 मीटर तक सीमित रही। लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, बरेली, सहारनपुर और मुरादाबाद समेत कई शहरों में भी सुबह धुंध की चादर छाई रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार नमी से भरी पूर्वा हवाओं और हवा में धूल कणों के फंसने के कारण यह स्थिति बनी है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, जिससे 15 और 16 मार्च को तराई और पूर्वांचल में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। प्रदेश में बढ़ते तापमान की बात करें तो मंगलवार को बांदा में सर्वाधिक 38.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। वहीं आगरा और झांसी में 37.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। 24.6 डिग्री के साथ वाराणसी में सबसे गर्म रात रही।अतुल कुमार सिंह ने बताया कि नमी भरी पूर्वा हवाओं की वजह से मार्च 2008 में भी ऐसा मौसम देखने को मिला था। यह सामान्य मौसमी घटना है।

# योगी सरकार के कैबिनेट विस्तार की हलचल तेज

## बंगाल, असम और तमिलनाडु चुनाव के बाद ही संभव!

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच फिलहाल इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियां तत्काल विस्तार के पक्ष में नजर नहीं आ रही हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु सहित पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों के बाद ही योगी सरकार मंत्रिमंडल विस्तार पर निर्णय ले सकती है। सूत्रों के मुताबिक इससे पहले बिहार में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया भी पूरी होनी है। इसके बाद ही उत्तर प्रदेश में टीम योगी में बदलाव या विस्तार की संभावना जताई जा रही है। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व और संगठन इन राजनीतिक गतिविधियों में व्यस्त है, इसलिए मंत्रिमंडल विस्तार कुछ समय के लिए टल सकता है। गौरतलब है कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से करीब छह महीने पहले 26 सितंबर 2021 को भी योगी सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार किया गया था। उस समय कुल सात मंत्रियों ने शपथ ली थी। इनमें जितिन प्रसाद को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था, जबकि पलटू राम, संजय कुमार गोंड, संगीता बलवंत बिंद, धर्मवीर प्रजापति, दिनेश खटीक और छत्रपाल सिंह गंगवार को राज्य मंत्री बनाया गया था। वर्तमान में मुख्यमंत्री सहित योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में कुल 53 मंत्री शपथ ले चुके हैं। इनमें से कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद अब केंद्र सरकार में मंत्री बन चुके हैं, जबकि राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि लोकसभा सदस्य बन गए हैं। इस कारण मंत्रिमंडल में दो पद खाली हो गए हैं। विधायकों की संख्या के आधार पर उत्तर प्रदेश में अधिकतम 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। ऐसे में अभी भी मंत्रिमंडल में नौ पद रिक्त हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी चुनावी समीकरणों को ध्यान में रखते हुए भाजपा नेतृत्व इन पदों को भरने पर फैसला करेगा। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि मंत्रिमंडल का विस्तार बंगाल चुनाव के बाद ही होने की संभावना है। केंद्रीय नेतृत्व की व्यस्तता के चलते फिलहाल ऐसी स्थितियां बनती नहीं दिख रही हैं। हालांकि पार्टी के कार्यकर्तावों की नजर मंत्रिमंडल विस्तार पर लंबे समय से टिकी हुई है।

# संपत्ति की रजिस्ट्री से पहले स्वामित्व दस्तावेजों की जांच अनिवार्य करने की तैयारी

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** संपत्ति के फर्जी या विवादित सौदों पर रोक लगाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार रजिस्ट्री प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव करने की तैयारी कर रही है। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, अब संपत्ति के पंजीकरण से पहले खतौनी और अन्य स्वामित्व से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन और परीक्षण अनिवार्य करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।विभाग के अनुसार वर्तमान समय में कई मामलों में संपत्ति के वास्तविक स्वामी के अलावा अन्य व्यक्ति द्वारा संपत्ति का विक्रय, प्रतिबंधित या निषिद्ध संपत्ति की बिक्री, किसी व्यक्ति द्वारा अपने अधिकार से अधिक संपत्ति का विक्रय, कुर्क संपत्ति का विक्रय या केंद्र एवं राज्य सरकार के स्वामित्व वाली संपत्तियों की रजिस्ट्री कराए जाने जैसे मामले सामने आते रहते हैं। इससे जनसामान्य को मुकदमेबाजी और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा शासन और विभाग की छवि भी प्रभावित होती है।रजिस्ट्रीकरण अधिनियम और नियमावली के तहत किसी विलेख के पंजीकरण से इनकार करने के मामले में उप निबंधक को रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 की धारा 35 के अंतर्गत सीमित अधिकार प्राप्त हैं। इसी कारण कई बार विवादित या संदिग्ध संपत्तियों की भी रजिस्ट्री हो जाती है।इन समस्याओं के समाधान के लिए अन्य राज्यों में समय-समय पर रजिस्ट्रीकरण अधिनियम और नियमावली में संशोधन कर नियंत्रण स्थापित किया गया है। इसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया गया है।प्रस्ताव के अनुसार रजिस्ट्रीकरण अधिनियम में धारा 22 और 35 के बाद नई धाराएं 22-ए, 22-बी और 35-ए जोड़ी जाएंगी। धारा 22-ए के तहत कुछ श्रेणियों के दस्तावेजों के पंजीकरण पर प्रतिबंध लगाया जा सकेगा। धारा 22-बी के माध्यम से पंजीकरण से पहले अचल संपत्ति की पहचान से संबंधित प्रावधान किए जाएंगे। वहीं धारा 35-ए(1) के अनुसार धारा 17(1) के अंतर्गत आने वाली अचल संपत्ति के पंजीकरण के लिए प्रस्तुत दस्तावेजों के साथ स्वामित्व, अधिकार, पहचान, विधिपूर्ण कब्जे या अंतरण से जुड़े वे दस्तावेज अनिवार्य होंगे जिन्हें राज्य सरकार अधिसूचना के माध्यम से निर्दिष्ट करेगी। यदि ऐसे दस्तावेज संलग्न नहीं होंगे तो पंजीकरण अधिकारी संबंधित विलेख के पंजीकरण से इनकार कर सकेगा।विभाग का कहना है कि इस प्रस्ताव को लागू किए जाने से जनसामान्य को अनावश्यक न्यायिक विवादों और अन्य असुविधाओं से राहत मिलेगी। यह संशोधन भारतीय संविधान की अनुसूची-7 की तृतीय सूची (समवर्ती सूची) की प्रविष्टि-6 के अंतर्गत प्रस्तावित किया गया है।प्रमुख सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता के अनुसार प्रस्तावित संशोधन से संबंधित विधेयक को पहले मंत्रिपरिषद की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा और इसके बाद विधानमंडल की मंजूरी प्राप्त की जाएगी। इससे संपत्ति के लेनदेन में पारदर्शिता और कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# आईजीआरएस रैंकिंग में रामपुर अव्वल, दूसरे स्थान पर शाहजहांपुर-बाराबंकी

## समीक्षा कर जिलों की रैंकिंग जारी

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिकायतों के त्वरित निस्तारण और विकास कार्यों की निगरानी के लिए लागू एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की फरवरी माह की रिपोर्ट में रामपुर जिले ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। शाहजहांपुर और बाराबंकी ने बराबर अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है जबकि जालौन तीसरे स्थान पर है। आईजीआरएस के माध्यम से प्रदेश के जिलों में जन शिकायतों, राजस्व मामलों और विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जाती है। हर माह 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा कर जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। फरवरी की रिपोर्ट में रामपुर ने निर्धारित 140 में से पूरे 140 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि आईजीआरएस रिपोर्ट प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों की गुणवत्ता और राजस्व प्रबंधन के आधार पर जिलों के प्रदर्शन का आकलन करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले में विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप रामपुर को आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड दोनों में पहला स्थान मिला है। शाहजहांपुर के जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में विकास परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाती है और जन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के संतुष्टिपूर्ण फीडबैक के आधार पर ही आईजीआरएस रिपोर्ट तैयार होती है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहती है। रिपोर्ट के अनुसार शाहजहांपुर और बाराबंकी ने 137-137 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि जालौन ने 136 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। बरेली, श्रावस्ती और हाथरस ने 135-135 अंक हासिल कर चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं बलिया, आजमगढ़ और भदोही ने 134 अंक प्राप्त कर पांचवें स्थान पर जगह बनाई। टॉप-10 जिलों में अंबेडकरनगर, प्रयागराज, कन्नौज, पीलीभीत और हमीरपुर भी शामिल हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार आईजीआरएस की नियमित निगरानी से विकास कार्यों में तेजी आई है और जन शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी हुई है।

# जासूसी कर रहा नौसेना का जवान गिरफ्तार

## यूपी एटीएस की बड़ी कार्रवाई, खुफिया इनपुट के बाद शुरू हुई जांच

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में भारतीय नौसेना में तैनात एक जवान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आदर्श कुमार उर्फ लकी आगरा जिले का निवासी होने के साथ ही वर्तमान में केरल के कोच्चि स्थित दक्षिणी नेवल कमांड में लांस नायक के पद पर तैनात था। टीम को विगत दिनों सूचनाएं मिल रही थी कि एक भारतीय नागरिक पाकिस्तान स्थित आईएसआई एजेंट के संपर्क में होने के साथ ही देश की संवेदनशील सैन्य जानकारियां साझा कर रहा है।



आतंकवाद निरोधक दस्ते की मीडिया सेल के मुताबिक टीम ने मामले की जांच पड़ताल कर संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियों पर इलेक्ट्रॉनिक और भौतिक सर्विलांस के माध्यम से जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आगरा निवासी आदर्श कुमार उर्फ लकी पाकिस्तान बेस्ड आईएसआई एजेंट के संपर्क में था और वह रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सैन्य सूचनाएं आईएसआई एजेंट तक पहुंचाने के साथ ही उसने भारतीय नौसेना के युद्धक पोतों और अन्य संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों से जुड़ी तस्वीरें भी पाकिस्तान स्थित एजेंट को भेजीं। यही नहीं आरोपी ने बैंक खाते से आईएसआई एजेंट को पैसे भी ट्रांसफर किए थे। टीम ने आरोपी के विरूद्ध देशविरोधी गतिविधियों और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के नेटवर्क से आपराधिक संबंधों की पुष्टि होने पर उसे नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा (ज्यूडिशियल कस्टडी) में जेल भेज दिया है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस

## संचालन की दिशा में बड़ा कदम

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से जारी एयरोड्रम लाइसेंस प्रस्तुत किया। इसके साथ ही जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हो गया है। लाइसेंस मिलने के बाद अब एयरपोर्ट के उद्घाटन और वाणिज्यिक उड़ानों की शुरुआत की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन समेत वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को परियोजना की प्रगति और आगामी चरणों की जानकारी भी दी। अधिकारियों के अनुसार एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद अब नियामकीय स्वीकृतियों की अंतिम प्रक्रिया जारी है। एयरपोर्ट का



एयरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम इस समय नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के पास समीक्षा के लिए लंबित है। सुरक्षा से जुड़ी यह मंजूरी मिलते ही एयरपोर्ट प्रबंधन सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर औपचारिक उद्घाटन और वाणिज्यिक संचालन की तिथि तय करेगा।गौतमबुद्ध नगर के जेवर में विकसित हो रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को देश और दुनिया के प्रमुख शहरों से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा है। इस एयरपोर्ट को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है, जहां स्विस दक्षता और भारतीय आतिथ्य का समन्वय देखने को मिलेगा। एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन हैं। एयरपोर्ट का विकास चार चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में एक रनवे और एक यात्री टर्मिनल भवन बनाया गया है, जिसकी क्षमता प्रतिवर्ष लगभग 1 करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी। दूसरे चरण में क्षमता बढ़ाकर 3 करोड़ यात्रियों तक पहुंचाई जाएगी। तीसरे और चौथे चरण में विस्तार के बाद कुल क्षमता 7 करोड़ यात्रियों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।पहले चरण में टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल लगभग 1.38 लाख वर्गमीटर है, जिसमें 48 चेक-इन काउंटर, 9 सुरक्षा जांच लेन और 9 इमिग्रेशन काउंटर बनाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय लाउंज भी विकसित किए जा रहे हैं। इसके अलावा यहां 10 एयरोब्रिज और 28 विमान पार्किंग स्टैंड की व्यवस्था की गई है। रनवे पर प्रति घंटे लगभग 30 उड़ानों के संचालन की क्षमता विकसित की गई है।एयरपोर्ट परिसर में आधुनिक कार्गो और लॉजिस्टिक्स हब भी तैयार किया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में इसकी क्षमता लगभग 2.5 लाख टन कार्गो प्रतिवर्ष होगी, जिसे आगे चलकर 15 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा।तकनीकी दृष्टि से भी यह एयरपोर्ट अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। यहां डिजीयात्रा आधारित बायोमेट्रिक प्रणाली, सेल्फ बैगेज ड्रॉप और डिजिटल यात्री प्रोसेसिंग सिस्टम जैसी व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं, ताकि यात्रियों को तेज और सहज यात्रा का अनुभव मिल सके।

# पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के निगोहां थाना क्षेत्र के शेखनखेड़ा मजरा उतरांवां में अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या करने वाले आरोपी पति राजेश रावत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से फरार था और मुंबई भागने की तैयारी में था। पुलिस के अनुसार, घरेलू विवाद के चलते राजेश रावत ने अपनी 45 वर्षीय पत्नी राजेश्वरी के सिर पर कुल्हाड़ी से कई वार कर उसकी हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। मृतका के बेटे गुलशन कुमार की तहरीर पर निगोहां थाने में राजेश रावत के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें गठित की गई थीं। मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को पुलिस टीम ने आरोपी को ग्राम पतौना से अकन्ताखेड़ा जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी राजेश रावत ने बताया कि वह मूल रूप से नगराम थाना क्षेत्र के अकहरदू गांव का निवासी है। करीब दो वर्ष पहले उसने अपनी पैतृक संपत्ति बेचकर ससुराल शेखनखेड़ा में जमीन खरीदी थी और मकान बनवाकर परिवार के साथ रहने लगा था। वह शराब पीने का आदी है और कुछ जमीन भी बेच चुका था। पत्नी द्वारा शराब पीने और जमीन बेचने का विरोध करने पर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। घटना वाले दिन बच्चे गांव में एक निमंत्रण में गए हुए थे। इसी दौरान आरोपी शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी से उसका विवाद हो गया। गुस्से में आकर उसने घर में रखी कुल्हाड़ी से पत्नी के सिर पर कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गया था और उसने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को अकन्ताखेड़ा से पालखेड़ा जाने वाले कच्चे रास्ते पर कीकर के जंगल में छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कुल्हाड़ी बरामद कर ली है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अपनी बहन सविता के घर पैसे लेने आया था, जहां से वह मुंबई भागने की योजना बना रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

## सतीश हत्याकांड : हत्यारोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के कोतवाली क्षेत्र मऊरानीपुर में पूर्व पार्षद के बेटे सतीश श्रीवास की हत्या कांड मामले में मंगलवार की सुबह तड़के करीब साढ़े चार बजे पुलिस टीम ने ग्रामोदय ब्रिज के पास 20-20 हजार के तीन इनामी हत्यारोपितों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी मऊरानीपुर जितेन्द्र सिंह ने बताया कि बाइक सवार तीन युवकों ने 7 मार्च की शाम करीब पांच बजे एक स्कूल के पास सतीश श्रीवास को गोली मार कर घायल कर दिया था। जिसकी उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। पुलिस टीम ग्रामोदय ब्रिज के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि हत्याकांड के आरोपित मध्य प्रदेश भागने की फिराक में हैं पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें रोकने का प्रयास किया गया उसी दौरान महफूज पठान, मेहराज पठान और अर्जुन उर्फ छोटू सोनकर को गिरफ्तार किया गया उनके पासा से एक 12 बोर का अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस और हत्या में इस्तेमाल की गई यामहा आरएक्स-100 मोटरसाइकिल बरामद की है।

## मोबाइल छीनने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तरी सर्विलांस टीम और मड़ियांव थाना पुलिस ने मोबाइल छीनने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शिकायतकर्ता का छीना गया ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया। बन्नौर, बीकेटी निवासी कैलाश ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने उनका ओप्पो मोबाइल फोन छीन लिया था। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 369/25 धारा 304(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। 8 मार्च 2026 को मड़ियांव थाना पुलिस टीम महादेव होटल चौराहा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि राहगीरों से मोबाइल छीनने वाला एक व्यक्ति सेक्टर-ई, यूपी महोत्सव मेला मैदान के पास मौजूद है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर नकुल कश्यप उर्फ संजय नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर पूर्व में दर्ज मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। पुलिस अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के संबंध में अन्य थानों और जनपदों से भी जानकारी जुटा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नकुल कश्यप उर्फ संजय (19 वर्ष) पुत्र राजेश कश्यप के रूप में हुई है। वह वर्तमान में सेक्टर-03, थाना जानकीपुरम, लखनऊ में रहता है और मूल रूप से सेक्टर-06, थाना जानकीपुरम का निवासी है। उसका व्यवसाय सैलून में नाई का है। पुलिस ने एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया है।

## एयरपोर्ट पर बैग से कारतूस बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर मंगलवार को एक यात्री के बैग से कारतूस बरामद हुआ। सीआईएसएफ ने यात्री को हिरासत में ले लिया और पूछताछ के बाद सरोजनी नगर पुलिस को सौंप दिया। पीलीभीत निवासी दीपांकर जायसवाल इंडिगो की उड़ान (6ई 6521) से भुवनेश्वर जा रहे थे। यह उड़ान सुबह 9:20 बजे लखनऊ से रायपुर होते हुए भुवनेश्वर जाती है। लखनऊ एयरपोर्ट पर बोर्डिंग के लिए सुरक्षा जांच के दौरान दीपांकर के बैग में 315 बोर का एक कारतूस मिला। इस पर सीआईएसएफ ने दीपांकर से पूछताछ की और शस्त्र लाइसेंस मांगा, लेकिन वह मौके पर लाइसेंस नहीं दिखा सके। सीआईएसएफ ने दीपांकर को सरोजनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बरामद कारतूस को कब्जे में ले लिया है। यात्री दीपांकर से आगे की पूछताछ कर रही है।

## खबर एक नजर

### बेहता नाला में बच्चा डूबा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के कनार गांव में मंगलवार दोपहर बेहता नदी में नहाते समय एक बच्चे की डूबने से मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर गांव के कुछ बच्चे बेतवा नदी में नहाने के लिए गए थे। नहाने के दौरान रूद्रप्रताप सिंह (10) अचानक गहरे पानी में चला गया। साथ गए अन्य बच्चों ने जब यह देखा तो शोर मचाया, जिसे सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। काफी मशक्कत के बाद नदी से बच्चे का शव बरामद किया गया। हादसे का वास्तविक कारण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। यह जांच का विषय है कि बच्चा अकेले गहरे पानी में गया या कोई अन्य वजह रही। मामले की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस परिजनों और वहां मौजूद अन्य बच्चों से पूछताछ कर रही है ताकि हादसे की सही वजह का पता लगाया जा सके।

### निर्माणाधीन मकान में घरेलू सामान चोरी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** चिनहट इलाके में निर्माणाधीन मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। पीड़ित ने चिनहट थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। चिनहट क्षेत्र की शंकरपुरी कॉलोनी निवासी पीड़ित अमित कुमार सिंह के अनुसार, 1 मार्च की रात करीब 12:30 बजे से 2 बजे के बीच अज्ञात युवक उनके निर्माणाधीन मकान में घुस आए। चोर वहां से बिजली के तारों के बंडल समेत कई कीमती घरेलू सामान चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 3.5 लाख रुपए है। पीड़ित ने बताया कि उनका मकान निर्माणाधीन है और घटनास्थल से कमता पुलिस चौकी की दूरी करीब 150 मीटर ही है। इसके बावजूद चोर आराम से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

### युवक को अज्ञात हमलावरों ने जमकर पीटा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक पर अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। यह घटना 8 मार्च की देर रात उस समय हुई जब युवक एक शादी समारोह से लौट रहा था। पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम गोस्वा दिलावर नगर निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उनके बहनोई संतराम, जो ग्राम खड़ौहा के रहने वाले हैं, 8 मार्च की देर रात साइकिल से गौंदा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में मास्क पहने चार अज्ञात लोगों ने उन्हें रोका और डंडों से बेरहमी से मारपीट की। मारपीट के दौरान संतराम का मोबाइल और पर्स भी कहीं गिर गया। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल संतराम देर रात अपने घर पहुंचे। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें पहले मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि सुनील कुमार की तहरीर के आधार पर मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# डीजीपी ने की अपराध नियंत्रण पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

## जनशिकायतों में कमी, सड़क हादसों में गिरावट, पुलिस महानिदेशक ने यक्ष ऐप के प्रभावी उपयोग पर बल दिया



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के समस्त जोनल अपर पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस आयुक्त, क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (प्रभारी जनपद) ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में अपराध नियंत्रण, जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, सड़क सुरक्षा और डिजिटल पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करना था। पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा, पेशेवर दक्षता और उच्च स्तर के प्रदर्शन के साथ कार्य करें।बैठक में यह रिपोर्ट प्रस्तुत की गई कि लगातार निगरानी और नियमित समीक्षा के परिणामस्वरूप पूरे प्रदेश में जनशिकायतों के मामलों में अभूतपूर्व कमी दर्ज की गई है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि जून 2025 से सभी जनपदों को जनशिकायतों में 40 प्रतिशत कमी लाने का लक्ष्य दिया गया था।विशेष रूप से जनपद सम्भल, फिरोजाबाद और इटावा में लगभग 70 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, जबकि 15 अन्य जनपदों में 40 प्रतिशत से अधिक और 48 जनपदों में 30 प्रतिशत से अधिक कमी प्राप्त हुई। पुलिस महानिदेशक ने इसे सुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि इन प्रभावी उपायों को अन्य जनपदों में भी लागू किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि एफआईआर से पूर्व की प्रभावी पुलिसिंग को थानों और चौकियों पर पोस्टिंग मानकों को शामिल कर विवाद और अपराधों को प्रारंभिक स्तर पर नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सामान्य अपराधों के मामले 60 और गंभीर अपराधों के मामले 90 दिन के अंदर निस्तारित करने पर जोर दिया। प्रदेश की वर्तमान रैंकिंग को सुधारने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट अभियान के तहत प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए व्यापक कार्रवाई की जा रही है। समीक्षा के दौरान प्रदेश की 54 इकाइयों में निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप सड़क दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई। जिनमें श्रावस्ती जनपद में लगभग 83 प्रतिशत, गाजियाबाद ग्रामीण जोन में 53 प्रतिशत और जालौन में 48 प्रतिशत कमी देखी गई। पुलिस महानिदेशक ने यक्ष ऐप के प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि इस ऐप के माध्यम से अपराध-मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में सुदृढ़ ब्लूप्रिंट तैयार किया जा सकता है। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों को अधिकाधिक वैज्ञानिक और डिजिटल साक्ष्य संग्रह पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एएनटीएफ द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार की जा रही कार्रवाई और तीन माह के विशेष अभियान 'ऑपरेशन दहन' की जानकारी दी गई। पुलिस महानिदेशक ने निर्देश दिए कि मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त अपराधियों की संपत्ति के जब्तीकरण के लिए एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 ई और 68 एफ के तहत प्रभावी कार्रवाई की जाए। उक्त बैठक उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुधार, सड़क सुरक्षा, डिजिटल पुलिसिंग और जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है।

## बंद मकान को निशाना बनाने वाले तीन गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बंद पड़े मकानों को निशाना बनाने वाले गैंग के तीन शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का माल भी बरामद किया है। आरोपी पेंटर और कारपेंटर का काम करने के बहाने इलाके में रेकी करते थे और बाद में बंद घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। एडीसीपी साउथ आर.पी. वसंत ने बताया कि बिजनौर इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए इंस्पेक्टर बिजनौर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी। मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सोमवार देर रात पीएम आवास योजना गेट नंबर-2 के सामने तिराहे से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवेंद्र कुमार गौतम उर्फ छोटू (27) निवासी दुर्गापुरम कॉलोनी, फरीदीपुर थाना ठाकुरगंज; सन्नी रावत उर्फ कालिया (25) निवासी ग्राम हंसखेड़ा थाना पारा; और शिवा चौरसिया उर्फ जॉन (24) निवासी काशीराम कॉलोनी सदरौना, थाना पारा के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना बिजनौर में दर्ज चार मुकदमों की जांच चल रही थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पहले ऑर्केस्ट्रा में काम करते थे, जहां उनकी दोस्ती हुई थी। इसके अलावा पेंटिंग और कारपेंटरी का काम करने के कारण उन्हें मकानों की स्थिति का पता लगाना आसान हो जाता था। तीनों आरोपी मोटरसाइकिल से बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे। जब उन्हें यकीन हो जाता था कि घर में कोई नहीं है, तो ताला तोड़कर अंदर घुसते और कीमती सामान चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद आरोपी सामान बेचकर पैसे आपस में बांट लेते थे और कुछ समय के लिए लखनऊ छोड़कर अन्य जिलों में चले जाते थे। आरोपियों ने दो दिन में बिजनौर इलाके में तीन घटनाओं को अंजाम दिया। इसके बाद पत्नी के साथ मुंबई चले गए। तीनों की पत्नियां ऑर्केस्ट्रा में डांस करती हैं।

रावेंद्र गैंग का लीडर है। रावेंद्र और शिवा जानकीपुरम थाने से अलग-अलग मामलों में जेल गए थे। दोनों करीब 6 महीने पहले छूटकर आए थे। इसके बाद फिर चोरी करने लगे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 25 लाख की सामान बरामद किया है।

## तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कैंट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से एक सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सोमनाथ द्वार क्षेत्र निवासी 60 वर्षीय कौशल सब्जी का ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिजनों के मुताबिक, सोमवार शाम वह घर से दूध लेने के लिए निकले थे। इसी दौरान सड़क पार करते समय तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल कौशल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे फरदीन ने बताया कि परिवार में पत्नी रूबी और तीन बच्चे दो बेटे और एक बेटी हैं। कौशल की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस के मुताबिक, पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## परचून की दुकान पर युवक को पीटा, पैर फ्रैक्चर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के दुबग्गा थाना क्षेत्र स्थित सराय प्रेमराज इलाके में एक परचूनी की दुकान पर सामान लेने गए युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि दुकानदार ने मसाला देने से मना करने पर युवक को धक्का दे दिया, जिससे उसका पैर टूट गया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। सराय प्रेमराज निवासी मनोज कुमार (पुत्र स्वर्गीय कामता प्रसाद) सोमवार दोपहर करीब 1 बजे अपने घर के पास एक परचून की दुकान पर मसाला खरीदने गए थे। आरोप है कि दुकान मालिक गोलू उर्फ अरुण (पुत्र लखन) और उसके भाई भोलू (पुत्र लखन) ने उन्हें मसाला देने से इनकार कर दिया। मनोज कुमार ने जब पैसे देकर सामान लेने की बात कही, तो आरोपियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर दोनों भाइयों ने गाली-गलौज करते हुए मनोज के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और उन्हें चबूतरे से धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इस घटना में मनोज कुमार के बाएं पैर में गंभीर चोट आई और वह टूट गया। पीड़ित मनोज कुमार का आरोप है कि जब आरोपियों से इलाज कराने की बात कही, तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। आरोपियों ने उन्हें धमकी देते हुए कहा- जो करना है कर लो, ज्यादा बोलोगे तो दोनों पैर भी तोड़ देंगे। इसके बाद मनोज ने थाना दुबग्गा पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

दुबग्गा पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना दुबग्गा पुलिस के अनुसार, शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सिसेंडी में बदमाशों ने मां-बेटे की गला घोंटकर की हत्या



**स्वतंत्र भारत मोहनलालगंज ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी गांव में बदमाशो ने सोमवार की देर शाम घर में घुसकर दिव्यांग मां- बेटे की कपड़े से गला घोटकर हत्या कर दी। महिला का शव बिस्तर के नीचे पड़ा मिला। उसके कपड़े अस्तव्यस्त थे। बेटे का सिर पानी भरी हौद में मुंह के बल डूबा हुआ पड़ा मिला उसके कपड़े भी फटे मिले।डबल मर्डर की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक मां-बेटे के शवो को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल के बाद पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा।एडीसीपी दक्षिणी व एसीपी समेत फारेसिंक एक्सपर्ट की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।मृतका की बहन की तहरीर पर पुलिस अज्ञात बदमाशो के विरूद्ध हत्या की धारा में मुकदमा? दर्ज कर तलाश में जुट गयी है। सिसेंडी गांव में रेशमा बानो (45वर्ष) अपने बेटे शादाब (18वर्ष) के साथ घर पर रहती थी। उसे एक आंख से नहीं दिखता था। घर के बाहर गुमटी चलाकर गुजारा करती थी।बेटा शादाब दोनों आंखों से नहीं देख सकता था। कोरोना में दूसरे पति इकबाल पठान की मौत के बाद रेशमा बेटे के साथ पति के मकान में ही रहती थी।रिश्तेदार सलमान के मुताबिक शाम करीब छह बजे रेशमा के बहनोई शब्बू ने फोन पर बताया कि वह रेशमा से फोन पर बात कर रहे थे तभी लगा किसी ने रेशमा का फोन छीना है। उन्होंने रेशमा के घर जाकर हाल लेने को कहा। सलमान अपने भाई फरहान के साथ रेशमा के घर पहुंचे। वहां घर के दरवाजे पर बाहर से कुंडी लगी थी। लेकिन आसपास मां-बेटे नजर नहीं आए। इस पर दोनों सिटकनी खोलकर भीतर दाखिल हुए।अंदर रेशमा का कपड़े से गला कसा हुआ शव चारपाई के नीचे पड़ा था। शव का कुछ हिस्सा कंबल से ढका था। पास ही शादाब का शव भी पड़ा था।इसके गला भी कपड़े से कसा हुआ था ओर सिर पानी भरी हौद में डूबा हुआ था।आशंका जताई जा रही है कि शादाब का रस्सी से गला कसने के बाद उसे पानी भरी हौद में डुबाकर मारा गया है।जिसके बाद रिश्तेदारो ने घटना स्थल से चंद कदम पर स्थित चौकी पर पहुंचकर वहा मौजूद पुलिसकर्मियो को घटना की सूचना।लेकिन पुलिस कर्मी मौके पर नही पहुंचे।थाने पर सूचना देने पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक मां-बेटे के शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की।एडीसीपी रल्लापल्ली वसंथ कुमार व एसीपी विकास पांडे समेत फारेसिंक एक्सपर्ट की टीमो ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।मृतका की बहन अफसाना निवासी हरचंदपुर गढी कनौरा आलमबाग की तहरीर पर पुलिस अज्ञात बदमाशो के विरूद्ध हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी है।डीसीपी दक्षिणी ने बताया सर्विलांस समेत आधा दर्जन पुलिस टीमो को दोहरे हत्याकांड के खुलासे के लिये लगाया गया है,हर बिंदु पर टीमे गहनता से जांच पड़ताल कर रही है जल्द ही हत्यारोपी पुलिस टीमो की गिरफ्त में होगे।

**चौकी से चंद कदम पर डबल मर्डर, सूचना के एक घंटे बाद मौके पर पहुंची पुलिस..**

सिसेंडी में पुलिस की गंभीर लापरवाही सामने आई है। चौकी से चंद कदम की दूरी पर बदमाशों ने मां-बेटे की हत्या कर दी और आराम से फरार हो गए। हैरानी की बात यह रही कि घटना की सूचना मिलने के बाद भी चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचने के बजाय चौकी छोड़कर चले गए। वारदात की जानकारी होने के बाद परिजन तुरंत सिसेंडी चौकी पहुंचे और वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को मां-बेटे की हत्या की जानकारी दी। परिजनों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद पुलिसकर्मी घटनास्थल पर जाने की बजाय चौकी से ही चले गए। परिजनो ने सूचना देने के बाद भी मौके पर ना पहुंचने वाले पुलिसकर्मियो पर कार्यवाही की मांग की है।

**सीसीटीवी में बाजार से सब्जी लेकर घर लौटते दिखी महिला..**

पुलिस की पड़ताल में बाजार से सब्जी खरीदकर सोमवार की शाम 7:22बजे के करीब मृतका रेशमा सब्जी खरीदकर घर लौटते दिखी और घर जाने के कुछ देर के अंदर ही रेशमा व उसके बेटे की हत्या हो गयी।

**भीगे कपड़ो से घर से भगाते दिखा गांव का एक युवक..**

ग्रामीणो की माने तो रात करीब साढे आठ व पौने नौ बजे के करीब रेशमा के घर से गांव का एक युवक घर से भीगी हालत में भगाते हुये दिखा।जिसके कुछ देर बाद ही पता चला रेशमा व उसके बेटे की हत्या हो गयी है।पुलिस की कई टीमें घर से भागे युवक की सरगर्मी से तलाश में जुट गयी है।पुलिस टीमें आधा दर्जन के करीब संदिग्धो को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है।पुलिस की टीमें प्रापर्टी समेत अन्य बिंदुओ पर गहनता से जांच पड़ताल में जुटी हुयी है।


**मां-बेटे के शव का मायके में हुआ अन्तिम संस्कार..**

मृतक रेशमा व उसके बेटे शादाब का शव पोस्टमार्टम के बाद मगंलवार की देर शाम बिजनौर के न्यू गढौरा स्थित मायके पहुंचा,जहां परिजनो व रिश्तेदारो ने मां-बेटे के शव को सपुर्दे खाक किया।

# नकली सिगरेट बेचने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के चौक क्षेत्र में नकली सिगरेट बेचने का मामला सामने आया है। आईटीसी कंपनी के नाम पर नकली सिगरेट तैयार कर बाजार में बेचने वाले 2 लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया है। आरोपियों के पास से नकली सिगरेट और इंडिया में बैन सिगरेट भी मिली है। पुलिस आरोपियों के नेटवर्क को खंगाल रही है। मथुरा नौहझील शंकर गली के रहने वाले टीटू शर्मा अनवेश आईपीआर प्रोटेक्शन एनफोर्समेंट कंपनी में मैनेजर हैं। उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ लोग आईटीसी कंपनी के नाम पर नकली सिगरेट बनाकर बाजार में बेच रहे हैं। सूचना के आधार पर उन्होंने ग्राहक बनकर आरोपियों से संपर्क किया। संपर्क करने पर आरोपी मोहम्मद अरशद निवासी वृंदावन कॉलोनी तेलीबाग और हम्जा बशर निवासी हाता भीकम खां अब्दुल अनीज रोड लखनऊ माल देने के लिए तैयार हो गए। दोनों आरोपी चौक स्थित कोनेश्वर चौराहे के पास सिगरेट की डिलीवरी देने पहुंचे। टीटू शर्मा ने जब सिगरेट की जांच की तो उस पर आईटीसी कंपनी का लोगो और विवरण लिखा हुआ था लेकिन असली सिगरेट से मिलान करने पर वह अलग पाई गई। आरोपियों के पास से भारत में प्रतिबंधित इम्पोर्टेड सिगरेट भी मिली है। मामले की सूचना चौक पुलिस को दी गई। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों की मदद से दोनों आरोपियों को नकली सिगरेट के साथ पकड़कर थाना चौक लाया गया। आरोपी ग्राहकों को असली बताकर नकली सिगरेट बेचते थे। जिससे आईटीसी कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा था। मामले में इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।



# मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

## पुलिस ने दी साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन की जानकारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत मंगलवार को अलीगंज थाने की पुलिस टीम ने सुभाष चंद्र डिग्री कॉलेज पुरनिया अलीगंज में छात्राओं और शिक्षिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, पिंक स्कूटी, साइबर अपराध से बचाव और यूपी कॉप एप के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में चल रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत लखनऊ कमिश्नरेट के 54 थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन केंद्रों में निरीक्षक, अतिरिक्त निरीक्षक, उपनिरीक्षक और महिला उपनिरीक्षक की तैनाती की गई है, ताकि थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।कार्यक्रम के दौरान उपनिरीक्षक रविन्द्र नाथ प्रजापति और उपनिरीक्षक प्रगति सिंह ने छात्राओं को 1090, 112 और 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साथ ही यूपी कॉप एप के माध्यम से पुलिस सहायता लेने की प्रक्रिया भी समझाई गई। छात्राओं को गुड टच और बैड टच जैसे संवेदनशील विषयों पर भी जागरूक किया गया तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को बताया कि सोशल मीडिया और इंटरनेट का उपयोग करते समय सावधानी बरतना बेहद आवश्यक है। उन्होंने साइबर बुलिंग, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से जुड़े खतरों के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही डिजिटल फुटप्रिंट और डेटा गोपनीयता के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत चलाए जा रहे ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में जागरूकता बढ़ाना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग करना और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी देना है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से एक सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस दौरान महिला आरक्षी दुर्गेश सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। पुलिस ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत आगे भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि महिलाओं और बच्चियों को सुरक्षित, आत्मविश्वासी और जागरूक नागरिक बनाया जा सके।

# ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों के जेवरात पार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मीरजापुर लालगंज क्षेत्र में मंगलवार को चोरों ने दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर घर से नगदी और लाखों के जेवरात पार कर दिए। घटना के समय परिवार के लोग खेत पर काम करने गए थे। सूचना पर पहुंची लहंगपुर चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पुलिस चोरी की घटना की जांच कर रही है।

घटना लहंगपुर चौकी क्षेत्र के बामी गांव की है। पीड़ित राधेश्याम प्रजापति ने बताया कि वह औराई गए थे। पत्नी बच्चों के साथ घर में ताला बंद करके खेत में मसूर काटने गई थी।साढ़े नौ बजे बड़ी बेटी पानी के लिए घर पहुंची तो देखा की घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला। उसने खेत में काम कर रही मां को बताया।पड़ोस में रह रहे पीड़ित राधेश्याम के भाई राम प्रताप पड़ोसियों के साथ घर में प्रवेश किया। घर में सामान बिखरा पड़ा था।दो बाक्स का ताला टूटे हुए थे। उसमें रखा बेटी की शादी के लिए सोने का हार, कान का झाला, मंगलसूत्र, हांथ मेहंदी, चांदी का छागल,चार सोने की अंगूठी, बाल का क्लीप,नाक का कील, नथूनी, चार मीना, राखी सोने और चांदी के आभूषण गायब थे। उनकी कीमत करीब आठ लाख से अधिक थी। साथ ही 28 हजार नगद चोरी हुआ है। 112 पुलिस को सूचना दी। जानकारी होने पर लहंगपुर पुलिस चौकी प्रभारी सुजीत सेठ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण करके बाद साक्ष्य एकत्र किए। इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर भेजकर जांच करवाई गई है। तहरीर मिलने पर साक्ष्य के आधार पर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# दो गांजा तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के मड़ियांव थाना पुलिस ने अवैध रूप से गांजा बेचने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 3.090 किलोग्राम अवैध गांजा, जिसमें 13 पुड़िया शामिल थीं, और 850 रुपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस टीम क्षेत्र में अपराध की रोकथाम और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान एक मुखबिर से सूचना मिली कि श्याम विहार कॉलोनी के मैदान में दो व्यक्ति चोरी-छिपे गांजा बेच रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में अभियुक्तों की पहचान बलवंत उर्फ झुक्का (25 वर्ष), पुत्र रणविजय सिंह, निवासी श्याम विहार कॉलोनी, फैजुल्लागंज, थाना मड़ियांव, लखनऊ, और पीयूष बाल्मीकि (34 वर्ष), पुत्र परमेश्वर, निवासी श्याम विहार कॉलोनी, फैजुल्लागंज, थाना मड़ियांव, लखनऊ के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 3.090 किलोग्राम अवैध गांजा (13 पुड़िया सहित) और 850 रुपये नकद मिले। अभियुक्तों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट की धारा 8/20 के तहत रात करीब 10:12 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी और बरामदगी के दौरान न्यायालय और मानवाधिकार आयोग के निर्देशों का पालन किया गया।

अभियुक्तों ने बताया कि वे आर्थिक लाभ कमाने और अपने निजी खर्चों व शौक पूरे करने के लिए अवैध रूप से गांजा बेचते थे। बलवंत उर्फ झुक्का जोमैटो डिलीवरी बॉय के रूप में काम करता है, जबकि पीयूष बाल्मीकि रैपिडो चालक है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक अशोक सचान, हेड कांस्टेबल सौरभ कुमार और कांस्टेबल नीरज कुमार सरोज शामिल थे।

# ड्यूटी के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से रेलकर्मी की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** झांसी जिले के बबीना रेलवे स्टेशन में ड्यूटी के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से एक रेलकर्मी की मौत हो गई। मृतक बबीना स्टेशन पर चाबी मैन के पद पर तैनात था घटना की जानकारी मिलते ही साथी रेलकर्मी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे अफसरों के साथ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के पुलावली ओमरी गांव निवासी अतुल बघेल को दो साल पहले चतुर्थ श्रेणी में रेलवे की नौकरी मिली थी। वह झांसी मंडल के बबीना स्टेशन पर चाबी मैन के रूप में कार्यरत थे। शुक्रवार सुबह उन्हें रेलवे ट्रैक पर पॉइंट्स की निगरानी की ड्यूटी दी गई थी। सुबह करीब 8 बजे अतुल ड्यूटी पर पहुंचे और ट्रैक पर काम कर रहे थे। साथी कर्मचारियों के अनुसार, वह झांसी साइड में ट्रैक पर काम कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से उसी ट्रैक पर एक मालगाड़ी आ गई। इससे पहले कि अतुल ट्रैक से पूरी तरह हट पाते, वह ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।जानकारी मिलते ही रेल अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृतक की पत्नी के भाई संतराम सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिलने तक शव मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में पहुंच चुका था। उनका आरोप है कि रेल अधिकारी घटना के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई जाए। परिजनों का कहना है कि जिस जगह अतुल की मौत हुई है, उसी स्थान पर करीब एक महीने पहले उसके एक साथी और दोस्त की भी ड्यूटी के दौरान मौत हो चुकी है।परिजनों ने आरोप लगाया कि रेलवे अधिकारी घटना को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं। उनका कहना है कि जिस जगह हादसा हुआ है, वहां पहले भी एक कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान मौत हो चुकी है। झांसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बबीना स्टेशन के पास एक रेलकर्मी की दुर्घटना में दुखद मृत्यु हुई है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है और घटना के कारणों का पता लगाया जाएगा।

# पिता का हत्यारा बाल अपचारी गिरफ्तार

## 17 वर्षीय बेटे ने लाठी से सिर पर वार कर मौत के घाट उतारा था

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के दौरान बेटे द्वारा पिता की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में 17 वर्षीय बाल अपचारी ने अपने पिता के सिर पर लाठी से वार कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी को पकड़कर पुलिस संरक्षण में ले लिया है और उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र सिंह सेंगर के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। दक्षिणी जोन के पुलिस उपायुक्त निपुण अग्रवाल के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस उपायुक्त रल्लापल्ली वसंत कुमार के मार्गदर्शन और सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज विकास कुमार पांडेय की निगरानी में प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी बाल अपचारी को पकड़ने में सफलता हासिल की।पुलिस को 9 मार्च 2026 को ग्राम खुजेहटा निवासी नौमीलाल पुत्र सुखई ने सूचना दी थी कि उनका पुत्र रामकरन रावत (करीब 45 वर्ष) परिवार के साथ अलग हिस्से में रहता था। उसी दिन लगभग 11 बजे दिन में रामकरन और उसके 17 वर्षीय पुत्र के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान बाल अपचारी ने अपने हाथ में ली हुई लाठी से रामकरन के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बाल अपचारी मौके से फरार हो गया था।घटना की सूचना के आधार पर मोहनलालगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपी की तलाश के लिए चार पुलिस टीमों का गठन किया गया।

## कार्यशाला में पुलिसकर्मियों ने लिया प्रशिक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर व संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) अपर्णा कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार के पर्यवेक्षण में रिजर्व पुलिस लाइन्स के संगोष्ठी सदन में आयोजित कार्यशाला में करीब 70 पुलिस कर्मियों ने विशेष प्रशिक्षण शाखा द्वारा विवेचना में वैज्ञानिक साक्ष्यों की भूमिका और घटनास्थल की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को अपराध स्थल की सुरक्षा और साक्ष्यों के संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। और पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अनिल कुमार यादव के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ की वैज्ञानिक अधिकारी मनीषा और उनकी टीम ने मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस कर्मियों को 'घटनास्थल के प्रकार तथा उसे सुरक्षित रखने की प्रक्रिया' विषय पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस दौरान बंद स्थान और खुले स्थान पर होने वाले अपराधों के घटनास्थलों के प्रबंधन और साक्ष्यों के संरक्षण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया।प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि किसी भी अपराध स्थल पर मौजूद सूक्ष्म साक्ष्य जैसे बाल, रेशे, रक्त और मिट्टी के नमूनों को सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक होता है, क्योंकि यही साक्ष्य अपराधियों तक पहुंचने और न्यायालय में मजबूत प्रमाण प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-हरदोई**

ई-निविदा सूचना 73/विविमंह/2025-26, वि0आ0सं0 452 दिनांक 28.02.2026

निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. विद्युत वितरण खण्ड-सण्डीला, के अन्तर्गत लघु एवं मध्यम क्षमता के क्षतिग्रस्त/स्वस्थ्य परिवर्तकों के लोडिंग कैरेज एवं अनलोडिंग का कार्य,

प्रपत्र शुल्क रु0 1180 | धरोहर धनराशि रु0 6250.00

ई-निविदा की अंमित तिथि : 28.03.2026, 14:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर**

पत्रांक – 190/टी0सी0-04/2025-26 दिनांक- 10.03.2026

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर **विकास निधि, अवस्थापना शुल्क (कार्य पश) (विनियमित क्षेत्र)** के अन्तर्गत परियोजना 01 की ई-निविदा निम्नलिखित तिथियों में http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है :-

| अपलोड करने की तिथि व समय | अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 11.03.2026 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से | दिनांक 17.03.2026 समय अपरान्ह 5:00 बजे तक | दिनांक 18.03.2026 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |

नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ-साथ http://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(वैभव त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1,
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर**

पत्रांक – 191/टी0सी0-04/2025-26 दिनांक- 10.03.2026

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ** के अन्तर्गत परियोजना 01 की ई-निविदा निम्नलिखित तिथियों में http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है :-

| अपलोड करने की तिथि व समय | अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 11.03.2026 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से | दिनांक 17.03.2026 समय अपरान्ह 5:00 बजे तक | दिनांक 18.03.2026 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |

नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ-साथ http://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(वैभव त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1,
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

**कार्यालय नगर पंचायत महोली – सीतापुर**

पत्रांक: 2209/न०पं० महोली/अल्प० ई-निविदा सूचना/2025-26 दिनांक: 10.03.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत महोली में कार्य करने के इच्छुक समस्त अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु ई-निविदायें दिनांक 27.03.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य FDR अथवा नकद के रूप में नगर पंचायत महोली के खाता सं० 0776000100285550, IFSC Code PUNB0077600 मे जमा कर जमा रसीद निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा से सम्बन्धित विवरण एवं नियम/शर्ते http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| क्र0सं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 11/03/2026 (02:00 PM) | ----------- |
| 2 | Tender Download | 11/03/2026 (02:00 PM) | ----------- |
| 3 | Bid Submission | 11/03/2026 (02:00 PM) | 27/03/2026 (02:00 PM) |
| 4 | Bid Opening | 27/03/2026 (04:00 PM) | |
| | Bid Opening Place | Nagar Panchayat Maholi, Distt. Sitapur | |

(राम कृष्ण वर्मा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत महोली, सीतापुर

(केतुका)
अध्यक्ष
नगर पंचायत महोली, सीतापुर

**कार्यालय नगर पंचायत पचपेड़वा, जनपद-बलरामपुर**

पत्रांक: 861/न०पं०पच०/ई-निविदा/2025-26 दिनांक: 09 मार्च, 2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वाँ वित्त आयोग मद में प्राप्त एवं ब्याज व वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क मद में प्राप्त धनराशि तथा शेष रा०वि०आ० मद में प्राप्त होने वाली धनराशियों द्वारा स्वायत्त निकाय‍ पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में A,B,C & D श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।


1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है :-

| क्र. सं. | योजना/मद | कार्य का विवरण | आगणन की लागत (रु0 में) | धरोहर धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वें वित्त आयोग | नगर पंचायत पचपेड़वा के एम.आर.एफ. सेन्टर के परिसर से मुख्य सड़क मिलान तक सी०सी० सड़क का निर्माण कार्य। | 4640000 | 92800 | 464000 | 4600 | 04 माह |
| 2 | | वार्ड न0 11 प्राइमरी पाठशाला में मलकू होटल के पास से दीपक स्वीट्स के आगे तक नाला निर्माण कार्य। | 3470000 | 69400 | 347000 | 3500 | 04 माह |
| 3 | | वार्ड न0 04 में वर्षा जल संचयन हेतु पुरैनिया तालाब के उत्तर तट पर तालाब का पुनरोद्धार का कार्य। | 4235000 | 84700 | 423500 | 4200 | 04 माह |
| 4 | | वार्ड न0 04 में पूरन सोनार मन्दिर के पास वर्षा जल संचयन हेतु तालाब का पुनरोद्वार कार्य। | 2414000 | 48280 | 241400 | 2400 | 04 माह |
| 5 | | वार्ड नं0 04 में उप डाकघर के पास से अम्बे इलेक्ट्रिक दुकान के पास तक सी०सी० सड़क का निर्माण कार्य। | 4682000 | 93640 | 468200 | 4700 | 04 माह |
| 6 | | वार्ड नं0 06 में सोनू सोनी के घर के पास से नगर पंचायत के गेट के पास तक सी०सी० सड़क का निर्माण कार्य। | 4093000 | 81860 | 409300 | 4100 | 04 माह |
| 7 | 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क | वार्ड न0 02 में ओम शांति धाम में बाउण्ड्रीवाल व गेट निर्माण का कार्य। | 2858000 | 57160 | 285800 | 2900 | 04 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि: – 11.03.2026
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय:– 23.03.2026 को पूर्वान्ह 11.30 बजे तक ।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय: – 23.03.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे के बाद।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(अवनीश कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पचपेड़वा,
जनपद-बलरामपुर

(रवि कुमार वर्मा)
अध्यक्ष
नगर पंचायत पचपेड़वा,
जनपद-बलरामपुर






# वर्टिकल व्यवस्था में उपभोक्ता शिकायतों का त्वरित निस्तारण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** वर्टिकल व्यवस्था के तहत बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के लिए 1912 हेल्पडेस्क के माध्यम से शिकायतों का तेजी से निस्तारण किया जा रहा है। अमौसी क्षेत्र में सात हेल्पडेस्क सक्रिय रहे, जहां सप्लाई से जुड़ी 31 और बिल से संबंधित 5 शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं मलिहाबाद में क्षतिग्रस्त मीटर की शिकायत पर नया मीटर भी लगाया गया। जानकीपुरम क्षेत्र में 108 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से बिजली आपूर्ति से जुड़ी तीन शिकायतों का तुरंत समाधान किया गया। वहीं मध्य क्षेत्र में ट्रिपिंग मुक्त आपूर्ति के लिए उपकेंद्रों और लाइनों का रखरखाव किया जा रहा है। विभाग के अनुसार 15 नवंबर 2025 से अब तक बिल संबंधी 14,627 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 14,575 का निस्तारण किया जा चुका है। उपभोक्ताओं ने 1912 पर शिकायत दर्ज कर त्वरित समाधान मिलने पर वर्टिकल व्यवस्था की सराहना की है।

# बिजली चोरी के खिलाफ विजिलेंस की कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक के निर्देश पर विजिलेंस टीम ने अमेठी, बलरामपुर और बरेली में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया।

जांच के दौरान कई स्थानों पर अवैध रूप से बिजली इस्तेमाल करते उपभोक्ताओं को पकड़ा गया। अमेठी में राम सरोज, अमरीष, नितेश और गोविंद प्रसाद सैनी, बलरामपुर में प्रिंस जायसवाल तथा बरेली में जावेद अली बिजली लाइन से सीधे केबल जोड़कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए। टीम ने सभी मामलों में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मंदिर चलो अभियान के क्रम में हुआ कवि सम्मेलन व होली मिलन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** मंदिर चलो अभियान के क्रम में चिनहट रामलीला मैदान में होली मिलन, कवि सम्मेलन व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सम्मेलन में कवि प्रेम शंकर शास्त्री 'बेताब' ने 'मिले जब हम सही मन से.. तो समझिए यार होली है' सुनाकर होली की फुहार छोड़ी। इसके बाद उन्होंने 'नेह चमन से जोड़ दिया भारत के अमर सपूतों ने' सुनाकर माहौल को राष्ट्र प्रेम से सराबोर कर दिया। कवि सम्मेलन का संचालक ओज कवि मुकेशानंद ने किया कविता पाठ देर शाम तक चला जिसमें अनिता अरोड़ा, रोहित सिरफिरा, योगेश चौहान अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाओं के माध्यम से लोगों को प्रभावित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक पार्षद अरुण कुमार राय ने सभी को होली की बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा नेता राजीव मिश्रा, मनीष शुक्ला, कमल पांडेय, पूर्व पार्षद स्नेहलता राय, विधायक योगेश शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार भारत सिंह, भाजपा नेता नीरज सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। पार्षद अरुण कुमार राय लगातार मंदिर चलो अभियान के क्रम में प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन विगत 1 महीने से कर रहे हैं।

# कैंट विधानसभा की मासिक बैठक संपन्न
## संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** कैंट विधानसभा की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कैंट विधानसभा प्रभारी हरिकेश वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महानगर अध्यक्ष सच्चिदानंद पटेल मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता कैंट सभा अध्यक्ष अनिकेत सिंह ने की, जबकि संचालन नगर उपाध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हरिकेश वर्मा ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया और कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वहीं महानगर अध्यक्ष सच्चिदानंद पटेल ने मुख्य प्रकोष्ठ के साथ-साथ सभी फ्रंट के अध्यक्षों और कमेटियों के गठन पर बल दिया, ताकि संगठन को और अधिक सक्रिय बनाया जा सके। सभा का संचालन कर रहे नगर उपाध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यदि संगठन मजबूत होगा तो पार्टी और माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के हाथ मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि माननीय संस्थापक स्वर्गीय सोने लाल पटेल की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बैठक में सक्रिय कार्यकर्ता व पदाधिकारी रमेश शर्मा, पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष रामपाल सिंह गंगवार, सुरेंद्र पांडे समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद, बलरामपुर

पत्रांक : 1831 / न0पा0परि0(बल) / 2025–26 दिनांक– 10.03.2026

## अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना

समस्त ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.02.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत वर्श 2025–26 हेतु Non-Million Plus cities के लिए बुनियादी अनुदान (Untied Grant) एवं निर्दिष्ट अनुदान (Tied Grant) की प्रथम किश्त, द्वितीय किश्त की धनराशि के रूप में प्राप्त अनुदान से नगर पालिका परिषद, बलरामपुर में प्रस्तावित कार्यों को कराये जाने का अनुमोदन प्राप्त हुआ है व नगर पालिका परिषद, बलरामपुर द्वारा कान्हा गौशाला के लिय भूसा चारा आदि की आपूर्ति तथा बोर्ड फण्ड से सेवकरामपुरवा में स्थित कान्हा गौशाला में ईंट बिछाने का कार्य किया जाना है। तत्क्रम में उपरोक्त स्वीकृत कार्यों को कराये जाने हेतु निविदा / कोटेशन आमंत्रित की जाती है। समस्त ठेकेदारों को निविदा हेतु 02 प्रतिशत अग्रिम जमानत धनराशि जमा करना अनिवार्य है।

**निविदा दिनांक–11.03.2026 से दिनांक–20.03.2026 तक समय प्रातः 11:00 बजे तक** कार्यदिवस पर कार्यालय में रखे निविदा बॉक्श में निविदा डाली जा सकती है। उक्त तिथियों में कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलरामपुर में किसी भी कार्यदिवस में निविदा प्रपत्र का शुल्क जमा करके निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा **दिनांक–18.03.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे** अध्यक्ष महोदय के कक्ष मे अध्यक्ष महोदय तथा अधिशासी अधिकारी के समक्ष निविदा खोली जायेगी, निविदा खोलते समय निविदादाता उपस्थित रह सकते है।

**कार्य पूर्ण करने की अवधि–06 माह**

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (जी0एस0 टी0 रहित) | जमानत धनराशि (02 प्रतिशत) | निविदा मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) |
|---|---|---|---|---|
| | बुनियादी अनुदान (Untide Grant) प्रथम एवं द्वितीय किश्त | | | |
| 1 | वार्ड नं0 3 खलवा दक्षिणी अंकित मिश्रा के मकान से मदनमोहन के मकान तक गली में इण्टरलाकिंग नाली व स्लैब का निर्माण कार्य। | 156941.00 | 3139.00 | 190.00 |
| 2 | वार्ड नं0 5 विशुनीपुर रिजर्व में धर्मपुर में जमाल के मकान से विनोद चौहान के मकान होते हुये बिहारी के हाता तक सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 310000.00 | 6200.00 | 370.00 |
| 3 | वार्ड नं0 9 भगवतीगंज उत्तरी में गोण्डा रोड के किनारे श्री भगवान विश्वकर्मा मन्दिर के सामने इण्टरलाकिंग लगाने का कार्य। | 98642.00 | 1973.00 | 120.00 |
| 4 | वार्ड नं0 9 भगवतीगंज उत्तरी में गोण्डा रोड के किनारे वारिस अली के दुकान के सामने इण्टरलाकिंग कार्य। | 102692.00 | 2054.00 | 125.00 |
| 5 | वार्ड नं. 10 टेढ़ी बाजार में विपिन मिश्रा के मकान सें मोनू शुक्ला के मकान तक गली में सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 141247.00 | 2825.00 | 170.00 |
| 6 | वार्ड नं0 12 खलवा उत्तरी में धर्मेन्द्र शुक्ला के मकान के पास शिव जी मन्दिर से राजकुमार के मकान तक गली में सी0सी0 कार्य। | 68646.00 | 1373.00 | 85.00 |
| 7 | वार्ड नं0 12 खलवा उत्तरी में गोरख प्रसाद श्रीवास्तव के मकान से शिव कुमार द्विवेदी के मकान तक गली में सी0सी0 का निर्माण कार्य। | 141000.00 | 2820 | 170.00 |
| 8 | वार्ड नं0 14 बस स्टेशन में पद्म श्री बेकल उत्साही मार्ग लिंक, राजेश सक्सेना के मकान के बगल गली में सी0सी0 कार्य। | 84782.00 | 1696.00 | 105.00 |
| | निर्दिष्ट अनुदान (Tide Grant) प्रथम एवं द्वितीय किश्त | | | |
| 9 | जनपद बलरामपुर मुख्यालय पर अचलापुर वेट–वेस्ट तक लाइन विस्तार का कार्य हेतु। | 739000.00 | 14780.00 | 875.00 |
| 10 | नार्मल पानी टंकी परिसर में कर्मचारी आवास मरम्मत का कार्य। | 70000.00 | 1400.00 | 85.00 |
| 11 | वार्ड नं0 6 पहलवारा में कैलाश कुमार द्विवेदी के मकान से अश्वनी कुमार त्रिपाठी के मकान, रमेश चन्द्र के मकान होते हुए सी0पी0 श्रीवास्तव के मकान तक नाली व स्लैब का निर्माण कार्य। | 232683.00 | 4654.00 | 275.00 |
| 12 | वार्ड नं0 2 तुलसीपार्क में गुप्ता डिजिटल एक्स–रे / मुरादाबादी चिकन बिरयानी सेंटर के सामने नाला पर आर0सी0सी0 स्लैब का निर्माए कार्य। | 55552.00 | 1111.00 | 70.00 |
| 13 | वार्ड नं0 4 नई बस्ती में काली माई थान तिराहा के पास रफीक बैट्री सर्विस शॉप के सामने नाला मरम्मत व स्लैब का निर्माण कार्य। | 53154.00 | 1064.00 | 65.00 |
| 14 | वार्ड नं0 4 नई बस्ती में राजू के मकान के सामने शिव जी मन्दिर के पास सी0सी0 कार्य। | 175851.00 | 3517.00 | 210.00 |
| 15 | छोटे वाहनों का मरम्मत कार्य | 593220.00 | 11864.00 | 705.00 |
| 16 | बडे वाहनों का मरम्मत कार्य | 677966.00 | 13559.00 | 800.00 |
| 17 | कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलरामपुर में अधिशासी अधिकारी कक्ष में बाथरूम का निर्माण, फ्लोर पर टाइल लगाने, वॉल पैनलिंग का कार्य, अध्यक्ष कक्ष में फ्लोर पर टाइल लगाने तथा कार्यालय पेटिंग का कार्य। | 805085.00 | 16102.00 | 955.00 |
| 18 | नगर पालिका परिषद बलरामपुर सीमान्तर्गत् वीर विनय चौराहा के पास महेश मेडिसिन के सामनें सी0सी0, तुलसीपुर रोड के किनारे, नगर पालिका मोड़ पर सी0सी0 तथा नगर पालिका कार्यालय के पास क्रास ड्रेन के आंशिक भाग में सी0सी0 रैम्प का कार्य। | 126804.00 | 2537.00 | 150.00 |
| 19 | राजकीय कालोनी बहादुरापुर के पास अवशेष भाग में गोण्डा रोड के किनारे सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 164406.00 | 3288.00 | 195.00 |
| 20 | नगर पालिका परिषद बलरामपुर सीमान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर बैरियर लगाने का कार्य। | 656841.00 | 13137.00 | 780.00 |
| 21 | आदर्श नगर पालिका सीमान्तर्गत स्थित वॉटर ए0टी0एम0 और वॉटर कूलर के पास सी0सी0 जाली पेंटिग, वेयस्टेड पानी को उचित जगह ले जाने का कार्य। | 483213.00 | 9664.00 | 575.00 |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निधि का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि 02% | निविदा मूल्य जी0एस0 टी0 सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सेवकरामपुरवा में स्थित कान्हा गौशाला में ईंट बिछाने का कार्य। | बोर्ड फण्ड | 820000.00 | 16400.00 | 970.00 |

नगर पालिका परिषद, बलरामपुर द्वारा कान्हा गौशाला हेतु भूसा चारा हेतु कोटेशन आमन्त्रण

| क्र0सं0 | आपूर्ति विवरण | दरें |
|---|---|---|
| 1 | कान्हा गौशाला के निराश्रित गौवंशो हेतु भूसा आपूर्ति का कार्य। | रू0 प्रति किग्रा में। |
| 2 | कान्हा गौशाला के निराश्रित गौवंशो हेतु हरा चारा आपूर्ति का कार्य। (चरी) | रू0 प्रति किग्रा में। |
| 3 | कान्हा गौशाला के निराश्रित गौवंशो हेतु चूना चोकर आपूर्ति का कार्य। (भूसा, भेली, पॉलिश, पशु आहार, खरी, नमक) | रू0 प्रति किग्रा में। |

**नियम एवं शर्तें :–**

1. निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा शुल्क तथा 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि इण्टरनेट बैंकिंग / NEFT/RTGS पालिका के भारतीय स्टेट बैंक शाखा बलरामपुर खाता संख्या– 11068756241 आई0एफ0एस0सी0 कोड – SBIN0000019 में जमा करने व जमा पर्ची निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अथवा 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि का FDR अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिशद, बलरामपुर के पक्ष में बनाकर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जमानत धनराशि की वापसी कार्य संतोशजनक स्थित में बने रहने की स्थिति में अन्तिम भुगतान के 12 माह के पश्चात तकनीकि अधिकारी की आख्या पर वापस की जा सकेगी। उक्त अवधि में किसी भी प्रकार की खराबी आने की दशा में ठेकेदार को अपने व्यय पर ठीक कराना होगा।
3. निविदादाता को अपनी निविदा के साथ टी–4, टी–5 नियमानुसार जमा करना अनिवार्य होगा।
4. सम्बन्धित कार्य के सम्बन्ध में अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
5. निविदा डालते समय 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि के अतिरिक्त कार्यादेश प्राप्त होने के उपरान्त 08 प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा।
6. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा में सम्मिलित कार्यों की अवधि में तर्क संगत आधार होने पर नियमानुसार वृद्धि की जायेगी। अपूर्ण अथवा सही ढंग से न भरी गयी निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।
7. कार्य निर्धारित समय के अन्दर बिना कारण पूर्ण न करने पर नियमानुसार आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा। जिस पर कटौती ठेकेदार के बिल में अथवा जमा धनराशि से की जायेगी। यह दण्ड दो सप्ताह तक अधिकतम रू0 500 / – प्रतिदिन तक हो सकता है। दो सप्ताह पश्चात कार्य की निविदा निरस्त करने की कार्यवाही की जा सकती है।
8. सक्षम अधिकारी / अधिशासी अधिकारी को विशेश परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय वृद्धि करने का अधिकार होगा।
9. किसी विवाद की दशा में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिशद बलरामपुर का अन्तिम निर्णय होगा, जो उस पक्ष को मान्य होगा तथा कार्यादेश जारी करने के पश्चात कार्य न करने पर जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10. ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करों की नियमानुसार कटौती की जायेगी जो ठेकेदार को मान्य होगा। नियमानुसार स्टाम्प पर भुगतान से पूर्ण अनुबन्ध सम्पन्न कराया जाना अनिवार्य होगा।
11. निविदा क्रय की रसीद, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र व समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां आदि वांछित अभिलेख बंद लिफाफे में निर्धारित तिथि तक कार्यालय नगर पालिका परिषद बलरामपुर में प्रस्तुत करना है।
12. निविदादाता द्वारा विभागीय लागत से कम लागत की निविदा डालने की दशा में शासनादेश संख्या–14 / 2024 / 692 / 30.07.2024 लो0नि0वि0, अनुभाग–7 लखनऊ दिनांक–09 अगस्त 2024 के कॉलम 2 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाताओं की निर्विदत लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 01 प्रतिशत प्रति प्रतिशत की कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेंश सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्धन गठन के समय जमा कराया जायेगा।
13. ठेकेदार को निर्धारित समय में आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप कार्य पूर्ण करना होगा। पूर्ण कार्य होने पर पालिका में धन उपलब्ध होने की दशा में नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। पालिका में धन न होने पर ठेकेदार भुगतान हेतु धन की मांग / मा0 न्यायालय की शरण में नहीं जायेगा।
14. उ0प्र0 सरकार द्वारा लागू जी0एस0टी0 एवं अन्य कर नियमानुसार देय होगा।
15. किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर निविदा पर विचार करना सम्भव नहीं होगा।
16. निविदा स्वीकृत उपरान्त 07 दिन के अन्दर स्वयं के खर्चे पर स्टाम्प पर अनुबन्ध करना होगा, यदि कार्य का अनुबन्ध नहीं कराया जाता है तो धनराशि जब्त कर कार्य निरस्त कर दिया जायेगा, जिस पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।
17. राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियम डिसप्ले बोर्ड पर योजना का पूर्ण विवरण कार्यदायी संस्था का नाम एवं कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि व कार्य प्रारम्भ तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।
18. किसी भी दशा में निविदा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।
19. अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा को अस्वीकृत करने तथा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
20. प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग टेण्डर की धनराशि बैंक में जमा की जायेगी।

**(लाल चन्द मौर्य)**
**अधिशासी अधिकारी**
**आदर्श नगर पालिका परिषद**
**बलरामपुर**

**(डॉ0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह ''धीरू'')**
**अध्यक्ष**
**आदर्श नगर पालिका परिषद**
**बलरामपुर**

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## तबाही की ओर

दुनिया भर का इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है कि युद्ध केवल अनर्थकारी ओर नकारात्मक परिणाम लाते हैं। जिस समाधान की जरूरत बताई कर इन्हें शुरू किया जाता है, वह भी आखिरकार कहीं नजर नहीं आता। पूरे खूनखराबे के दौरान केवल विध्वंस और मौतों का बोलबाला रहता है। पिछले करीब बारह दिनों से जारी ईरान-अमेरिका युद्ध में कीमतें ही वसूल रहा है। दोनों और से कई बड़े हमले में ताकतवर बमों, बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन का बरसात हो रही है। साथ ही साइबर हमले में डिजिटल कोहरे से ईरान की घेराबंदी कर दी गई है। अमेरिका और इजरायल जहां ईरान को निशाना बना रहे हैं वहीं यह शिया बहुल देश इनके समर्थक देशों के साथ तेल अवीव पर जबरदस्त हमले कर रहा है जिससे पश्चिम एशिया के बड़े क्षेत्र का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। इसके बावजूद ईरान किसी समझौते की संभावना को सिरे से नकार रहा है, वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और इजरायल पीएम नेतन्याहू लंबे समय तक हमले चलने की बात कह चुके हैं। ट्रंप ने तो उसके लिए कम से कम महीने भर के समय का इशारा भी दे दिया है। लेकिन सबसे चिंता की बात ईरान के परमाणु ठिकानों के पास भी हमले होना है। अगर इन ठिकानों पर ही हमला बोला गया तो आगे चलकर हिरोशिमा-नागासाकी जैसी विभीषिका झेलने के लिए दुनिया एक बार फिर मजबूर होगी। यह स्थिति कोई भी समझदार व्यक्ति या देश नहीं आने देना चाहेगा। ऐसी ही गंभीर चिंता का एक और विषय ईरान के समर्थन में हिजबुल्लाह का भी मैदान में उतरना है। उसकी सक्रियता बढ़ने पर इसी ढंग के और भी संगठन अपनी अहमियत साबित करने को मैदान में उतर सकते हैं। ऐसे संगठनों का तरीका साइलेंट अटैक का होता है। यानी ऐसी जगह हमले करो जिसकी कल्पना भी किसी को न हो। वैसे भी युद्ध की एकमात्र मानसिकता किसी भी ढंग से जीत हासिल करने की होती है। तब मध्य पूर्व-पश्चिम एशिया के क्षेत्र ही नहीं, बाकी दुनिया का कोई हिस्सा भी इसकी मारक सीमा के अंदर आ सकता है। यह दोनों रास्ते एक सीमा के बाद किसी के नियंत्रण में नहीं रह जाते। तब चारों तरफ विनाश का ही साम्राज्य होता है। ऐसी भयावह स्थिति लाने का कोई उचित कारण भी नहीं है। युद्ध पर नजदीक से नजर रखने वाले प्रेक्षकों का मानना है कि राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम नेतन्याहू ने अपने-अपने देश में अपनी लोकप्रियता-स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए ईरान के यूरेनियम संवर्धन को मुद्दा बनाया है। अगर इसे सही माने तो ध्यान रखना चाहिए कि राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए तबाही की नौबत ला देने का किसी भी तर्क पर औचित्य नहीं सिद्ध हो सकता। बेहतर होगा कि किसी भी कीमत पर ऐसी स्थिति न आने दी जाए। मौजूदा हालात में मध्यस्थता की कोई गुंजाइश भी नहीं है। इसलिए समाधान अमेरिका, इजरायल और ईरान को ही निकलना होगा।

## चुनौती बनता शौक

कहां जाता है कि शौक सिर चढ़कर बोलता है। बोले भी क्यों न? बेहतरीन ढंग से रहने की चाहत हर इंसान की होती है। इसके लिए वह अच्छी से अच्छी, महंगी से महंगी चीजें खरीदता है। तब खुद को तो आराम मिलता ही है, साथ के लोग तारीफ भी करते हैं कि भाई, क्या नायाब सामान है आपके पास। ऐसा ही एक शौक कीमती कारें रखने का है। एक रिपोर्ट बताती है कि पिछले साल से लेकर अभी तक लखनऊ शहर में बीस लाख रुपए से अधिक कीमत वाली करीब बयालीस सौ लग्जरी कारें खरीदी गई हैं। कार खरीद का यह सिलसिला कोरोना काल के बाद से बढ़ते हुए इस आंकड़े पर आया है। इससे पता चलता है कि इन शौकीनों की संख्या तीन गुना बड़ी है। इसी अवधि में पचास फ़ीसदी की बढ़ोतरी के साथ दोपहिया वाहन भी खरीदे गए। उनकी संख्या भी एक लाख से कुछ ज्यादा ही है। जाहिर है कि लोगों की हैसियत में इजाफा हो रहा है और वे कम-ज्यादा महंगे शौक पूरे करने में किसी किस्म की कोताही नहीं बरत रहे हैं। यानी माहौल बेहतर है। यह बेहतरी और बढ़ेगी। शौकीन लोग एक से एक गाड़ियां खरीदेंगे और उनमें बैठकर शहर में निकलेंगे। इसके अलावा शहर तेजी के साथ बढ़ रहा है। बाहर से लोग यहां आकर बस रहे हैं। उनके पास भी गाड़ियां हैं। आसपास के जिलों से रोज हजारों लोग किसी ने किसी काम से राजधानी में आते हैं। उनके वाहन भी इन्हीं सड़कों पर दौड़ते हैं। आप शहर के भीतर सड़कें तो जितनी थी उतनी ही हैं। उनमें कोई खास बढ़ोतरी हुई नहीं। मतलब यह कि आए दिन के जाम से राहत नहीं मिलने वाली। ट्रैफिक महकमे का यही सिरदर्द है। इसके लिए कई कदम उठाने होंगे। इनमें दो सबसे अहम हैं। पहला यह कि ज्यादातर सड़कों पर कब्जा जमाए अतिक्रमण को तेजी के साथ हटाया जाए और दूसरा यह कि गाड़ियां पार्किंग में खड़ी कराने के लिए और कड़ाई हो। दोनों ही मामलों में ज्यादातर लोग जिस तरह अड़ जाते हैं, उसे देखते हुए यह आसान भी नहीं साबित होने वाला। लेकिन अगर इंतजाम सही रखना है तो सख्ती बरतनी ही होगी। बस विभाग में भी 'विल पावर' होनी चाहिए।



## काँव-काँव



♦♦♦

**एआई बेस्ड इकानामी की तरफ बढ़ा भारत-मोदी**
बेरोजगारों के लिये दारू के ठेके बढ़वा दिये हैं!
**विमान के शौचालय में बीड़ी पीने लगा एक यात्री**
सिगार पी रहा होता तो भी स्टैंडर्ड बना रहता!
**बढ़ती उम्र में मानसिक गिरावट होना जरूरी नहीं**
पचासी साल के ट्रंप की हरकतें ही देख लो!
**ईरान जंग पर विपक्ष का दोनों सदनों में हंगामा**
उधर युद्ध रुक सकता है,इधर संभावना नहीं!
**गर्मी के तेवर हुए अब तीखे,पहाड़ों पर छाई धूप**
टीवी चैनलों के सिर पर युद्ध की गर्मी चढ़ी है!
**आधी रात में याचिका लिखी थी क्या-सीजेआई**
शैतान आधी रात को ही जाग जाता है हुजूर!

♦♦♦

# एआई क्रांति की फसल काटने का बंदोबस्त

**- अजीत द्विवेदी**

दिल्ली में हुआ इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 भारत में एआई क्रांति की मजबूत आधारशिला रखने वाले कार्यक्रम साबित होगा या वक्ती मीडिया हाइप के बाद इसका भी मामला नेपथ्य में चला जाएगा और सब कुछ वैसे ही चलता रहेगा, जैसा पहले चलता रहा है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि ऐतिहासिक रूप से अब तक हुई तमाम औद्योगिक और संचार क्रांतियों में भारत की भूमिका नगण्य रही है। पहली औद्योगिक क्रांति में भी भारत ने न कुछ आविष्कार किया और न कोई निर्माण किया।


उसी तरह संचार क्रांति में भी भारत का योगदान एक यूजर देश के रूप में ही रहा। भारत ने हर क्रांति में बने उत्पादों का इस्तेमाल किया। अगर सोशल मीडिया क्रांति में भारत की उपलब्धि यह है कि भारत में सबसे ज्यादा 45 करोड़ फेसबुक यूजर हैं तो एआई क्रांति में अभी तक भारत की उपलब्धि का आंकड़ा यह है कि भारत में चैटजीपीटी के अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा यूजर हैं। भारत में इनका इस्तेमाल करने वालों की संख्या साढ़े 14 करोड़ है।

अब दुनिया भर की एआई कंपनियों में होड़ मची है कि किसके यूजर सबसे ज्यादा होंगे। गूगल को अपने जेमिनी के यूजर बढ़ाने हैं तो सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ मीटिंग के बाद मीडिया के सामने कहा कि उनकी कंपनी भारत के दो करोड़ कर्मचारियों को एआई के इस्तेमाल की ट्रेनिंग देगा। इसी तरह सैम ऑल्टमैन की कंपनी ओपनएआई भी चैटजीपीटी के इस्तेमाल के लिए प्रशिक्षण देगी। माइक्रोसॉफ्ट ने भी 30 लाख लोगों को प्रशिक्षण देने की घोषणा की है। 30 साल पहले इसी तरह माइक्रोसॉफ्ट के ट्रेनिंग कैंप लगते थे। उनके पेशेवर भारत के लोगों को माइक्रोसॉफ्ट के ऑपरेटिंग सिस्टम के इस्तेमाल की जानकारी देते थे। लोगों को ईमेल और सर्च इंजन के इस्तेमाल में प्रशिक्षित किया जाता था। आज भी वही इतिहास दोहरा रहा है। आप कोई भी यूट्यूब प्लेटफॉर्म खोलिए वहां सबसे ज्यादा विज्ञापन इस बात का आ रहा है कि एआई का इस्तेमाल करना सीखें और कमाई बढ़ाए। याद करें कैसे पहली संचार क्रांति के समय गली गली में कंप्यूटर और लैपटॉप रिपेयर की दुकानें खुलीं, उसके बाद मोबाइल हैंडसेट के रिपेयर और सिम बेचने की दुकानें खुलीं और अब हर जगह एआई सिखाने की दुकानें खुल रही हैं। सवाल है कि इसमें भारत का अपना क्या है? इसी एआई इम्पैक्ट समिट में भारत की कंपनी सर्वम ने अपना प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। बेंगलुरू स्थित कंपनी ने पहला मल्टी बिलियन पैरामीटर का एलएलएम यानी लार्ज लैंग्वेज मॉडल पेश किया। लेकिन अभी इसका इस्तेमाल शुरू नहीं हुआ है। आम लोगों के बीच यह नहीं पहुंचा है और न इसके पेशेवरों द्वारा लोगों को सर्वम के इस्तेमाल की ट्रेनिंग दी जा रही है। दूसरी ओर अमेरिका की कंपनियों के प्लेटफॉर्म करोड़ों की संख्या में लोगों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे हैं। चैटजीपीटी के कई वर्जन आ गए। उसे लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। इसी तरह जेमिनी, ग्रॉक, परप्लेक्सिटी जैसे प्लेटफॉर्म का करोडों लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। चीन के डीपसीक की बात छोड़ दें तो अमेरिकी कंपनियां पूरी दुनिया पर छा गई हैं। उनके यहां इस पर इतना रुपया खर्च किया जा रहा है, जिसकी भारत में कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अमेरिका अगले साल एआई पर साढ़े छह सौ बिलियन डॉलर यानी करीब छह लाख करोड़ रुपए का है। चीन अगले साल सौ बिलियन डॉलर यानी एक लाख करोड़ रुपए का है। इसके मुकाबले भारत सरकार ने इस साल बजट में एआई के लिए एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। सोचें, कहां छह लाख और एक लाख करोड़ और कहां एक हजार करोड़! दुनिया के एआई पेटेंट में भारत का हिस्सा सिर्फ 0.39 फीसदी है तो चीन का हिस्सा 70 फीसदी है। भारत सरकार एक हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है लेकिन देश के अरबपतियों ने लाखों करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान किया। इतना बड़ा ऐलान है कि अमेरिका और चीन भी चित हो जाएं। अडानी समूह ने अगले 10 साल में 18 लाख करोड़ तो अंबानी समूह ने सात साल में 10 लाख करोड़ रुपए निवेश का ऐलान किया है। सोचें, यह रकम पढ़ कर लगेगा कि अब भारत एआई क्रांति का विश्वगुरू बनने वाला है। भारत को कोई नहीं रोक सकता है। यह भी भाव मन में पैदा होगा कि अमेरिका और चीन भारत के इन दो कारोबारियों के सामने क्या हैं। अब सवाल है कि क्या ये दोनों कारोबारी किसी एआई प्लेटफॉर्म का निर्माण करेंगे, क्या ये कोई चैटजीपीटी जैसा बना देंगे और भारत के लोग उसका इस्तेमाल करने लगेंगे? हम ज्यादा उम्मीद नहीं करते हैं। यह नहीं सोचते हैं कि भारत के अंबानी और अडानी कुछ ऐसा बना देंगे, जिसका इस्तेमाल अमेरिका या यूरोप के लोग करने लगेंगे लेकिन क्या भारत के लोगों के लिए भी ये कंपनियां कुछ बना पाएंगी? इनका इतिहास देखते हुए लग नहीं रहा है कि ये कुछ बनाएंगी। इन्होंने एआई क्रांति की फसल काटने का बंदोबस्त किया है। टाटा से लेकर अंबानी, अडानी तब सबने किसी न किसी अमेरिकी कंपनी के साथ



तालमेल कर लिया है। ये लोग उनके वेंडर की तरह काम करेंगे। भारत में सेक्टर स्पेशिफिक एप्लीकेशन बनाएंगे और उसके इस्तेमाल की फीस वसूल कर कमाई करेंगे। उस कमाई का भी बड़ा हिस्सा अमेरिका जाएगा। अब सवाल है कि भारत की कंपनियां इतना रुपया किस चीज में निवेश करेंगी? भारत की कंपनियों का निवेश जमीन अधिग्रहण करने, उस पर बड़ी इमारतें बनवाने और वहां एआई के डेटा सेंटर स्थापित करके उन्हें चलाने में खर्च होगा। वे बुनियादी ढांचा तैयार करके अमेरिकी कंपनियों को देंगी ताकि वे अपना डेटा सेंटर स्थापित करें। यह बहुत दिलचस्प संयोग है कि भारत सरकार ने इस साल बजट में डेटा सेंटर को 21 साल तक के लिए टैक्स छूट देने की घोषणा की है। यानी विशाल डेटा सेंटर बनेंगे और सरकार को कोई टैक्स नहीं दिया जाएगा। इतना ही नहीं डेटा सेंटर में इस्तेमाल होने वाली बिजली आम इस्तेमाल से 40 फीसदी सस्ती होगी। कंपनियां बजट में मिली इस छूट का लाभ उठाएंगी। ध्यान रहे भारत में डेटा कैपिसिटी अभी 1.2 गीगावॉट की है जो अगले चार साल में बढ़ कर पांच गीगावॉट होने वाली है। इसके लिए 20 से 30 गीगावॉट बिजली की जरुरत होगी और इसी अनुपात में डेटा सेंटर्स की कूलिंग के लिए अरबों लीटर पानी की जरुरत होगी। इस तरह भारत अपनी जमीन देगा, टैक्स छूट देगा, सस्ती बिजली देगा, पानी देगा और सस्ता मानव संसाधन देगा, जिस पर प्राइमरी कमाई अमेरिकी कंपनियों की होगी और उसके बाद उनकी पिछलग्गू भारतीय कंपनियों की कमाई होगी। एक आर्थिक जानकार ने बहुत अच्छा समझाया कि अमेरिका ने कोका कोला और पेप्सी बनाई तो जापान और दक्षिण कोरिया ने रेफ्रिजेरेटर बनाए फिर दोनों ने मिल कर दुनिया भर के देशों से खरबों डॉलर की कमाई की। एआई क्रांति में भी यही होता दिख रहा है। अमेरिकी कंपनियों ने एआई प्लेटफॉर्म बनाए और भारत के अरबपति उनके वेंडर बन कर उनके लिए डेटा सेंटर बना रहे हैं और दोनों मिल कर कमाई करेंगे। इसमें भारत का अपना कुछ नहीं होगा। भारत ने जब किसी क्रांति में कोई हार्डवेयर नहीं बनाया तो सॉफ्टवेयर क्या बनाएगा? भारत एक बढ़िया कंप्यूटर और लैपटॉप नहीं बनाता है। भारत एक बढ़िया स्मार्ट फोन नहीं बनाता है। भारत अपना टेलीवेजिन सेट या रेफ्रेजेरेटर, एसी और वॉशिंग मशीन नहीं बनाता है। भारत के पास अपना ऑपरेटिंग सिस्टम नहीं है। वर्ड से लेकर लाइनक्स और आयोस से लेकर एंड्रॉयड तक सब विदेशी है। फिर हम कैसे यह कल्पना कर रहे हैं कि भारत कोई एआई का लोकप्रिय प्लेटफॉर्म बना लेगा? भारत जैसे पहले कुछ नहीं कर सका और यूजर या इंटरमीडियरी बना रहा वैसे ही आगे भी बना रहेगा। वैसे भी किसी होड़ में क्यों पड़ना है। जैसे बाकी चीजें खरीद कर भारत इस्तेमाल करता है वैसे ही एआई का भी करेगा।

## ।। यथार्थ गीता ।।



**स्वामी अड़गड़ानंद**

### सप्तम् अध्याय

(गतांक से आगे)

जो उससे अविरोध रखनेवाली कामना है, मैं हूँ। आगे भी श्रीकृष्ण ने कहा- अर्जुन ! मेरी प्राप्ति के लिये इच्छा कर। सब कामनाएँ तो वर्जित हैं; किन्तु उस परमात्मा को पाने की कामना आवश्यक है अन्यथा आप साधन कर्म में प्रवृत्त नहीं होंगे। ऐसी कामना भी मेरी ही देन है।

ये चैव सात्त्विका भावा राजसास्तामसाश्च ये। का?, मत्त एवेति तान्विद्धि न त्वहं तेषु ते मयि ।।12।।

और भी जो सत्त्वगुण से उत्पन्न होनेवाले भाव हैं, जो रजोगुण और तमोगुण से उत्पन्न होनेवाले भाव हैं, उन सबको तू मुझसे ही उत्पन्न होनेवाले हैं, ऐसा जान। परन्तु वास्तव में उनमें मैं और वे मेरे में नहीं हैं। क्योंकि न मैं उनमें खोया हुआ हूँ और न वे ही मुझमें प्रवेश कर पाते हैं; क्योंकि मुझे कर्म से स्पृहा नहीं है। मैं निर्लेप हूँ, मुझे इनमें कुछ पाना नहीं है। इसलिये मुझमें प्रवेश नहीं कर पाते। ऐसा होने पर भी- जिस प्रकार आत्मा की उपस्थिति से ही शरीर को भूख-प्यास लगती है, आत्मा को अन्न अथवा जल से कोई प्रयोजन नहीं है, उसी प्रकार प्रकृति परमात्मा की उपस्थिति में ही अपना कार्य कर पाती है। परमात्मा उसके गुण और कार्यों से निर्लेप रहता है।

त्रिभिर्गुणमयैर्भावैरेभिः सर्वमिदं जगत्। मोहितं नाभिजानाति मामेभ्यः परमव्ययम् ।।13।।

सात्त्विक, राजस और तामस इन तीन गुणों के कार्यरूप भावों से यह सारा जगत् मोहित हो रहा है इसलिये लोग इन तीनों गुणों से परे मुझ अविनाशी को तत्त्व से भली प्रकार नहीं जानते। मैं इन तीनों गुणों से परे हूँ अर्थात् जब तक अंशमात्र भी गुणों का आवरण विद्यमान है, तब तक कोई मुझे नहीं जानता। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागराः ।**
**सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधवः ॥**

जिस सागर को हम इतना गम्भीर समझते हैं, प्रलय आने पर वह भी अपनी मर्यादा भूल जाता है और किनारों को तोड़कर जल-थल एक कर देता है, परन्तु साधु अथवा श्रेठ व्यक्ति संकटों का पहाड़ टूटने पर भी श्रेठ मर्यादाओं का उल्लंघन नहीं करता।

♦♦♦

# हज़रत अली ने राष्ट्र प्रेम को सर्वोपरि बताया



**- शाहिद नकवी**

मुसलमानों के चौथे ख़लीफा, शियों के पहले इमाम और पैग़म्बरे इस्लाम के दामाद हज़रत अली एक ऐसे आदर्श महापुरुष थे जिनका पूरा जीवन ईश्वरी उपदेश के सांचे मे ढ़ला हुआ था। उन्हें अमीरुल मोमिनीन, हैदरे कर्रार, इमामुल मुत्तकीन असदुल्लाह, अबूतराब ,वसी ए रसूल और ना जाने कितने लकब दिये गये। इतने सारे नामों से उन्हें यूँ ही नही पुकारा जाता था ,वरन हर नाम की सिफत को उन्होने ने अपने चरित्र मे उकेर लिया था ।अल्लाह के जो उपदेश वह लोगोँ को देते थे खुद पर अमल कर के दिखाते थे । इमाम और खलीफा होने के बाद भी उनके जीवन का बड़ा हिस्सा इबादत मे बीता था । कहा जाता है कि इंसानी कलम में इतनी ताक़त नही कि इमाम अली की तारीफ कर सके। बुलंद फिक्र वा खयालात .मखलूस अंदाज़ मे एक खास मेयार पर ज़िँदगी बसर की वह निराले अंदाज़ मे रहे और खास अंदाज़ मे इस दुनियाँ से गये। आपकी विलादत(जन्म) अल्लाह के घर पवित्र काबे शरीफ मे हुआ थी। कहा जाता है कि आपकी वालदा आपकी विलादत के पहले जब काबे शरीफ के पास गयीं तो अल्लाह के हुक्म से काबे की दीवार ने आपकी मां को रास्ता दे दिया था।उनके काबे मे तशरीफ लाने के चार दिन बाद 13 रजब को इमाम अली पैदा हुए।मोहम्मद मुस्तफा स. स. का आपकी ज़िंदगी पर गहरा असर पड़ा था । चाहे वह मस्जिद हो,जंग का मैदान हो या फिर आम जगह इमाम अली हर वक्त पैग़म्बरे इस्लाम के साथ रहते थे ।यहाँ तक कि जब रसूले अकरम शबे मेराज पर गये तो अपने बिस्तर पर अली को सुला कर गये थे । एक गिरोह पैगम्बरे इस्लाम को कत्ल करना चाहता था ,तो अल्लाह ने उन्हें शबे मेराज पर एक रात के लिए बुला लिया ।हमलावर गिरोह पहचान ना सके इस लिए अली रसूल के बिस्तर पर ऐसे सोये कि वह लोग पहचान नही सके ।खुदा कि सिफात के आईनेदार ,तमाम सिफात के मरकज़ यही अली आज से करीब 1352 साल पहले 661 ई. में माहे रमज़ान मुबारक की 21 वीं तारिख को कूफे की मस्जिद मे सुबह की नमाज़ के वक्त शहीद कर दिये गये । 19 रमज़ान को सहरी के बाद जब सुबह की नमाज़ अदा की जा रही थी तो नमाज़ियों के बीच खड़े कातिल रहमान इब्ने मुलज़िम ने ज़हर से बुझी तलवार से मौला अली पर वार कर दिया। आप इसके बाद दो दिन तक बिस्तर रहे। रवायत है कि मोहम्मद मुस्तफा स.स. ने मौला अली को कातिल की पहचान और उसके बारे मे बता दिया था ।19 रमज़ान को नमाज़ के वक्त मौला अली ने ये जानते हुये कि यही कातिल है ,उसे नमाज़ के लिए उठाया था ।अब देखिये अली का इंसाफ ,हमले के बाद नमाज़ियोँ ने इब्ने मुलज़िम को पकड़ लिया था । मॉला अली ने निर्देश दिया कि इसके खाने पीने का पूरा ख्याल रखा जाये और चूंकि इसने तलवार से एक वार किया है इस लिए इस पर भी एक ही वार किया जाये ।हज़रत अली अलैहिस्सलाम की शहादत केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि न्याय, ईमानदारी और अल्लाह की राह में बलिदान का प्रतीक है। उनकी विरासत आज भी मुसलमानों को इंसाफ़, ज्ञान और साहस की राह पर चलने की प्रेरणा देती है। रसूले खुदा के बाद हज़रत उमर र.अ. को पहला खलीफा बनाया गया। दूसरे खलीफा जनाब उमर रज़ीअल्लाह ताला और तीसरे खलीफा हज़रत उस्मान र.अ. बनाये गये। इन करीब 25 सालों के बाद अली चौथे खलीफा बने । वह अपनी ज़िंदगी यहूदी के बाग़ मे नैकरी करके बसर करते थे । खाने मे हमेशा जौ की रोटी और नमक या फिर दूध लेते थे । खलीफा बनने के बाद भी सरकारी खज़ाने से अपने लिए और ना ही रिश्तेदारों के लिए कुछ लेते थे । उनकी सादगी पसन्द ज़िंदगी का ज़िर्क तमाम यूरोपी और अंग्रेज़ लेखकोँ ने किया है ।कहा जाता है कि एक बार मिस्र का राजदूत इमाम अली से मिलने कूफा (इराक का शहर)आया तो लोगों से कहा कि मुझे इस्लाम के खलीफा के पास ले चलो।एक आदमी ने उसे उनके घर तक पहुँचा दिया।राजदूत ने देखा कि एक छोटे से कमरे मे मौला अली बैठे हैं और पूरे घर मे एक चिराग टिमटिमा रहा था ।साथ आने वाले ने उसे बताया कि यही मुसलमानोँ के खलीफा हैं तो वह दगं रह गया ।कहाँ वह ये कल्पना करके आया था कि खलीफा का महल होगा ।लेकिन देखता है कि इमाम अली सूखी रोटी खा रहें वह भी इतनी सूखी कि उसे तोड़ने के लिए इमाम अली को घुटनोँ की मदध लेनी पड़ रही थी ।इस पर हैदरे कर्रार से पूछां गया कि ऐ अल्लाह के हबीब के पहरेदार जिसने खैबर की जंग के वक्त खैबर के किले का 880 पौण्ड वज़नी दरवाज़ा हाथों हे उखाड़ फैँका था उसी अली को रोटी तोड़ने इतनी मुश्किल तो अली का जवाब था कि वह जंग अल्लाह के लिए लड़ी थी इस लिए उसने ताकत दे दी थी और रोटी तोड़ना निजी मामला है ।अली इंसाफ पसंद थे और निजी कामों के लिए सरकारी खज़ाने से जलने वाला चिराग भी बुझा देते थे । इसी ईमानदारी और ईश्वर के उपदेशों की पैरोकारी की वजह से तमाम सरदार उनके मुखालिफ हो गये थे । आज के दौर मे हज़रत अली की जीवन दर्शन प्रसांगिक है ।उनहोने अमन और शान्ति का पैगाम दिया और बता दिया कि इस्लाम कत्ल और गारतगिरी का हामी नही है। जानबूझ कर किसी का कत्ल करने पर इस्लाम मे अदबी आज़ाब मुर्कर है । उन्होंने कहा कि इस्लाम तमाम मुसलमानों का मज़हब है । अल्फाज़ और नारों से हट कर अदल और इंसाफ की हकीकी तस्वीर पेश की। उन्होंने राष्ट्रप्रेम और समाज मे बराबरी की पैरोकारी की ।वह कहा करते थे कि अपने शत्रु से भी प्रेम किया करो तो वह एक दिन तुम्हारा मित्र बन जायेगा। उनका कहना है कि अत्याचार करने वाला ,उसमे सहायता करने वाला और अत्याचार से खुश होने वाला भी अत्याचारी ही है। हज़रत अली ने अपनी पुस्तक नैजुल बलागाह मे जीवन का कोई पहलू छोड़ा नही है ।इसी पर पैग़म्बरे इस्लाम मोहम्मद मुस्तफा स. ने कहा है कि मै इल्म का शहर तो अली उसके दरवाज़े हैं।अली वह ज़ात हैं जिसकी विलादत भी मोजिज़ा और जिसकी शहादत भी मोजिज़ा है ।वह सिफात के मरकज़ थे तभी तो पैदा भी अल्लाह के घर मे हुये और शहीद भी अल्लाह के घर मे हुए ।अगर आज अली के बताये रास्ते पर कुछ दूरी तक भी चला जाये तो दुनियां और समाज मे फैली आशान्ति समाप्त हो सकती है। इंसानों के बीच गैरबराबरी और नफरत मिट सकती है। लेकिन पिछली 13 शताब्दियों से पैग़म्बरे इस्लाम और अली को याद किया जाता है लेकिन हम इन तारीखों के बीत जाने के बाद फिर अपने अंदाज़ मे जीने लगते है। यह विडंबना ही है कि मौजूदा दौर में भी मुसलमान हज़रत अली की नसीहतों से दूर हो गया जिससे बुराइयां उसमें पनपने लगीं हैं।लेकिन अगर वह आज भी ज्ञान प्राप्ति की राह पर लग जाए और पेगम्बंर के बताये रास्ते पर चले तो उसकी हालत में सुधार हो सकता है। पैग़म्बरे इस्लाम और हज़रत अली दोनों ने राष्ट्र प्रेम को सर्वोपरि बताया है। राष्ट्र के लिए समर्पण जरूरी है।

**प्रेरक प्रसंग**

## जो मिला है उसकी महत्ता को समझें

एक अंधा व्यक्ति रोज शाम को सड़क के किनारे खड़े होकर भीख मांगा करता था। जो थोड़े-बहुत पैसे मिल जाते उन्हीं से अपना गुजर-बसर किया करता था। एक शाम वहां से एक बहुत बड़े रईस गुजर रहे थे। उन्होंने उस अंधे को देखा और उन्हें अंधे की फटेहाल होने पर बहुत दया आई और उन्होंने सौ रूपये का नोट उसके हाथ में रखते हुए आगे की राह ली। उस अंधे आदमी ने नोट को टटोलकर देखा और समझा कि किसी आदमी ने उसके साथ ठिठोली भरा मजाक किया है क्योंकि उसने सोचा कि अब तक उसे सिर्फ 5 रूपये तक के ही नोट मिला करते थे जो कि हाथ में पकड़ने पर सौ की नोट की अपेक्षा वह बहुत छोटा लगता था और उसे लगा कि किसी ने सिर्फ कागज़ का टुकड़ा उसके हाथ में थमा दिया है और उसने नोट को खिन्न मन से कागज़ समझकर जमीन पर फेंक दिया। एक सज्जन पुरुष जो वही खड़े ये दृश्य देख रहे थे, उन्होंने नोट को उठाया और अंधे व्यक्ति को देते हुए कहा- यह सौ रूपये का नोट है! तब वह बहुत ही प्रसन्न हुआ और उसने अपनी आवश्यकताएं पूरी कीं।

ज्ञानचक्षुओं के अभाव में हम सब भी भगवान के अपार दान को देखकर यह समझ नहीं पाते और हमेशा यही कहते रहते हैं कि हमारे पास कुछ नहीं है, हमें कुछ नहीं मिला, हम साधनहीन हैं, पर यदि हमें जो नहीं मिला उन सबकी शिकायत करना छोड़कर, जो मिला है उसकी महत्ता को समझें तो हमें मालूम पड़ेगा कि जो हम सबको मिला है वो कम नहीं अद्भुत है।

**आपका पत्र मिला**

## समाधान ढूंढना सही दृष्टिकोण

क्या अब ये बात भरोसे के साथ कही जा सकती है कि न्यायपालिका ने अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा कर ली है? आखिर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की धारणा इस हद तक क्यों पहुंच गई कि पाठ्य-पुस्तक में उसका जिक्र होने लगा? एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की किताब में न्यायपालिका के सामने मौजूद चुनौतियों के जिक्र से बार एसोसिएशन के साथ-साथ प्रधान न्यायाधीश भी आहत हुए। पुस्तक में जिन चुनौतियों का उल्लेख है, उनमें विचाराधीन मुकदमों की विशाल संख्या, न्यायाधीशों की कमी, और न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोप शामिल हैं। न्यायपालिका में इससे इतनी नाराजगी फैली कि प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत ने मामले का स्वत~ संज्ञान लिया। कहा कि कि संस्था के प्रमुख के बतौर उसकी प्रतिष्ठा की रक्षा करना उनका कर्त्तव्य है। उधर बार एसोसिएशन ने सवाल उठाया कि किताब में संसद में आपराधिक छवि के व्यक्तियों की मौजूदगी और शासन के दूसरे क्षेत्रों में मौजूद भ्रष्टाचार की चर्चा एनसीईआरटी ने क्यों नहीं की? चूंकि न्यायपालिका के पास अवमानना कार्यवाही की ताकत है, इसलिए प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणियों का तुरंत असर हुआ। एनसीईआरटी ने संबंधित किताब पर अफसोस जताते हुए उसकी बिक्री तुरंत रोक दी और उस हिस्से को हटाने का एलान किया, जिस पर विवाद ख?ा हुआ। मगर क्या न्यायपालिका से जु? लोग ये बात भरोसे के साथ कह सकने की स्थिति में हैं कि अब उन्होंने अपनी संस्था की प्रतिष्ठा की रक्षा कर ली है?

क्या उनके लिए यह प्रश्न उठाना बेहतर नहीं होता कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की धारणा इस हद तक क्यों पहुंच गई कि पाठ्य-पुस्तक में उसका जिक्र होने लगा? क्या यह अधिक उचित एवं सकारात्मक नजरिया नहीं होता कि वे ऐसी धारणा की ज? तक पहुंचेंगे और उसका निवारण करेंगे? इस बात से कोई इनकार नहीं है कि बात सभी जगहों पर मौजूद खामियों की होनी चाहिए। मगर एक जगह खामी है, तो उससे दूसरे स्थलों पर मौजूद बुराइयों को सही बताने का तर्क तो नहीं मिल जाता? सार्वजनिक लाभ के नजरिए से कहा जाता है कि धूप सर्वश्रेष्ठ कीटाणु नाशक है- यानी पारदर्शिता भूल-सुधार का आरंभिक उपाय है। अतः संदेह, आरोप, या धारणाओं को दबाने की कोशिश के बजाय उनसे संबंधित तथ्यों को सामने लाना, उन पर बहस करना और जहां समस्या नजर आए उसका समाधान ढूंढना सही दृष्टिकोण माना जाएगा। और उससे ही विभिन्न संस्थाओं सहित पूरे राज्य-तंत्र की प्रतिष्ठा सुरक्षित हो सकेगी।

**एक पाठक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*



# कॅरियर स्विच करने का बना रहे हैं प्लान तो ध्यान रखें ये बातें

कई बार ऐसा होता है कि लोग कॅरियर में स्विच करते हैं। जिस फील्ड को लोग चुनते हैं, उसको छोड़कर अन्य किसी इंडस्ट्री के साथ कनेक्ट हो जाते हैं। हालांकि ऐसा फैसला विभिन्न परिस्थितियों में लिया जाता है। कई बार प्रोफेशनल ग्रोथ के लिए तो कभी अपनी पसंद की प्रोफेशन में जाने के लिए लोग कॅरियर स्विच करते हैं। ऐसे में अगर आप भी संबंधित फील्ड को छोड़कर कॅरियर स्विच करने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको कुछ जरूरी बातों को ध्यान में रखना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कॅरियर स्विच करने से पहले कुछ जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अगर आप भी कॅरियर स्विच करने की सोच रहे हैं, तो सबसे पहले इस बात पर गौर करें कि आप अपने इस फैसले को लेकर कितना श्योर हैं।

***आप जिस भी फील्ड में जाना चाहते हैं, वहां पर कॅरियर के क्या ऑप्शन हैं, आपका फ्यूचर कितना सिक्योर है और आगे कहां तक प्रोफेशनल ग्रोथ कर पाएंगे। इस सारी बातों पर भी ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। इसलिए यह फैसला जल्दबाजी में न लें। बल्कि सोच-समझकर आगे बढ़ें।***

क्योंकि प्रोफेशन लाइफ में कदम रखने के बाद आप यह बहुत अच्छे से समझ सकते हैं कि इस मोड़ पर कॅरियर स्विच करना कैसा होगा। ऐसे में क्या आप इस फैसले के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं। आप चाहें, तो संबंधित फील्ड के अनुभवी और एक्सपर्ट लोगों से सलाह ले सकते हैं। उनकी राय आपको सही फैसला लेने में मदद करेगी।

सबसे पहले यह चेक करलें कि दूसरे कॅरियर में स्विच करने के लिए आपके पास पर्याप्त क्वालिफिकेशन और स्किल्स हैं या नहीं। अगर आपके पास पर्याप्त स्किल और क्वालिफिकेशन नहीं है, तो पहले यह सोचें कि आप जॉब के साथ क्वालिफिकेशन और स्किल्स को पूरा करेंगे, या फिर छोड़कर। अगर आप नौकरी के साथ यह करते हैं, तो क्या आप इसके लिए पर्याप्त समय निकाल पाएंगे या नहीं। अगर आप जॉब के साथ इसको नहीं कर पाएंगे, तो क्या आपके पास इसके लिए पर्याप्त सेविंग्स हैं या नहीं। क्योंकि आपको भी नए प्रोफेशनल में सेटल होने में समय लग सकता है। आप जिस भी फील्ड में स्विच करने की सोच रहे हैं, तो उस फील्ड के लोगों के साथ नया नेटवर्क तैयार करने का प्रयास करें। जिससे की आपको उस फील्ड में आने वाली नौकरी के बारे में मालूम हो सके।

## आज के समय में नौकरी के लिए सिर्फ डिग्री ही काफी नहीं

आज हम ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां तकनीक केवल सुविधा का साधन नहीं रह गई है, बल्कि जीवन और कॅरिअर दोनों की मजबूत नींव बन चुकी है। डिजिटल युग में दुनिया एक क्लिक की दूरी पर आ गई है- चाहे शिक्षा हो, व्यापार, सरकारी सेवाएं या भविष्य के रोजगार के अवसर। ऐसे समय में केवल पारंपरिक डिग्री होना पर्याप्त नहीं है। इसके साथ-साथ तकनीकी कौशल (टेक्निकल स्किल्स) होना भी बेहद जरूरी हो गया है, क्योंकि यही कौशल बदलती दुनिया में आगे बढ़ने और नए अवसर पाने में मदद करते हैं। पहले के समय में केवल स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री होना ही नौकरी पाने के लिए काफी माना जाता था। आज कंपनियां सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि व्यक्ति के कौशल और उसकी व्यावहारिक क्षमता को ज्यादा महत्व देती हैं। डिग्री के साथ तकनीकी कौशल और नई तकनीकों की समझ होना भी जरूरी है, ताकि व्यक्ति बदलती परिस्थितियों के साथ खुद को ढाल सके और प्रतिस्पर्धा में आगे रह सके। तकनीकी कौशल हर छात्र और पेशेवर के लिए बेहद उपयोगी हो गए हैं। इनमें बेसिक डिजिटल स्किल्स के तहत कंप्यूटर और इंटरनेट का प्रभावी उपयोग तथा ऑनलाइन रिसर्च की क्षमता शामिल होती है। वहीं एडवांस तकनीकी स्किल्स में डाटा एनालिसिस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की आधारभूत समझ, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग और डिजिटल मार्केटिंग जैसी क्षमताएं शामिल हैं। इन कौशलों को सीखकर कोई भी व्यक्ति अपने कॅरिअर में आगे बढ़ सकता है और बड़ी सफलता हासिल कर सकता है।

# ये कोर्स बनाएंगे आपका भविष्य



कई स्टूडेंट्स फुल टाइम कोर्स के बजाय शॉर्ट टर्म कोर्स को प्राथमिकता देते हैं। कुछ शॉर्ट टर्म कोर्स नौकरी के पर्पस से डिजाइन किए जाते हैं. बैचलर्स या मास्टर्स के बाद शॉर्ट टर्म कोर्स का सर्टिफिकेट हासिल करके अच्छी नौकरी मिलने के चांसेस बढ़ जाते हैं। इन कोर्सेस का सिलेबस काफी विस्तृत होता है। इनसे स्किल डेवलपमेंट और नॉलेज को बूस्ट करने में मदद मिलती है।

शॉर्ट टर्म कोर्स ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों मोड में किए जा सकते हैं। शॉर्ट टर्म कोर्स करियर ग्रोथ के लिए काफी जरूरी माने जाते हैं। आईआईटी, आईआईएम जैसे टॉप लेवल के संस्थान भी शॉर्ट टर्म कोर्स करवाते हैं। आप जिस भी फील्ड में नौकरी करना चाहते हैं, उसी से जुड़े शॉर्ट टर्म कोर्स कर सकते हैं। कई युवा नौकरी के साथ भी शॉर्ट टर्म कोर्स में एडमिशन लेते हैं। जानिए मैनेजमेंट और टेक्निकल फील्ड से जुड़े कुछ शॉर्ट टक्म कोर्स। इनसे लाखों वाली सैलरी ढूंढना आसान हो जाएगा

**ग्रेजुएशन के बाद शॉर्ट टर्म कोर्स**

बैचलर्स के बाद 6 महीने में कई शॉर्ट टर्म कोर्स किए जा सकते हैं, जिनसे करियर में आगे बढ़ने में मदद मिलती है। इनमें से कुछ कोर्स 1 साल के भी हैं।

1. पीजीडीएम (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट) : यह कोर्स मैनेजमेंट से जुड़े क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करता है।

2. पीजीडीबीएम (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेंट): यह कोर्स बिजनेस मैनेजमेंट में विशेषज्ञता प्रदान करता है।

3. पीजीडीएमएचआर (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट): इस कोर्स के जरिए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में स्पेशलाइजेशन हासिल कर सकते हैं।

4. पीजीडीएमएफ (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फाइनेंस): फाइनेंस में स्पेशलाइजेशन के लिए यह कोर्स कर सकते हैं।

5. पीजीडीएमएम (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मार्केटिंग): यह कोर्स मार्केटिंग में विशेषज्ञता प्रदान करता है।

**टेक्निकल कोर्सेस-**

1. पीजीडीसीए (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन): यह कोर्स कंप्यूटर एप्लिकेशंस में स्पेशलाइजेशन के लिए बेस्ट है।

2. पीजीडीआईटी (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) : यह कोर्स इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में करियर बनाने के काम आएगा। 3. पीजीडीडीए (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स) : डेटा एनालिसिस के क्षेत्र में नौकरी करने के लिए यह कोर्स कर सकते हैं।

4. पीजीडीएमएआई (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस): एआई के दौर में यह कोर्स काफी काम का साबित होगा।

5. पीजीडीसीएस (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी) : यह सबसे ट्रेंडिंग कोर्सेस की लिस्ट में शामिल है।

**अन्य कोर्सेस**

1. डिजिटल मार्केटिंग : यह कोर्स डिजिटल मार्केटिंग में खास अवसर हासिल करने के लिए बेस्ट है।

2. डेटा साइंस : एआई और साइबर सिक्योरिटी की तरह डेटा साइंस भी ग्रोथ वाला सेक्टर है।

3. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग : एआई और एमएल में नौकरी के भरपूर अवसर हैं।

4. साइबर सिक्योरिटी : यह कोर्स साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता प्रदान करता है।

## कॅरियर अलर्ट

### एमपी जेल प्रहरी वनरक्षक भर्ती

मध्य प्रदेश में वनरक्षक, जेल प्रहरी, क्षेत्र प्रहरी और जेल सुपरिटेंडेट के 1679 पदों पर वैकेंसी घोषित की गई हैं। इसमें सुपरिटेंडेट के 25 पद हैं, जिसके लिए ग्रेजुएशन मांगी गई है। बाकी सभी पदों के लिए 10वीं पास अभ्यर्थी आवेदन के योग्य हैं। आवेदन की प्रक्रिया 28 फरवरी से अंतिम तिथि 14 मार्च 2026 तक चलेगी। इस समयसीमा के दौरान आप कभी भी मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की आधिकारिक वेबसाइट esb.mp.gov.in पर फॉर्म भर सकते हैं।

### बिहार पुलिस कॉन्स्टेबल ऑपरेटर भर्ती

बिहार में पुलिस की भी भर्ती निकली है। केंद्रीय चयन पर्षद ने कॉन्स्टेबल ऑपरेटर के 993 पदों पर आवेदन शुरू किए हैं। जिन भी युवाओं ने 10+2 साइंस/फिजिक्स/केमिस्ट्री/मैथिमेटिक्स (PCM) न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ पूरी की है वो इस भर्ती में अप्लाई कर सकते हैं। आवेदक की उम्र 18-25 वर्ष तक होनी चाहिए। सामान्य बीसी पुरुष अभ्यर्थियों की हाइट 165 सेमी और महिलाओं उम्मीदवारों की हाइट 155 सेमी तय की गई है। ऑनलाइन फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 31 मार्च 2026 है।

### बिहार सिविल जज वैकेंसी

बिहार में लॉ वालों के लिए अभी सिविल जज की भी रिक्तियां निकली हैं। बीपीएससी ने 33वीं सिविल जज पीसीएस जे परीक्षा-2026 के लिए भी ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत जज के 173 पद भरे जाएंगे। आवेदकों के पास लॉ की बैचलर डिग्री होनी चाहिए। साथ में कैंडिडेट की एज लिमिट 22 वर्ष से अधिकतम 35 वर्ष तक होनी चाहिए। महिला उम्मीदवार की उम्र 40 वर्ष तक स्वीकार होगी। सिविल जज वैकेंसी के लिए 18 मार्च 2026 तक ऑनलाइन वेबसाइट bpsc.bihar.gov.in पर आवेदन प्रक्रिया चालू रहेगी।

# विज्ञान से 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद हैं ये कॅरियर विकल्प




हमारे देश में ज्यादातर युवा चाहते हैं कि वे डॉक्टर या इंजीनियर बनें लेकिन उनमें से कुछ ऐसे भी होते हैं जो यह पेशा अपनाना नहीं चाहते हैं। अगर आपने भी 12वीं कक्षा विज्ञान विषयों के साथ उत्तीर्ण की है और डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बनना चाहते हैं तो आप किसी ऑफबीट कोर्स को कर सकते हैं। वर्तमान में कई ऐसे कोर्सेज मौजूद हैं जिनमें आप 12वीं साइंस से उत्तीर्ण करने के बाद दाखिला ले सकते हैं। इसके साथ ही आप कोर्स को खत्म करने के बाद इन क्षेत्रों में बेहतर करियर का निर्माण भी कर सकते हैं।

**डाटा साइंटिस्ट :** पिछले कुछ वर्षो में हमारे देश में डाटा साइंस साइंटिस्ट बेहद प्रचलन में है। आप पहले 12वीं के बाद गणित, सांख्यिकी या इंजीनियरिंग ग्रेड से बैचलर डिग्री हासिल कर सकते हैं। इसके बाद आप संबंधित प्रोग्रामिंग लैंग्वेज और इससे रेलेटेड स्किल सीख सकते हैं। इसके बाद आप इसमें सर्टिफिकेट/ डिप्लोमा हासिल कर सकते हैं। एक बार डाटा साइंटिस्ट बनने के बाद आपको लाखों में वेतन प्राप्त कर हो सकता है।

**साइंस टीचर :** 12वीं विज्ञान विषयों से उत्तीर्ण करने के बाद आप टीचिंग से जुड़े डिग्री/ डिप्लोमा कर सकते हैं। इनको करने के बाद आप प्राइमरी टीचर लेवल से लेकर प्रोफेसर लेवल तक के टीचर बन सकते हैं। टीचिंग के क्षेत्र को सबसे बेहतर माना जाता है और इसमें बेहतर वेतन भी प्राप्त होता है।

**आर्किटेक्ट :** इनके अलावा अगर अपने पीसीएम विषयों के साथ इंटर उत्तीर्ण किया है तो आप आर्किटेक्ट भी बन सकते हैं। इस क्षेत्र में यूजी एवं पीजी दोनों ही प्रकार के कोर्स उपलब्ध हैं। आप इनको करके आर्किटेक्चर के रूप में काम करके लाखों में वेतन पा सकते हैं।

# इन तकनीक से लें प्रभावी फैसले कॅरियर में आएंगे काम




आप हर रोज कोई-न-कोई निर्णय लेते ही होंगे। यह आपके लिए सहज स्थिति हो सकती है, लेकिन जब आपके पेशेवर निर्णय लेने की बात आती है, तो यह काम काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि आपका एक फैसला आपके भविष्य और पेशेवर करिअर को बना या बिगाड़ सकता है, खासकर तब जब आप पेशेवर जगत में नए हों। साथ ही, ये फैसले आपके सहकर्मियों और प्रबंधक को भी प्रभावित करते हैं, ऐसे में आप हर कदम फूंक-फूंक कर रखना चाहते हैं। हो सकता है इसी कारण आप पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने विचारों को साझा करने से हिचकिचाते भी हों। ऐसे में, प्रभावी निर्णय लेने के लिए आपको अपने अंतर्मन को सुनने की क्षमता का विकास करना होगा। याद रखें, कोई भी निर्णय लेना आवेग में आकर काम करना कतई नहीं है, बल्कि तर्क और अनुभव के आधार पर लिए गए फैसलों से ही आपका असली आत्मविश्वास झलकता है।

**फर्क समझें** - अच्छे पेशेवर बाकियों से अलग इसलिए दिखते हैं, क्योंकि वे ऐसे निर्णय लेने में माहिर होते हैं, जो संगठन को सफलता की ओर ले जाता है। सफल लीडर परिचालन और रणनीतिक निर्णयों के बीच के अंतर को बेहतर ढंग से समझते हैं। परिचालन निर्णय दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों पर आधारित होते हैं, जबकि रणनीतिक निर्णय लेना काफी कठिन काम होता है। इसके लिए आपको एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, क्योंकि आपके फैसले संस्था के विकास और भविष्य का आधार बनते हैं।

**फाइव डब्ल्यू फ्रेमवर्क -** यदि आप अपने करिअर के शुरुआती पड़ाव पर हैं, तो अपने निर्णयों को प्रभावी बनाने के लिए आपको फाइव डब्ल्यू यानी कौन?, क्या?, कब?, क्यों? और कैसे? फ्रेमवर्क का उपयोग करना चाहिए। यह एक कारगर तकनीक है, जो आपको अपने विचारों को दूसरों से साझा करने की हिचकिचाहट से बचा सकती है। इस फ्रेमवर्क का उपयोग करके आप बेहतर निर्णय ले सकते हैं।

**सही और गलत की पहचान -** अपने मूल मूल्यों को जानने से निर्णय लेना अधिक नैतिक और आसान हो जाता है। इसलिए एक पेशेवर के रूप में बेहतर फैसले लेने से पहले आपको अपने मूल्यों को समझना होगा। कामयाब होने के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्या है?, इसकी पहचान करें। इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया आसान हो जाती है। निर्णयों में स्पष्टता हासिल करने के लिए अतीत में लिए गए अपने कुछ फैसलों का मूल्यांकन करें। इससे आपको सही और गलत की पहचान करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, अपने फैसले में पारदर्शिता बनाएं रखें, इससे आप प्रबंधक और सहयोगियों के भरोसेमंद बन सकेंगे।

## अभ्यास

1. निम्न में से किस शहर में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत की पहली रिंग मेट्रो को लॉन्च किया गया है?
(क) पटना
(ख) कोलकाता
(ग) नई दिल्ली
(घ) बेंगलुरु
उत्तर (ग)

2. निम्न में से कौन शिकागो एलुमनाई अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय अर्थशास्त्री बन गए हैं?
(क) शिवम पटेल
(ख) कृष्णामूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम
(ग) शक्तिकांत दास
(घ) राघव अरोड़ा
उत्तर (ख)

3. निम्न में से किसे ईरान के सर्वोच्च नेता के रूप में नियुक्त किये गए हैं?
(क) मोजतबा खामेनेई
(ख) मसूद पेजेशकियन
(ग) अजीज नासिरज़ादेह
(घ) सैयद अली मदनिजादेह
उत्तर (क)

4. निम्न में से किस स्थान पर भारतीय सेना की मध्य कमान ने पहली बार रणनीतिक संचार सम्मेलन आयोजित किया है?
(क) लखनऊ
(ख) बिलासपुर
(ग) जबलपुर
(घ) ग्वालियर
उत्तर (क)

5.निम्न में से किसे हाल ही में प्रतिष्ठित एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
(क) अल्लू अर्जुन
(ख) चिरंजीवी
(ग) रजनीकांत
(घ) रवि तेजा
उत्तर (ख)

6. निम्न में से कौन सिटिज़नशिप अमेंडमेंट एक्ट के तहत भारतीय नागरिकता पाने वाली पहली विदेशी बन गई हैं?
(क) अंकिता मेहता
(ख) दिपाली दास
(ग) ज्योत्सना रावत
(घ) सोभना महतो
उत्तर (ख)

# यूपी छात्रवृत्ति के आवेदन की स्थिति कैसे देखें

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित यूपी छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्र अब अपने आवेदन की स्थिति ऑनलाइन देख सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने आधिकारिक पोर्टल उपलब्ध कराया है, जहां छात्र आवेदन सत्यापन और स्कॉलरशिप भुगतान से जुड़ी जानकारी आसानी से ट्रैक कर सकते हैं।

यह योजना राज्य के विभिन्न सामाजिक वर्गों के छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जाती है, ताकि वे बिना आर्थिक परेशानी के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। **किन छात्रों को मिलता है लाभ-** यूपी छात्रवृत्ति योजना के तहत कई सामाजिक वर्गों के छात्रों को लाभ दिया जाता है।

**योजना का नाम** - यूपी छात्रवृत्ति योजना।

**लाभार्थी** - उत्तर प्रदेश में पढ़ने वाले छात्र।

**शामिल श्रेणियां** - सामान्य, ओबीसी, एससी, एसटी, अल्पसंख्यक।

**आधिकारिक वेबसाइट** - scholarship.up.gov.in. हर साल हजारों छात्र इस पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते हैं और ऑनलाइन अपने आवेदन की प्रगति देख सकते हैं।

**रजिस्ट्रेशन नंबर से ऐसे चेक करें स्टेटस-** छात्र अपने रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए भी स्कॉलरशिप स्टेटस देख सकते हैं। सबसे पहले आधिकारिक पोर्टल scholarship.up.gov.in खोलें। UP Scholarship Status 2026 लिंक पर क्लिक करें। अपना रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज करें। शैक्षणिक वर्ष 2026 चुनें। सबमिट बटन पर क्लिक करें। इसके बाद स्क्रीन पर आवेदन की पूरी स्थिति दिखाई देगी।

**मोबाइल ऐप से भी देख सकते हैं स्टेटस-** छात्र मोबाइल फोन के जरिए भी स्कॉलरशिप की जानकारी देख सकते हैं। इसके लिए उमंग एप का उपयोग किया जा सकता है। स्मार्टफोन में MANG ऐप खोलें। UP Scholarship या PFMS सेवा सर्च करें। आवश्यक आवेदन विवरण दर्ज करें। स्क्रीन पर स्कॉलरशिप स्टेटस देखें।

# एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में लें भाग, रहेंगे मानसिक रूप से स्वस्थ



स्कूल व कॉलेज में अपने दिमाग को तरोताजा रखने के लिए अमूमन छात्र पढ़ाई से इतर कुछ अन्य गतिविधियों में शामिल होते रहते हैं। जहां कई छात्र इसे काफी संजीदगी से स्कू लेते हैं, वहीं कुछ इसे केवल मौज-मस्ती तक ही सीमित रखते हैं। एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी या पाठ्येतर गतिविधियां न सिर्फ आपको मानसिक रूप से स्वस्थ रखती हैं, बल्कि आपके करिअर के लिहाज से बोनस का काम भी करती हैं।

इन गतिविधियों के दौरान आप अपने लिए नए जुनून व शौक तलाशने और दोस्त बनाने के अलावा अपनी छिपी हुई प्रतिभा की तलाश कर सकते हैं। पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों को प्रबंधित करना आपके लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में दोनों के बीच संतुलन बनाने के लिए कुछ जरूरी बातों पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है।

**समय को प्रबंधित करें** - संतुलन बनाने के लिए सबसे पहले आपको अपनी सहूलियत के हिसाब से समय का विभाजन करना होगा। आपको अपना कीमती समय उन जरूरी कामों को देना होगा, जो आपके लिए वास्तव में महत्वपूर्ण हैं। इसलिए अपनी पढ़ाई और अन्य गतिविधियों को संतुलित करने के लिए किसी विशेष रोडमैप का पालन करना करें या खुद की रणनीति बनाएं। इसके लिए आप शिक्षक, माता-पिता या बड़ों की मदद ले सकते हैं।

**योजना भी बनाएं** - अपने दैनिक कार्यों की एक टू-डू सूची बनाएं। इससे आपको जरूरी कार्यों को पूरा करने व अगले कार्य को समय पर शुरू और खत्म करने में मदद मिलेगी। टू-ड् सूची आप किसी स्टिकी नोट्स या छोटी डायरी में भी बना सकते है। आपकी पढ़ाई के समय और अन्य गतिविधियों के लिए आपकी योजना इतनी लचीली होनी चाहिए कि आप इसे बिना किसी बाधा, तनाव या दबाव के पूरा कर सकें।

**अकादमिक पर ध्यान दें** - अकादमिक और अन्य गतिविधियों के बीच संतुलन बनाने के दौरान आपको अकादमिक को ज्यादा प्राथमिकता देनी चाहिए। पढ़ाई पूरी करने के बाद जब आप कोई दूसरा काम करेंगे, तो आपको तनाव या दबाव महसूस नहीं होगा और आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। साथ ही, आपकी उत्पादकता भी बढ़ेगी।

**नकारने से न डरें** -अगर आपके पास समय नहीं है या पाठ्येतर गतिविधियां आपके अनुकूल नहीं हैं, तो उनमें शामिल होने से मना करने में परहेज न करें। आप इनमें अपने जीवन का बहुमूल्य समय देते हैं। ऐसे में अपने लिए सबसे उपयुक्त विकल्प की पहचान करें, जो आपके लिए लाभदायक और भविष्य के लिहाज से उपयोगी हो।

**सही पहचान है जरूरी**

आपको किसी ऐसी गतिविधि में शामिल होने पर जोर देना चाहिए, जिसमें न सिर्फ मजा आए, बल्कि वह आपकी पढ़ाई से भी जुड़ा हो। आप ऐसी गतिविधियों का चुनाव भी कर सकते हैं, जो करिअर के लिहाज से भी उपयोगी हों।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बुधवार, 11 मार्च 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शिशिर ऋतौ चैत्र मासोमते कृष्ण पक्षे अष्टमी तिथौ बुध वासरे 28/20/ ज्येष्ठा नक्षत्रे 22/01/ वज्र योग 09/13/ बालव करणे 15/07/ धनु राशिगत चन्द्रमा 22 घं. मि.01 पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** श्री शीतलाष्टमी (बासी भोजन विहित है) गुरु मार्गी घं. 08 मि. 58 पर।

**मेष-** उत्तरदायित्व की पूर्ति। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। सुख सुविधओं पर खर्च होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृष-** अनावश्यक विवादों को टालें। व्यर्थ की भ्रमण प्रियता रहेगी। कारोबारी अभ्युदय होगा। पुरानी समस्याओं का निवारण होगा।

**मिथुन-**दिनचर्या में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वभाव में उदासी रहेगी। रोग भय रहेगा। संपर्कों का लाभ मिलेगा।

**कर्क-**कोष में वृद्धि होगी। रचनात्मक कार्यों पर खर्चा होगा। शत्रु परास्त्र होगा। व्यापारिक उलझनें यथावत रहेंगी।

**सिंह-**रुके कार्यों में प्रगति होगी। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। घरेलू कार्यों पर व्यय होगा। अनुबंध लाभ होगा।

**कन्या-** सामाजिक कार्यों पर व्यय होगा। संतान की चिंता रहेगी। भोजन शमन असुविधा रहेगी। संबंधो की निकटता रहेगी।

**तुला-** कारोबारी विषमता दूर होंगी। अभिभावकों की मदद मिलेगी। नये संपर्कों पर व्यय होगा।

**वृश्चिक-** भविष्य की योजनाएं पूरी होंगी। अभिभावकों की मदद मिलेगी। नये संपर्कों पर व्यय होगा।

**धनु-**आय व्यय समानता रहेगी। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मनो कूल कार्य सिद्धि होगी। सश्रम सफलता मिलेगी।

**मकर-** जनसंपर्क बढ़ेगा संचित धन व्यय होगा। पारिवारिक उलझने बढ़ेंगी। वृद्ध परिजन को स्वास्थ्य हानि होगी।

**कुंभ-** जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिया कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन-** रोजी रोजगार में सम्मान होगा। यात्रा में कष्ट होगा। कार्य विलंब से पूरे होंगे। दांपत्य सुख बाधा रहेगी।

# जीवन में हमें अपने स्वयं के विश्वास को हमेशा ऊंचा रखना है : प्रो. मानव सिंह

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पी0जी0 कॉलेज, बाराबंकी की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर हेतु प्रथम इकाई के लिए चयनित ग्राम कुरौली, ?द्वितीय इकाई धरसनिया, तृतीय इकाई रघई चुना हैं। आवासीय सुविधा के लिए शिविर कैम्प स्थल सुभाष आदर्श इंटर कॉलेज कुरौली जिला- बाराबंकी को चुना गया। तीनों इकाइयों के विशेष शिविर का उ?द्घाटन महावि?द्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सीताराम सिंह जी के द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया।

शिविर के स्वयं सेवक सेविकाये निर्धारित कार्य योजनाओं के अनुरूप शिविर की साफ सफ़ाई की गई। उ?द्घाटन के अवसर पर इतिहास विभाग के प्रोफेसर मानव सिंह (जनेस्मा 50 के कॉर्डिनेटर) ने बच्चों अपने संबोधन में जीवन में हमें अपने स्वयं के विश्वास को हमेशा ऊंचा रखना है ताकि कोई भी परेशानी आए तो हम उसका आसानी समाधान निकाल सकें विभिन्न कहानियों के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया ढ्ढहिंदी विभाग के प्रोफेसर कृष्णकांत चंद्रा ने बच्चों को मां सरस्वती की अलौकिकता की जानकारी दी, हिंदी विभाग से प्रोफेसर अनिल कुमार विश्वकर्मा जी ने पूर्व वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी सचिव जनेस्मा शिक्षक संघ जी ने एनएसएस के अनुशासन संगठन, नेतृत्व, आदि विषय पर बच्चों जागरूकता प्रदान की ढ्ढआज मुख्य अतिथि बतौर डॉ संतोष कुमार सिंह ÷अंश÷ राणा प्रताप पी जी कॉलेज सुल्तानपुर जी शिविर में आगमन हुआ आपने स्वयं सेवक सेविकाओ को भारत की विकासशील प्रणाली को कैसे हो विकसित भारत की ओर बढ़ाए इसके अपने विचारों से बच्चों को अवगत कराया गया ढ्ढकार्यक्रम की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सीताराम सिंह ने उद्घाटन समारोह में स्वयं सेवक सेविकाओ को विभिन्न टीमों में संगठित होकर आप एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करेंगे। इससे टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता और सहयोग की भावना विकसित होगी।



कार्यक्रम की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सीताराम सिंह जी ने उद्घाटन समारोह में स्वयं सेवक सेविकाओ को विभिन्न टीमों में संगठित होकर आप एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करेंगे। इससे टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता और सहयोग की भावना विकसित होगी। फिर स्थल-सर्वेक्षण का महत्वपूर्ण चरण आएगा। हमने चयनित ग्राम को अपनाया है ढ्ढ यहां आप ग्राम की जनगणना , घरों की स्थिति, जनसंख्या, शिक्षा स्तर, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पानी की उपलब्धता, सड़कें, बिजली आदि का सर्वेक्षण करेंगे। इस सर्वेक्षण के आधार पर ही हम समस्याओं का चयन करेंगे ढ्ढ जैसे स्वच्छता की कमी, जल संरक्षण, पेड़ लगाना, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा में सुधार, या कोई स्थानीय मुद्दा। चुनी गई समस्याओं पर हम व्यावहारिक कार्य करेंगे, जैसे सफाई अभियान, जागरूकता रैलियां, पौधारोपण, या छोटे-छोटे निर्माण कार्य। मेरा आप सबसे अनुरोध है कि इस शिविर को केवल ड्यूटी न समझें ढ्ढ इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। अनुशासन, समय का सदुपयोग, मेहनत और समर्पण से आप न केवल ग्राम को बेहतर बनाएंगे, बल्कि खुद को भी एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करेंगे। युवा शक्ति ही राष्ट्र की ताकत है ढ्ढ आपका उत्साह और सेवा भाव देखकर मुझे गर्व हो रहा है। आइए, मिलकर इस शिविर को सफल बनाएं। जय हिंद! जय एनएसएस!÷शिविर कैम्प में स्वयं सेवक सेविकाओ की विभिन्न टोली बनाई गई जैसे ढ्ढ स्वागत गीत टोली, लक्ष्यगीत टोली, भोजन टोली, साफ़ सफ़ाई टोली, अनुशासन टोली , आदि टोलिया बनाकर बच्चों संगठित किया गया ढ्ढकार्यक्रम अधिकारी क्रमशः डॉ प्रदीप कुमार, डॉ अनुराग कृष्ण यादव, डॉ दीप्ति पोरवाल जी उपस्थित रहे ।

## समीक्षा गोष्ठी आयोजित

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी द्वारा आगामी उप-निरीक्षक परीक्षा 2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह द्वारा आज रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में आगामी उप-निरीक्षक परीक्षा 2025 की तैयारियों को लेकर समीक्षा गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन परीक्षा के दौरान सुनिश्चित किये जाने तथा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार पाठक, क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम से की हर पंचायत में शादी घर बनवाने की मांग

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** ऑल इंडिया माइनॉरिटीज़ फोरम फॉर डेमोक्रेसी (एआईएमएफडी) राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा0 अम्मार रिजवी ने प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को चिट्ठी लिखकर प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतो मे शादी घर अथवा सामुदायिक मिलन केंद्र बनवाने की मांग की है।क्षेत्र के कस्बा शहादतगंज निवासी फोरम के प्रकाशन एवं प्रचार-प्रसार सचिव अबुशहमा अंसारी द्वारा दिये गये मांगपत्र मे बताया कि वर्तमान समय में गरीब और मध्यम वर्ग के लिए विवाह जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व को निभाना एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। महंगे मैरिज हॉल और बढ़ते खर्चों से आम आदमी, विशेषकर अल्पसंख्यक और कमजोर वर्गों को शादी विवाह मे ब?ी दिक?ते होती है।इस लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगर पंचायत और नगर निकाय की सरकारी भूमि पर स्थायी सार्वजनिक विवाह/कम्युनिटी हॉल का निर्माण कराया जाए, ताकि गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अपनी सामाजिक रस्मों को सम्मानपूर्वक संपन्न करा सकें।फोरम के सचिव अबुशहमा अंसारी के सुझाव को संज्ञान मे लेते हुए पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री ऑल इंडिया माइनॉरिटीज़ फोरम फॉर डेमोक्रेसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अम्मार रिज़वी ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पत्र भेजकर फोरम के सचिव अबुशहमा अंसारी के इस प्रस्ताव की ओर ध्यान आकर्षित की बात कही है। पत्र में डा0 रिजवी ने कहा कि यदि प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगर पंचायत और नगर निकाय की सरकारी भूमि पर स्थायी सार्वजनिक विवाह या कम्युनिटी हॉल का निर्माण करा दिया जाए तो यह न केवल जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## खबर एक नजर

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध घायल

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** नगर के मुख्य चौराहे पर मंगलवार की दोपहर बाद हुए सड़क हादसे में 80 वर्षीय वृद्ध घायल हो गया । सीएचसी लाये गये वृद्ध का इलाज किया जा रहा है।लोनी कटरा थाना क्षेत्र के गुरुदत्त खेड़ा मजरे हसनपुर गांव निवासी रामफेर पुत्र बाबूलाल अपने नाती जितेंद्र पुत्र अरविंद के साथ कस्बा हैदरगढ़ में एक नेत्र चिकित्सालय पर इलाज करवाने आ रहे थे कि दोपहर बाद 2ः00 बजे नगर के मुख्य चौराहे पर अज्ञात चार पहिया वाहन द्वारा टक्कर मार देने से घायल हो गए।

### किशोरी ने फांसी लगाकर जान दी

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।**कोतवाली क्षेत्र के मल्लाहन पुरवा मजरे दादूपुर गांव में मंगलवार की सुबह घर के अंदर फांसी लगाकर एक किशोरी ने जान दे दी। गाँव निवासी रामराज निषाद की पुत्री अंकिता 17 वर्ष घर में अकेली थी। दोपहर में परिवार के लोग खेत में सरसों काट रहे थे जबकि उसकी वृद्ध दादी घर के बरामदे में मौजूद थीं। अंकिता घर के अंदर छत की कुंडी में दुपट्टा के सहारे गले में फंदा लगाकर लटक गई। ग्रामीणों से सूचना पाकर घर पहुंचे परिवार के लोगों ने जब दरवाजा खोला तो बेटी का शव लटकता देख स्तब्ध रह गए।घर में कोहराम मच गया।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतका पिछले दो वर्षों से दिमागी रूप से बीमार थी।उसका इलाज नूर मंजिल लखनऊ से चल रहा था।कोतवाल अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

### सड़क हादसे में कार सवार युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर मंगलवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र में किमी 34 पर एक अर्टिगा कार आगे जा रहे ट्रक में घुस गई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए।जानकारी के अनुसार जनपद अलीगढ़ निवासी कृपाल सिंह 40 वर्ष,दीवान सिंह 32,योगेंद्र सिंह 30 एवं नवीन शर्मा 26 अर्टिगा कार से बलिया से आगरा जा रहे थे। सुबह लगभग चार बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किमी 34 पर आगे जा रही ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इसके पीछे चल रही कार अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे हिस्से में घुस गई। दुर्घटना में कार सवार कृपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी हैदरगढ़ पहुँचाया गया।योगेंद्र सिंह सहित अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार किया ।पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### विद्यालय में निकला सांप, मचा हड़कंप

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी ।** शिक्षा क्षेत्र हैदरगढ़ के उच्च प्राथमिक विद्यालय भिखरा में आज उस समय हड़कंप मच गया जब परिसर में खेल रहे बच्चों ने एक विशालकाय सांप देखा। हालांकि सूचना पाकर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा सांप को पड़कर जंगल में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू टीम द्वारा शाम को पकड़े जाने के बाद शिक्षकों एवं छात्रों ने राहत की सांस लीजानकारी के अनुसार विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे आज दोपहर मध्यान्ह अवकाश के दौरान परिसर में खेल रहे थे कि तभी उन्हें रसोई घर के निकट पेड़ के पीछे एक बड़ा सा सांप दिखाई पड़ा इसके बाद हड़कंप मच गया छात्रों ने इसकी सूचना शिक्षको को दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने बताया कि पकड़ा गया साप रसेल वाइपर (डाबोइया रसेली) एशिया के सबसे खतरनाक विषैले साँपों में से एक हैं।

### शिकायत से नाराज दबंग ने कर दी पीड़ित की पिटाई

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** खलिहान व निजी भूमि से पेड़ काटने वाले दबंग की शिकायत करना आज उसे समय एक पीड़ति को भारी पड़ गया जब विपक्षी ने लाठी से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। कस्बा व थाना सुबेहा के पट्टी वार्ड निवासी मोहम्मद अनवर पुत्र मोहम्मद उमर ने बताया कि कस्बा निवासी मुस्लिम उर्फ गोगा ने एक पखवाड़े पहले खलिहान के रूप में दर्ज भूमि गाटा संख्या 863 से आम के दो पेड़ व बगल में स्थित भूमि गाटा संख्या 864 की उसकी जमीन पर लगा आम का एक पेड़ दबंगई के बल पर काट लिया था जिसकी शिकायत उसने 112 पुलिस के अलावा ऑनलाइन दर्ज कराई थी जिस पर नगर प्रशासन द्वारा लकड़ी जप्त कर ली गई थी इस मामले में थाना पुलिस ने सुला समझौता कर दिया था जिसके बाद विपक्षी द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही थी बताया कि आज दोपहर वह नमाज अदाकार मस्जिद से घर जा रहा था कि तभी विपक्षी गोगा ने अपने पुत्र आजाद हुआ दो महिलाओं के साथ लाठी से हमला कर लहूलुहान कर दिया।

### श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने सुनाई राजा परीक्षित की कथा

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** पूरे झाम तिवारी मजरे बहुता गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में दूसरे दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने राजा परीक्षित की कथा का वर्णन किया उन्होंने बताया कि एक बार शिकार के दौरान राजा परीक्षित को अत्यधिक प्यास लगी। जल की खोज में वे ऋषि शमीक के आश्रम पहुंचे, जहां ऋषि ध्यानमग्न अवस्था में थे। क्रोधवश राजा ने उनके गले में मृत सर्प डाल दिया। इस घटना से क्रोधित होकर ऋषि शमीक के पुत्र श्रृंगी ने राजा परीक्षित को सात दिनों के भीतर तक्षक नाग के डसने का श्राप दे दिया। श्राप का ज्ञान होने पर राजा परीक्षित ने इसे ईश्वर की इच्छा मानते हुए राजपाट का त्याग कर दिया और गंगा तट पर जाकर आत्मकल्याण का संकल्प लिया। देवर्षि नारद की प्रेरणा से शुकदेव जी महाराज वहां पधारे और उन्होंने राजा परीक्षित को सात दिनों तक श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा का श्रवण कराया। इस अवसर पर समाजसेवी ओमप्रकाश अवस्थी ने पहुंच कर कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## सड़क सुरक्षा के लिए प्रशासन त्वरित और प्रभावी कार्यवाही के लिए तत्पर



**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों के साथ लोकसभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स?क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये अधिकारी प्रभावी कदम उठाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व में हुई दुर्घटनाओं की समीक्षा करके उनकी पुनरावृत्ति पर रोक लगाने के लिये आवश्यक कदम उठाए जाए। दुर्घटना बाहुल्य इलाकों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित करते हुए उन स्थानों पर संकेतक लगाकर दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय किए जाए। पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा दिये जाने वाले निर्देशों को अमल में लाया जाए। जिले के दुर्घटना बाहुल्य स्थानों असेनी मो?, दारापुर मो?, सफेदाबाद, रसौली मो?, सफदरगंज मो?, दादरा मो?, लक्षबर बजहा मो?, प्रतापगंज मो?, बभौरा मो?, आदि स्थानों पर यातायात नियमों का क?ाई से पालन कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर दुर्घटनाओं के रोकने के विशेष प्रयास किये जायें तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

### मारौंग मंडी को नगर से बाहर करवाने के निर्देश

जिलाधिकारी ने शहर के अन्दर दशहराबाग में लगने वाली मौरंग मंडी को कार्ययोजना बनाकर शहर से बाहर किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बाराबंकी-अयोध्या मार्ग पर स्थित रॉयल पद्मा रेस्टोरेंट के सामने बने अवैध कट को तत्काल बन्द कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सतरिख नाके पर स्थित विद्युतपोल और अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश दिए।

### तेजगति वाहनों का किया जाए चालान

जिलाधिकारी ने कहा कि ट्रकों और परिवहन विभाग की बसों व अन्य चारपहिया वाहनों की गति को नियंत्रित करने के प्रयास किये जायें। तेजगति वाहनों का चालान किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गतवर्ष की तुलना में स?क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास किये जाए।

### चन्हित ब्लैक स्पॉटों की तकनीकी खामियों को दूर कराने के निर्देश

जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पॉटों की तकनीकी खामियों को दूर कराया जाए जिससे दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक लग सके। जिला प्रशासन व एनएचएआई की रूप से ब्लैक स्पॉटस पर तेजी से सुधारात्मक कार्य किए जा रहे हैं।

### एनएच पर लगी स्ट्रीट लाइटों को ऊर्जीकरण कराने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी ने एनएच के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बाराबंकी बहराइच मार्ग पर जहां-जहां ब्लैक स्पॉट चिन्हित है वहां पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो।

### सड़कों पटरियों पर उगी झाड़ियों को हटाने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों के किनारे उगी बड़ी-बड़ी झाड़ियों की कटाई छटाई शीघ्रता से कराई जाए। इस मौके पर सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण व सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विधायक को मांगपत्र देकर की बारात घर निर्माण की मांग

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** तहसील मुख्यालय से सटी रनापुर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने जय संतरी माता भक्तिन स्थल पर बारात घर निर्माण को लेकर अपनी मांग तेज कर दी है। ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान जतिन चौधरी के नेतृत्व में हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत को मांग पत्र सौंपते हुए न्याय की उम्मीद जताई है।ग्रामीणो ने विधायक से बताया कि गांव में गरीब, निराश्रित और दलित परिवारों की बेटियों की शादी और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए कोई उचित स्थान नहीं है। इसलिए जय संतरी माता भक्तिन स्थल पर बारात घर बनाए जाने की मांग की जा रही है। फिर भी उक्त स्थान पर अन्नपूर्णा भवन बनाने का प्रयास किया जा रहा है । ग्रामीणों ने अन्नपूर्णा भवन को गांव के किसी अन्य स्थान पर बनाने की मांग भी उठाई है। उल्लेखनीय हैं कि मंगलवार को हैदरगढ़ तहसीलदार कविता ठाकुर, नायब तहसीलदार रामजी द्विवेदी, लेखपाल प्रशांत अवस्थी, राजस्व निरीक्षक और पुलिस टीम अन्नपूर्णा भवन के लिए जमीन चिन्हित करने के लिए उक्त धार्मिक स्थल पर पहुंची थी। इस दौरान ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया और कहा कि जिस स्थल पर जमीन चिन्हित की जा रही है, वहां पहले से शिवलिंग स्थापित था, जिसे कुछ अराजक तत्वों ने रात के अंधेरे में हटा दिया।ग्रामीणों ने मांग की कि इसी स्थल पर जय संतरी माता भक्तिन स्थल के पास बारात घर का निर्माण कराया जाए, जिससे गांव के गरीब और दलित परिवारों को विवाह व अन्य कार्यक्रमों के लिए सुविधा मिल सके।



## दुष्कर्म के दोषी को मिली सात वर्ष की सजा

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** ÷ऑपरेशन कनविक्शन÷ के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा दुष्कर्म से सम्बन्धित अभियुक्त को 07 वर्ष का सश्रम कारावास व 8,000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए ÷ऑपरेशन कनविक्शन÷ कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/पैरोकार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

## प्रदेश की दो प्रमुख रैंकिंग में जनपद की टीम का शानदार प्रदर्शन

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद ने फरवरी माह में प्रदेश स्तर पर जारी दो महत्वपूर्ण रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। शासन स्तर से विभिन्न विकास कार्यों, लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रगति तथा जन शिकायतों के निस्तारण की मॉनिटरिंग के आधार पर जारी रैंकिंग में जनपद को बेहतर स्थान प्राप्त हुआ है।प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति के आधार पर जारी सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। यह रैंकिंग विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रगति और मॉनिटरिंग के आधार पर जारी की जाती है।वहीं, जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संचालित आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता के आधार पर जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद बाराबंकी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि जनपद के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयास, सतत मॉनिटरिंग एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं, जिसके क्रम में जनपद के सभी अधिकारी जन शिकायतों के समाधान को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद को प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।उन्होंने यह भी बताया कि जनपद द्वारा राजस्व वादों के निस्तारण में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है, जिससे आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने में सहायता मिली है।

## जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूकता के लिए रैली को दिखाई हरी झंडी

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुक्रम में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से आज जनपद के विभिन्न बैंकों के द्वारा कार जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश ने सुबह 10:00 बजे न्यायालय गेट संख्या-1 से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई गुजरी, जिसमें जेब्रा पार्क, नबी गंज, पीरबटावन, राजकमल, छाया चौराहा और पुलिस लाइन मुख्य रहे। इन क्षेत्रों में रैली ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और आखिर में जनपद न्यायालय के गेट संख्या-2 पर पहुँचकर इसका समापन हुआ। रैली में शामिल वाहनों पर राष्ट्रीय लोक अदालत एवं उनके उनके बैंकों के नामों के बैनर लगाये गये थे। श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश द्वारा अवगत कराया गया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं लाभों के प्रति जागरूक करना है और बैंक एवं आम जनमानस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। ऋण वसूली मामलों के बैंकों के द्वारा अधिकतम छूट प्रदान कर एनपीए मामलों को अधिकाधिक निस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है। श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा प्रगति आख्या से जनपद न्यायाधीश को अवगत कराते हुये कथन किया कि लोक अदालत का प्रचार प्रसार करने की जिम्मेदारी भी बैंकों को दी गई है और बैंकों के बैंक मित्र भी राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार करें जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी प्राप्त हों और लोग इसका लाभ उठा सकें। श्रीमती शिवानी रावत सिविल जज सी0डि0/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी लोक अदालत हेतु तैयार कराये गये पोस्टर, बैनर, हैण्डबिल इत्यादि को प्राप्त कर उसके द्वारा जन जन तक लोक अदालत की सूचना पहुंचाने के लिए सहयोग दिये जाने की अपील की गई। इसके अतिरिक्त अधिकार मित्र (पी0एल0वी0), बैंक मित्र, लॉ कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा नुक्क? नाटक, कार, मोटरसाइकिल व साइकिल जागरूकता रैलियों के आयोजन की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनता से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित मुकदमों का आपसी सहमति से निस्तारण करवाएं तथा न्याय पाने की इस सरल प्रक्रिया का हिस्सा बनें।

## जीव के कल्याण के लिए होता है परमात्मा का अवतरण : कमलनयन दास

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** परमात्मा के अवतरण का हेतू जीव का कल्याण है। मूलतः परमारमा सर्वव्यापक और निराकार है। वेद, उपनिषद तथा विभिन्न शास्त्रों में उसे ब्रम्ह शब्द से बताया गया है। उसके स्वरूप का सम्पूर्ण वर्णन करने में वेद भी अपनी असमर्थता प्रकट करते हैं। उसका साक्षात्कार ऋषि, मुनि कठोर तप और साधना के द्वारा करते हैं। जीव अनेक जन्मों से जन्म-मृत्यु के चक्र में पडकर संसार में भटक रहा है। यह आवागमन बिना परमात्मा को पाए मिटने वाला नहीं है , अतः वह निराकार ब्रम्ह जो कड़ों में विद्यमान है। जीव पर कृपा करके उसका उद्धार करने के लिए सगुण साकार होकर राम अथवा कृष्णादि के रूप में जन्म लेकर लोक हितकारी लीलायें करता है। उस परमात्मा का रुप, उसका लीला. व्यवहार सब कुछ बड़ा दिव्य और मंगलकारी होता है। भगवान के नाम, गुण, चरित्र का गान करके जीव उस



परमात्मा की भक्ति के द्वारा संसार सागर से पार हो जाता है सोइ जस गाइ भगत भव तरहीं। कृपासिंधु जनहित तनु धरहीं । यद्यपि यह वेदान्त सिद्ध है कि जीव भी ईश्वर का अंश ही है किन्तु जीव संसार में आकर भावाग्रस्त हो गया है। ब्रह्म या परमपिता परमात्मा के बीच में जो माया का आवरण प? गया है उसी के कारण वह जीव अपने उस स्वरूप को भूल गया है। भगवत चरित्र संबंधी के कथाओं को सुनने और नाम संकीर्तन से माया का पर्दा टूट जाता है। अतः कथा श्रवण अवश्य करना चाहिए बाराबंकी के बहुताधाम में आयोजित अठानवें नवदिवसीय मानस सम्मेलन के समापन अवसर पर अयोध्या धाम के मणिरामदास छावनी से पधारे रामजन्म भूमिपरिषद के अध्यक्ष महन्त नृत्यगोपालदास महराज के उत्तराधिकारी साधक विद्वान संत कमलनयन दास जी ने व्यक्त किये। इस अवसर पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन हुआ। जो देर रात तक चलता रहा। प्रवचन सभा में दूर दूर से आये गणमान्य श्रद्धालु राजकुमार झुनझुनवाला, रामकुमार मिश्र, भुवनेश्वर दीक्षित, शिवशरण शुक्ल, घनश्याम पाण्डेय, श्रवण कुमार शुक्ल, छोटे पांडेय, हरिश्चन्द्र त्रिपाठी, उमानाथ शुक्ल, नवलकुमार मिश्र, राजा किशोर पांडेय, गनेश सिंह, सन्तोष अवस्थी, एम. पी. अवस्थी, राजेन्द्र वाजपेयी कृष्ण कुमार द्विवेदी (राजू भैया), आदि प्रवचन सभा में उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### घर के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में झगड़ा

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गांव मेड़ौली में पुरानी रंजिश और घर के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में झगड़ा हो गया। जिसमें एक पक्ष के पांच लोगों ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से लाठी डंडों और कुल्हाड़ी, बांके से हमला कर चार लोगों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों को सीएचसी खीरों से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मेड़ौली निवासिनी मन्नू पत्नी इन्द्रकुमार ने खीरों थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरे परिवार के गंगादयाल से घर के बंटवारे को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। जिसके चलते बीती 22 फरवरी की शाम लगभग चार बजे गंगादयाल पुत्र सुंदरला, केशनावती पत्नी गंगादयाल, उनके बेटे अभिषेकए बेटी वेदिनी और बहू रिंकी ने मेरे घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से लाठी डंडों और कुल्हाड़ी, बांके से हमला कर मुझे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे मेरे ससुर रामप्रसाद, जेठ पवन कुमार, जेठानी रामरानी पर भी हमलाकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। चारों घायलों को सीएचसी खीरों पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### डीएम से बीडीसी सदस्यों ने बैठक निरस्त करने की मांग की

**ऊंचाहार, रायबरेली।** मंगलवार को ऊंचाहार के करीब चार दर्जन क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर सोमवार को संपन्न हुई ऊंचाहार क्षेत्र पंचायत की बैठक को निरस्त करने की मांग की है। सदस्यों ने निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने और बड़ी संख्या में सदस्यों के न होने के बावजूद पारित किए गए प्रस्तावों को अलोकतांत्रिक बताया है। ज्ञात हो कि सोमवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक के दौरान काफी बवाल हुआ था। इस मामले में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कहा गया है कि निर्धारित नियमों के अनुसार क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बैठक की सूचना 15 दिन पूर्व दी जानी चाहिए, किंतु ऐसा नहीं किया गया। जिसके कारण सदस्यों को बैठक की समय पर सूचना नहीं मिल सकी। यही नहीं ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का मामला उच्च न्यायालय में लंबित है, इसके बावजूद वह लगातार वित्तीय और प्रशासनिक कार्य को अंजाम दे रहे हैं। जबकि नियम के अनुसार उच्च न्यायालय द्वारा जब तक कोई व्यवस्था नहीं दी जाती एतब तक उन्हें अधिकार से वंचित किया जाना चाहिए। सदस्यों ने सोमवार को संपन्न हुई बैठक को निरस्त करके पुनः बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। शिकायती पत्र देने वाले सदस्यों में अभिलाष चंद्र कौशल, राजा जितेन्द्र सिंह अरखा, राजू सोनी, ज्ञानेंद्र, अरविंद शर्मा, विकाश श्रीवास्तव, गुड्डन यादव, राजेंद्र यादव, विजय बहादुर, गजाधर पासी, सन्दीप पटेल, अमरेशपासी, लाल बहादुर, मुकेश, राम मनोहर, अनामिका, सुनील कुमार, भोला, राजू, विजय कुमार, उमेश, इंद्रपाल, संजय आदि शामिल थे।

### दिनदहाड़े पति-पत्नी से लूट, असलहा दिखाकर बदमाशों ने छीना मंगलसूत्र व नकदी

**सलोन, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े पति-पत्नी के साथ लूट की वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने अवैध असलहा दिखाकर दंपति की बाइक रोक ली और महिला के गहने तथा नकदी लूटकर फरार हो गए। सूचना पर नसीराबाद पुलिस और सलोन क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुट गए। जानकारी के अनुसार नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे हाथीराम दुबे मजरे पूरे राई गांव निवासी हरिकेश नारायण द्विवेदी पुत्र ज्वाला प्रसाद अपनी पत्नी आशा देवी के साथ ससुराल निमंत्रण में गए थे। मंगलवार शाम करीब चार बजे दोनों बाइक से घर वापस लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही दंपति अपने गांव के पास पक्की सड़क पर पहुंचे, तभी पीछे से आए दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली। बदमाशों ने अवैध असलहा दिखाकर दंपति को धमकाया और महिला के गले से मंगलसूत्र, कान का झुमका तथा पर्स में रखे करीब 12 हजार रुपये नकद छीन लिए। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नसीराबाद पुलिस और सलोन सीओ मौके पर पहुंचे तथा पीड़ित से घटना की जानकारी लेकर आसपास के इलाके में बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

### शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तिलक भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में शहर अध्यक्ष ने आगामी 14, 15 एवं 16 मार्च को सांसद राहुल गांधी की प्रेरणा से एवं सांसद अमेठी किशोरी लाल शर्मा के प्रयासों से श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर द्वारा निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर के आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि सहायता शिविर में कृत्रिम अंग, प्रत्यारोपण एवं दिव्यांग उपकरण जैसे कि कृत्रिम हाथ/पैर, केलीपर्स, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, छड़ी व बैसाखी का वितरण निशुल्क किया जाएगा। आयोजन मदर टेरेसा इण्टर कालेज, जवाहर विहार कालोनी, रायबरेली में सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। शहर प्रवक्ता अभय त्रिवेदी ने शहर वासियों का आवाहन करते हुए कहा कि दिव्यांग सहायता शिविर में अधिक से अधिक दिव्यांग लोगों को शामिल कर दिव्यांगजनों की सहायता करे, दिव्यांगजनों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। शहर प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कांग्रेस कमेटी से मनोज मिश्रा, सर्वोत्तम मिश्रा, मनीष सोनकर एवं अंशू गांधी को सम्पर्क सूत्र के रुप में नामित किया गया है। मनोज मिश्रा ने सहायता शिविर में आने-जाने वाले दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र/यूआईडी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं आय प्रमाण पत्र को लाना अनिवार्य बताया। बैठक में सूर्यकुमार बाजपेयी ने मनोज त्रिवेदी शहर कांग्रेस कमेटी के आकस्मिक निधन पर एवं शहर कांग्रेस कमेटी के सचिव सै.अरशद की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा। मासिक बैठक का संचालन संजीव शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से आशीष द्विवेदी, सुनील सिंह भदौरिया, प्रीता नेथन, श्रीवास्तव, जितेन्द्र तिवारी, मो.हुसैन, अंकित चौधरी, पुतान सोनकर, राम कुमार, अमित मिश्रा, विजय लोधी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### 14, 15 व 16 मार्च निःशुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का होगा आयोजन

**रायबरेली।** श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर द्वारा दिव्यांगजनों हेतु तीन दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का आयोजन 14, 15 व 16 मार्च 2026 को प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक स्थान मदर टेरेसा इण्टर कालेज, जवाहर विहार रायबरेली में किया जाएगा। उक्त शिविर में कृत्रिम पैर, हाथ, कैलीपर, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, छड़ी व बैशाखी का वितरण किया जाएगा, सभी जरुरतमंद, पात्र दिव्यांगजनों को अपने साथ आधार कार्ड, विकलांग प्रमाण-पत्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त और आय प्रमाण-पत्र की मूल प्रति के साथ एक-एक छायाप्रति लाना आवश्यक है, सभी जरुरतमंद, पात्र दिव्यांगजन उक्त कार्यक्रम में पहुंचकर लाभ प्राप्त कर सकते है।

# सतांव ब्लॉक कार्यालय परिसर मे बने जर्जर भवनों का ध्वस्तीकरण टला

**अपूर्ण मिले निविदा प्रपत्र, बीडीओ अडॉ अंजूरानी वर्मा ने कहा-समिति करगी कार्य आवंटन का अन्तिम फैसला।**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सताँव, रायबरेली।** ब्लॉक कार्यालय परिसर में बने जीर्ण.शीर्ण आवासीय भवनों को धवस्त करने और मलबा हटाने के लिए आमंत्रित निविदायें मंगलवार को खोली गई, लेकिन सभी पत्रावलियों मे कोई न कोई कमी मिली, इसलिए उन्हे पूर्व से गठित तीन सदस्यीय समिति के हवाले कर दिया गया। अब समिति फैसला करेगी कि निविदायें निरस्त की जाँय या जिनमे मामूली कमी है, उन्हे सशर्त कार्य आवंटित कर दिया जाय। उल्लेखनीय है कि इस कार्य को सम्पादित कराने के लिए लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता, ब्लॉक पर नियुक्त जेई आरईएस व बीडीओ की तीन सदस्यीय समिति गठित है। ध्वस्तीकरण व मलबा हटाने का कार्य आवंटन न होने के कारण पुराने भवनों की जगह नये भवन बनाने का कार्य फ्लिवख्त अटक गया है। नये भवन बनाने के पहले पुराने जीर्ण-शीर्ण भवनों को ध्वस्त करके मलबा हटाने के लिए बीडीओ ने पंजीकृत फर्मों व ठेकेदारों से प्रस्ताव माँगे थे। मंगलवार तक कुल 6 लोगों ने कार्य प्रस्ताव दिये। दोपहर बाद करीब चार बजे समिति के समक्ष निविदायें खोली गई लेकिन सब अपूर्ण मिलीं। समिति ने निर्णय लिया कि प्रशासन के दिशा निर्देश के बाद ही कार्य आवंटन किया जायेगा। बीडीओ डॉ अंजू वर्मा ने बताया कि ध्वस्तीकरण का कार्य किसे सौंपा जायए इस पर शीघ्र फैसला होगा। सताँव ब्लॉक की स्थापना के बाद कार्यालय परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों के रहने के लिए टाइप-1 व टाइप-2 कैटेगरी के चार.चारए टाइप-3 के 6, टाइप-4 का एक व वाहन खड़ा करने के लिए एक गैराज कुल 16 भवन का निर्माण कराया गया था। शुरुआती दौर में इन भवनों मे ब्लॉक कर्मचारी व बीडीओ निवास करते थेए इसलिए भवनों की सुरक्षा रहती थी, लेकिन वर्ष 2000 के बाद धीरे-धीरे सभी कर्मचारियों ने इन भवनो मे रहना बंद कर दिया, जिससे वे जर्जर स्थिति मे पहुँच गये। इन भवनों को ध्वस्त करने नये भवन बनाने की माँग कई वर्षो से की जा रही थी, लेकिन करीब बीस साल के बाद अब भवनों के नव निर्माण की उम्मीद जगी है।

## सतांव में शराब ठेके के सामने घटी दुर्घटना, बाइक सवार युवक घायल



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सताँव, रायबरेली।** गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र मे रायबरेली-खीरों मार्ग पर सताँव गाँव स्थित शराब ठेके के सामने पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण के लिए खोदी गई पुलिया के गड्ढे की चपेट मे आकर सोमवार की देर रात एक बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गये। आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस बुलाकर दोनो को सीएचसी भेजा।

वहां मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक को जिला अस्पताल भेज दिया और दूसरे को छुट्टी दे दी। सताँव गाँव निवासी संदीप कुमार पुत्र राम विलास 25 वर्ष व पंकज कुमार 27 वर्ष बाइक से गुरुबख्शगंज की ओर जा रहे थे। सड़क के किनारे बस्ती के अंदर खोले गये शराब ठेके के पास दोनो युवक पुलिया निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों द्वारा खोदे गये गड्ढे की चपेट मे आ गये। दोनो बाइक से गिरकर घायल हो गये। आसपास मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस बुलाई और उन्हे सीएचसी जतुवा भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने पंकज को घर भेज दिया जबकि संदीप को जिला अस्पताल रेफर किया। पुलिस के मुताबिक घटना के बारे मे किसी ने कोई शिकायत नहीं की है। प्रधान प्रतिनिधि रानू सिंह की शिकायत पर पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने गडढ़े की फिलवख्त बेरीकेटिंग कर दी है।

## एसपी की चौखट पर पहुंचा ऊंचाहार में बीडीसी पर रिवाल्वर तानने का मामला, सीओ डलमऊ करेंगे जांच



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र पंचायत बैठक के दौरान बीडीसी सदस्य पर ब्लॉक प्रमुख के बेटे द्वारा कथित रूप रिवॉल्वर तानने का मामला मंगलवार को एसपी की चौखट पर पहुंच गया। मंगलवार को करीब चार दर्जन सदस्यों ने एसपी से मुलाकात करके पूरी हकीकत बताई है और प्रमुख के बेटे व उसके साथियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पूरे प्रकरण की जांच के लिए एसपी ने सीओ डलमऊ को निर्देशित किया है। ज्ञात हो कि सोमवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में भाग लेने के लिए सावापुर नेवादा गांव के बीडीसी सदस्य मनीष कौशल साथियों के साथ ब्लाक परिसर में थे। उनका आरोप है कि इसी दौरान ब्लाक प्रमुख का बेटा अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और बैठक कक्ष में जाने से उन्हें रोक लिया तथा उन पर रिवाल्वर तान दी। भगदड़ होने के कारण उसकी रिवॉल्वर छूटकर नीचे गिर गई, जिसके कारण उनकी जान बच सकी। इस घटना की एक तहरीर कोतवाली में सोमवार को ही दी गई थी।

पुलिस द्वारा प्राथमिकी न दर्ज करने के कारण मंगलवार को करीब चार दर्जन बीडीसी सदस्य लेबमबंद होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एसपी को पूरी घटना से अवगत कराया। इस मामले में एसपी ने निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन बीडीसी सदस्यों को दिया है। उन्होंने पूरे मामले की जांच क्षेत्राधिकारी डलमऊ को सौंपी है। इधर कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि घटना ने तहरीर लेकर जांच की जा रही है, जो तथ्य सामने आएंगे उसी अनुरूप कार्रवाई होगी।

## प्राथमिक शिक्षा को मजबूत बनाने पर कार्यशाला में दिया गया जोर



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह में खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश के मार्गदर्शन में ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय प्राधिकरण निकाय के सदस्यों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाना, जनसमुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विद्यालय विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को प्रभावी बनाना था। कार्यशाला को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने विद्यालय प्रबंध समिति की भूमिका, बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन, ठहराव तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी से ही विद्यालयों का समग्र विकास संभव है। इस दौरान रमेश शुक्ला ने बच्चों के समग्र विकास के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। वहीं ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ने उपस्थित प्रधानों से विद्यालयों के 19 निर्धारित पैरामीटर को शीघ्र पूर्ण कराने की अपील की। जिससे विद्यालयों की गुणवत्ता और व्यवस्थाएं बेहतर हो सकें। कार्यशाला में शिवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं और विभाग द्वारा किए जा रहे नवीन प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ सीधे उनके खातों में पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार ने किया। कार्यशाला में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और स्थानीय निकाय के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव भी साझा किए। अंत में प्राथमिक संघ के अध्यक्ष आदित्य नारायण पांडेय ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्कर्ष सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर, मनीष यादव लेखाकार, इंद्रजीत, आजाद, राजेश कुमार तथा मनोज कुमार सहित अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## जनपद के 12 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न होगी परीक्षा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने 14 एवं 15 मार्च 2026 को आयोजित की जा रही उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 लिखित परीक्षा को पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज व चंद्रपाल इंटर कॉलेज गंगागंज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप निरीक्षक ना0पु0 एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा का आयोजन उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर 14 तथा 15 मार्च पूर्वान्ह 10.00 बजे से मध्यान्ह 12.00 बजे तक एवं अपरान्ह 03.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में किया जायेगा। इसी क्रम में जनपद के 12 परीक्षा केंद्रों पर 14 व 15 मार्च 2026 को दोनों पालियों में परीक्षा सम्पन्न होगी। परीक्षा में प्रत्येक पाली में 3600 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। जनपद के प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में परीक्षा के दृष्टिगत जो भी तैयारियां की जानी थी वह सभी पूर्ण कर ली गई है। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# बेटी ने सेना में लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त होकर पूरे क्षेत्र और जिले का नाम किया रोशन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, खीरों, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के गांव हरीपुर निहस्था निवासी सीआरपीएफ के सबइंस्पेक्टर की बेटी ने सेना में लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त होकर पूरे क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। अपना प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद मंगलवार को जब वह अपने घर पहुंची तो परिजनों और शुभचिंतकों तथा ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े बजाते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया। जब वह अपने घर पहुंची तो सभी परिजनों की आँखों से खुशी के आँसू निकल पड़े और वह खुद भी भावुक हो गई। सभी परिजनों और शुभचिंतकों ने फूल मालाओं से स्वागत करते हुए केक काटकर खुशियां मनाई। रायबरेली के सीआरपीएफ जवानों की टोली ने उसके घर पहुंचकर प्रतीक चिन्ह भेंटकर बधाई दी। लेफ्टिनेंट साक्षी सिंह ने बताया कि मेरे पिता सर्वेश बहादुर सिंह सीआरपीएफ लखनऊ में सबइंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं और मां प्रभा सिंह गृहिणी हैं। भाई अनुभव सिंह इलाहाबाद से बीटेक कर रहा है। लेफ्टिनेंट साक्षी सिंह ने रायबरेली के बीएसएस पब्लिक स्कूल से इण्टर तक की शिक्षा प्राप्त की। फिर फिरोज गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी से बीटेक किया। उसके बाद खुद से पढ़ाई कर कई बार एफकैट की परीक्षा पास की लेकिन इन्टरव्यू में सफलता नहीं मिली तो फिर भी निराश नहीं हुई और लगातार प्रयास करने पर 28 सितम्बर 2024 को लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त हुई। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय बताया अपने माता पिता और परिजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि मेरे परिवार के अन्दर देश भक्ति का जज्बा होने के कारण मेरे परिजन मुझे सेना में पड़े पद पर नियुक्त होकर देश की सेवा करने की प्रेरणा देते थे। इसी से मैंने सफलता प्राप्त की। सात मार्च को गया बिहार में अपना प्रशिक्षण पूरा किया। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं और युवतियों को लगन और परिश्रम के साथ पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मन में दृढ़ निश्चय करने का सन्देश दिया है। मंगलवार को अपने गांव पहुंचने पर लेफ्टिनेंट साक्षी सिंह का ग्रामीणों और आसपास के कई गांवों के लोगों ने ढोल नगाड़े बजाते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया। सीआरपीएफ रायबरेली की टीम के शैलेन्द्र सिंह, शशिकांत त्रिवेदी, अशोक कुमार, नरेन्द्र मौर्य, रोहित कुमार, दिलीप, आलोक सिंह, आरपी सिंह, जेपी यादव आदि ने उनके घर पहुंचकर प्रतीक चिन्ह भेंटकर बधाई दी। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें इस सफलता पर बधाई दी है।

## सरकारी नाली तोड़कर पिलर खड़ा करने का आरोप, तहसील उपाध्यक्ष ने आमरण अनशन की दी चेतावनी

**प्रस्तावित आमरण अनशन से पहले विवाद का समाधान हो पाता है या नहीं।**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पूरे मियां गफूर में सरकारी नाली तोड़कर अवैध रूप से पिलर खड़ा करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस प्रकरण को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के पदाधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जताई है और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। मामले में तहसील उपाध्यक्ष चन्द्रभान मौर्य ने उपजिलाधिकारी सलोन को प्रार्थना पत्र देकर आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पूरे मियां गफूर निवासी एवं तहसील उपाध्यक्ष सलोन चन्द्रभान मौर्य का आरोप है कि उनके घर के दक्षिण दिशा में लगभग 20 वर्ष पूर्व जल निकासी के लिए सरकारी नाली का निर्माण कराया गया था। उसी स्थान पर इण्डिया मार्क.2 हैंडपंप भी स्थापित है। नाली उनकी दीवार से लगभग ढाई फुट दूरी छोड़कर बनाई गई थीए जिससे गांव का पानी निकास होता रहा है।

आरोप है कि मंगलवार को गांव के ही जीवन लाल पुत्र स्व छोटेलाल तथा अरुण व अर्जुन पुत्रगण जीवन लाल ने उक्त सरकारी नाली को तोड़कर वहां अवैध रूप से पिलर खम्भा खड़ा कर दिया। इससे जल निकासी की व्यवस्था प्रभावित हो गई है और भविष्य में गांव में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की आशंका जताई जा रही है। चन्द्रभान मौर्य का कहना है कि घटना की सूचना तत्काल थाना नसीराबाद पुलिस एवं डायल 112 को दी गई, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य को नहीं रोका गया। इसको लेकर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर संगठन की बैठक कर निर्णय लिया गया है कि यदि अवैध रूप से बनाए गए पिलर को तत्काल नहीं हटाया गया तो वे स्वयं तथा संगठन के कार्यकर्ता 11 मार्च को दोपहर 12 बजे साधन सहकारी समिति शाखा नसीराबाद परिसर में आमरण अनशन और धरना प्रदर्शन पर बैठेंगे। तहसील उपाध्यक्ष ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी सलोन को लिखित सूचना देकर प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अवैध पिलर हटवाने और सरकारी नाली को पूर्ववत बहाल कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। उधर इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सरकारी नाली पर अतिक्रमण हुआ है तो प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे गांव की जल निकासी व्यवस्था प्रभावित न हो। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और प्रस्तावित आमरण अनशन से पहले विवाद का समाधान हो पाता है या नहीं।

# फाँसी पर लटका मिला बैनामा लेखक के बेटे का शव, ग्रामीणों में हड़कम्प



**गुरुबख्शगंज क्षेत्र के पूरे कोइली मजरे बाँस गाँव का निवासी था मृतक**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सताँव, रायबरेली।** गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे कोइली मजरे बाँस गाँव निवासी बैनामा लेखक के बेटे का शव गाँव से थोड़ी दूर एक बाग मे पेड़ पर रस्सी के सहारे फन्दे से लटकता देख हड़कम्प मच गया। परिजनों को खबर मिली तो रोते-चिल्लाते मौके पर पहुँचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस व फारेंसिक टीम ने घटना स्थल का जायजा लिया। शव पेड़ से नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के पूरे कोइली मजरे बाँस गाँव निवासी राजू लोधी 44 वर्ष अपने बैनामा लेखक पिता रज्जन लाल के साथ रजिस्ट्री ऑफिस के पास बैठता था और उनके काम मे हाथ बंटाता था। राजू के पिताए माँ व दो भाई रायबरेली स्थित घर मे रहते हैं जबकि वह गाँव से रोज शहर जाता आता था। परिजनों के मुताबिक राजू सोमवार की रात करीब आठ बजे रायबरेली से किसी साधन से गाँव आने के लिए निकला था। मंगलवार की सुबह ग्रामीण खेतों की तरफ गये तो पूरे तेली गाँव के पास एक बगिया मे चिलवल के पेड़ पर राजू का शव रस्सी से लटकता देखा। ग्रामीणों ने राजू के घर वालों को खबर दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। फारेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुँची पुलिस ने मौका मुआयना किया और शव को नीचे उतरवाया। फारेंसिक टीम ने मौके से शराब के पाउच बरामद किये हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक आरंभिक पड़ताल मे घटना आत्महत्या की है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

# चैत्र नवरात्र : 20 घंटे होंगे मां विंध्यवासिनी के दर्शन

## चरण स्पर्श रहेगा प्रतिबंधित, चार पहर की होगी आरती

**स्वतंत्र भारत,मिर्जापुर।** चैत्र नवरात्र मेले के दौरान मां विंध्यवासिनी का चरण स्पर्श प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान रोज 24 घंटे मंदिर खुला रहेगा। 20 घंटे मंदिर में श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन कर सकेंगे। चार पहर की आरती के लिए एक-एक घंटे मंदिर के कपाट बंद रहेंगे। मंगला आरती भोर में तीन से चार बजे, दोपहर राजश्री आरती 12 बजे से एक बजे, संध्या आरती शाम 7 बजे से आठ बजे तक व बड़ी आरती रात नौ बजकर 30 मिनट से 10 बजकर 30 मिनट तक होगा। चैत्र नवरात्र मेले के दौरान मां विंध्यवासिनी का शयन नहीं लगेगा। पंडा समाज के मंत्री भानू पाठक ने बताया चैत्र नवरात्र मेले के दौरान मां विंध्यवासिनी का चरण स्पर्श पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।चैत्र नवरात्र मेले की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। मेले में महज नौ दिन शेष रह गया है। लेकिन तैयारियां जोर नहीं पकड़ पा रही हैं। कई ऐसे कार्य हैं, जिसे अल्प समय में पूरा करना किसी चुनौती से कम नहीं। मुख्य सड़क से लेकर मां विंध्यवासिनी मंदिर व गंगाघाटों की तरफ जाने वाली विभिन्न गलियों में जगह-जगह मलबा, कूड़े का अंबार पड़ा है। अभी तक गंगा घाटों सहित प्रमुख गलियों में सफाई तक शुरू नहीं हो पाई है।

मेला क्षेत्र में शुद्ध पेयजल और प्रकाश का समुचित प्रबंध कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। विंध्याचल मंदिर तक जाने क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत शुरु नहीं हुई। हालात यही रहे तो श्रद्धालुओं को परेशान होना पड़ सकता है। वर्तमान समय में भट्ट की गली, सेंट्रल बैंक गली, नाहर की गली, त्रिमुहानी गली, पश्चिम मुहाल गली, रामजी की गली, बावली गली एवं कोतवाली गली तथा विंध्यांचल की मुख्य सड़कों पर जगह-जगह नाले और नालियां जाम है। गलियों में अधिकांश स्थानों पर कूड़े का अंबार है, जिससे भक्तों को आवागमन में परेशानी होगी। रोडवेज परिसर सहित प्राइवेट बस स्टैंड परिसर में गंदगी है। इसी तरह अष्टभुजा पहाड़ पर मेले के मद्देनजर पंचायत राज विभाग की तरफ से तैयारी नहीं शुरू हो पाई है। उधर, विंध्यांचल मिर्जापुर सड़क की हालत ठीक नहीं है। विंध्याचल रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग 40 फीट चौड़ा कर दिया गया है। मार्ग पर जगह-जगह मलबा पड़ा है। कीचड़ युक्त सड़क पर श्रद्धालुओं को आवागमन में मुश्किलें होंगी।गंगाघाटों पर विंध्य की पौड़ी का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके चलते श्रद्धालु चैत्र नवरात्र के दिनों में छह घाटों पर गंगा स्नान नहीं कर सकेंगे। विंध्यधाम में इस बार इमली घाट, गुदारा घाट, परशुराम घाट, भैरो घाट, बाबू घाट, देवी घाट, चिकना टोला घाट पर गंगा स्नान प्रतिबंधित रहेगा। सिर्फ तीन घाट पर ही श्रद्धालु स्नान-ध्यान कर सकेंगे। नगर पालिका ईओ जी लाल ने बताया कि चैत्र नवरात्र मेले के दौरान दिवान घाट, पक्का घाट, व अखाड़ा घाट पर पालिका प्रशासन की तरफ से स्नान की व्यवस्था की जाएगी।

# जंगल में पेड़ से लटकता मिला महिला का शव

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के पिपरी थाना क्षेत्र के खा?पाथर के जंगल में सोमवार की सुबह शुकवरिया देवी (42) का शव पेड़ के सहारे फंदे से लटकता मिला। महिला के घुटने जमीन को छू रहे थे। वह रविवार की शाम नाराज होकर घर से निकली थी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

**■ जमीन को छू रहा था पैर, घर से नाराज होकर निकली थी**

खाड़पाथर के जंगल की ओर सोमवार की सुबह कुछ लोग टहलने के लिए गए थे। वहां पेड़ के सहारे महिला का शव लटकता देख सन्न रह गए। कुछ ही देर में भीड़ जुट गई। पुलिस ने खाड़पाथर के सभासद प्रतिनिधि शंभू खरवार को बुलाकर शव की पहचान कराई। महिला की शिनाख्त खाड़पाथर की ही शुकवरिया देवी (42) के रूप में हुई। उसके पति राजेंद्र खरवार की मौत हो चुकी है। पुलिस ने परिजनों को बुलाकर पूछताछ की। पुत्र राकेश ने बताया कि शुकवरिया देवी रविवार की रात करीब 10 बजे किसी बात से नाराज होकर घर से निकल गई थी। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। सोमवार की सुबह जंगल में शव मिलने की सूचना पर वह मौके पर पहुंचे थे। पिपरी एसओ प्रणय प्रसून श्रीवास्तव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पश्चिम एशिया जंग से बिगड़ी बाजार की चाल, शेयर बाजार लुढ़कने से निवेशकों के 500 करोड़ डूबे

**स्वतंत्र भारत,मेरठ।** शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। शहर के निवेशकों के कुछ ही मिनटों में 500 करोड़ रुपये घट गए। कारोबार शुरू होते ही बीएसई सेंसेक्स करीब 2,400 अंक टूट गया। निफ्टी- 50 भी 750 अंकों से ज्यादा गिर गया। ऐसे में बाजार की चाल पूरी तरह बिगड़ गई। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यूएस -इस्राइल और ईरान युद्ध रहा। अब वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू -राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती से निवेशकों की चिंता बढ़ गई है।चैंबर फॉर डेवलपमेंट एंड प्रमोशन ऑफ एमएसएमई के सचिव और बाजार जानकार आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि बाजार खुलने के सिर्फ 10 मिनट के भीतर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण लगभग 12.39 लाख करोड़ रुपये कम हो गया। कुल बाजार मूल्य करीब 437 लाख करोड़ रुपये तक सिमट गया। इस गिरावट का मुख्य कारण मिडिल ईस्ट में बढ़ता युद्ध और कच्चे तेल की कीमतों में अचानक आई तेज उछाल है।शेयर ब्रोकर मुकेश कुमार गुप्ता बताते हैं कि सोमवार को बाजार में लगभग हर क्षेत्र में बिकवाली देखने को मिली। इंटरग्लोब एविएशन का शेयर करीब आठ फीसदी तक टूट गया। ऐसे में मेरठ के काफी लोगों को नुकसान हुआ। टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक और मारुति सुजुकी के शेयरों में लगभग पांच फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। निफ्टी पीएसयू बैंक सूचकांक सबसे ज्यादा पांच फीसदी से ज्यादा गिरा।बाजार में गिरावट की सबसे बड़ी वजह कच्चे तेल की कीमतों में आई वृद्धि रही। बाजार के विशेषज्ञ डॉ. संजीव अग्रवाल के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट करीब 30 फीसदी उछलकर 118 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।ब्रेंट क्रूड भी लगभग 27 फीसदी बढ़कर 118 डॉलर के करीब पहुंच गया। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद तेल की कीमतें पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंची हैं। तेल की कीमतों में तेजी की वजह स्ट्रेट ऑफ हार्मुज में पैदा हुआ संकट है। जहां आवाजाही लगभग रुक गई है। ऐसे में आने वाले दिनों में प्लास्टिक, रबर, पेट्रोलियम उत्पादों के दाम में इजाफा होने की संभावना है।शेयर ब्रोकर अनिल वर्मा ने बताया कि बाजार गिरने में शहर के कुछ निवेशकों ने पैसा भी लगाया। अनिल वर्मा ने बताया रूस यूक्रेन युद्ध में भी बाजार में गिरावट आई तब भी कुछ लोगों ने निवेश किया। गिरावट कुछ महीने रहेगी, लेकिन बाजार फिर उठेगा।

## एक नजर

### बरेली में मंदिर के सेवादार ने दी जान

**स्वतंत्र भारत,बरेली।** बरेली के कैंट इलाके में स्थित धोपेश्वर नाथ मंदिर के सेवादार युवक विजय राठौर ने फंदा लगाकर जान दे दी। इससे पहले उसने 32 मिनट 34 सेकेंड का एक वीडियो बनाकर यूट्यूब पर अपलोड किया। इसमें उसने प्रेमिका के घरवालों के साथ अपने परिजनों पर भी प्रताड़ित करने व पीटने का आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस से झूठी शिकायत करने और पुलिस पर रुपये लेने का भी आरोप लगाया है। यूट्यूब पर दो दिन पहले अपलोड किए गए वीडियो में विजय कहता है कि मैं आज या कल में सुसाइड कर लूंगा। बहुत परेशान हूं। पूरी-पूरी रात सो नहीं पाता हूं। मुझे मेरे घरवालों ने और जिस लड़की की वजह से सुसाइड कर रहा हूं, इन सबने मुझे इतना परेशान कर दिया है कि मेरे पास यही रास्ता बचता है। पुलिसवालों ने पैसा खाया है। मेरे खिलाफ झूठी शिकायत की गई। जबकि सबको पता था कि मैं ऐसा नहीं कर सकता हूं। किसी ने मेरे साथ अच्छा नहीं किया। विजय आगे कहता है कि वह उस लड़की से दो साल पहले धोपेश्वर नाथ मंदिर में मिला था। इंस्टाग्राम पर उससे बातचीत हो गई। मैंने उसे प्रपोज किया था। हमारे बीच में सब कुछ अच्छा चल रहा था। महाशिवरात्रि से पहले उनकी अनबन हुई। फिर एक महीने तक उसने बात नहीं की। फिर एक दिन उसने मैसेज किया कि हमारे बीच अब कुछ नहीं हो सकता है। वह उसके आगे बहुत गिड़गिड़ाया, लेकिन वह नहीं मानी। विजय ने कहा कि मैं ये वीडियो बरेली एसएसपी के पास भिजवाना चाहता हूं। मैंने सुना है वह बहुत अच्छे अफसर हैं। मरने के बाद मुझे इंसाफ मिले।

### भाजपा नेता के वाहन से चेकिंग करने वाले तहसीलदार का तबादला

**स्वतंत्र भारत,** चुनाव आयोग से अनुमति मिलने पर डीएम ने तहसीलदार प्रवीण कुमार को ठाकुरद्वारा से हटाकर बिलारी भेज दिया है। आरोप था कि तहसीलदार भाजपा नेता की गाड़ी में बैठकर खनन के वाहनों की चेकिंग करते थे। तहसीलदार प्रवीण कुमार पर आरोप था कि वह भाजपा नेता की गाड़ी में बैठकर उत्तराखंड से आने वाले खनन के डंपरों की चेकिंग कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले में डीएम ने एडीएम वित्त एवं राजस्व को जांच करने के निर्देश दिए। इस बारे में तहसीलदार का कहना था कि उनकी गाड़ी खराब हो गई थी। इस कारण भाजपा नेता की गाड़ी से लिफ्ट ली थी। डीएम ने आरोप को गंभीर मानते हुए तहसीलदार के वेतन आहरण पर रोक लगा दी। साथ ही शासन को भी कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी थी। तहसीलदार प्रवीण कुमार एसआईआर में भी कार्य कर रहे थे। इसलिए करीब एक माह पूर्व किए गए तबादले के आदेश को चुनाव आयोग से अनुमति न मिलने के कारण निरस्त कर दिया गया था। अब चुनाव आयोग से अनुमति मिलने के बाद प्रवीण कुमार को बिलारी का तहसीलदार बनाया गया है। तहसील सदर के तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह को ठाकुरद्वारा भेजा गया है। तहसीलदार अंकित गिरी को बिलारी से तहसील सदर के लिए स्थानांतरित किया गया है। तबादले की पुष्टि एसडीएम प्रीति सिंह ने की है।

### मथुरा : छह दिन बाद कब्र से निकाली जाएगी महिला की लाश

**स्वतंत्र भारत,मथुरा।** मथुरा के राया थाना क्षेत्र के गांव भंकरपुर बसैला में छह दिन पूर्व हुई एक महिला की मौत के मामले में अब जिलाधिकारी के आदेश पर शव को कब्र से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। यह फैसला तब लिया गया जब मृतका के पति ने प्रेम प्रसंग के चलते हत्या का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई। गांव भंकरपुर बसैला की निवासी अनवरी बेगम की मृत्यु 3 मार्च को हुई थी। मृत्यु के उपरांत, परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार कर शव को कब्र में दफना दिया था। हालांकि, मृतका के पति अनवार खान ने इस मामले में प्रेम प्रसंग को हत्या का कारण बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनकी पत्नी की हत्या की गई है और उसी दिन शव को दफना दिया गया।इस घटना की सूचना मिलते ही थाना राया पुलिस हरकत में आई। शक के आधार पर पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही है। पीड़ित पति अनवार खान ने अपनी पत्नी के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई थी, ताकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सके।उनकी अपील पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल आदेश जारी किए हैं कि मृतका अनवरी बेगम के शव को कब्र से बाहर निकाला जाए और उसका पोस्टमार्टम कराया जाए। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे।

### आईसीयू की खिड़की को तोड़ पहली मंजिल से कूदा युवक

**स्वतंत्र भारत,मेरठ।** लोहियानगर थाना क्षेत्र के एनएएमएस (न्यूरो एंड मेंटल साइंसेज) अस्तपाल के आईसीयू में भर्ती फतेहउल्लापुर गांव का अमन (24) सोमवार शाम लगभग सात बजे पहली मंजिल से कूद गया। अमन आईसीयू की खिड़की का शीशा तोड़कर कूदा और घायल हो गया। हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अमन के वीडियो रिकॉर्डिंग कर बयान लिए हैं। परिजन ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है, लेकिन एएसपी का कहना है कि परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।फतेहउल्लापुर गांव निवासी अनुज ने बताया कि उनका बड़ा भाई अमन दिल्ली रोड स्थित एक मॉल के कपड़े के शोरूम में काम करता था, लेकिन कुछ समय पहले उसने काम छोड़ दिया था। सात मार्च को तेज बुखार होने पर अमन को एनएएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार शाम को वह अस्पताल के आईसीयू में भर्ती था। इसी दौरान शाम सात बजे वह पहली मंजिल से कूद गया।

# 186 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न

## धन के अभाव में गरीब परिवार के पुत्री की शादी नहीं रूकेगी : पूर्व मंत्री यशवंत सिंह



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद आजमगढ़ में आज विकास खण्ड परिसर जहानागंज में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें 08 विकास खण्ड-जहानागंज, अतरौलिया, कोयलसा, बिलरियागंज, महराजगंज, मेंहनगर, पल्हनी एवं सठियांव तथा 03 नगर पंचायत के कुल-202 जोड़ों का पंजीकरण हुआ था जिसमें कुल-186 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री उ0प्र0 सरकार श्री यशवन्त सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री रमेश कन्नौजिया ब्लाक प्रमुख जहानागंज, श्री अरविन्द जायसवाल क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बी0जे0पी0 गोरखपुर क्षेत्र, श्री राकेश सिंह मण्डल अध्यक्ष जहानागंज उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि यशवन्त सिंह पूर्व मंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा कहा गया कि 'मा0 मुख्यमंत्री जी की यह एक महत्वपूर्ण योजना है। अब किसी भी गरीब परिवार के पुत्री की शादी धन के अभाव में पीले होने से नहीं रहेंगे। सरकार इस योजनान्तर्गत रूपये 100000.00 (रू0 एक लाख मात्र) व्यय करती है, जिसमें से रू0 60,000.00 विवाहोपरान्त उपहार स्वरूप कन्या के खाते में तथा रू0 25,000.00 के लगभग 26 सामान (जिसमें 05 साड़ी का सेट, प्रेसर कुकर, 08 किलो स्टेनलेस स्टील का डिनर सेट, सीलिग फैन, प्रेस, दो गद्दे, डबल बेड की चादर, 30 ग्राम चांदी की पायल, 10 ग्राम बिछिया आदि) सम्मलित हैं तथा रू0 15,000.00 कार्यक्रम आयोजन पर व्यय किये जाते है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में नकद रूपये के साथ-साथ आवश्यक गृहस्थी का सामान भी सरकार उपलब्ध कराती है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में डी0डी0 पंचायती राज, बी0डी0ओ0 जहानागंज, बी0डी0ओ0 अजमतगढ़, श्री राजेश चैधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, आजमगढ़, सहित श्री शियानन्द यादव स0वि0अ0, श्री चन्दन प्रसाद स0वि0अ0, श्री मुकेश यादव स0वि0अ0, श्री अंकित सिंह ग्रा0वि0अ0, श्री ऋषिकेश, श्री पारसनाथ स0क0 पर्यवेक्षक, श्री सुधांशु मिश्र एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण भी मौके पर उपस्थित रहे ।

# सिविल जज सीडी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शैलजा मिश्रा द्वारा निरूद्ध कैदियों के रिहाई हेतु जिला कारागार देवरिया का निरीक्षण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कारागार के पाकशाला का निरीक्षण कर मानक के अनुसार भोजन देने हेतु निर्देशित किया गया। न्यायाधीश द्वारा कारागार चिकित्सालय का निरीक्षण कर बन्दियों से व्यक्तिगत मिलकर उनकी समस्या के निदान हेतु कारागार अधीक्षक को विशेष दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश के द्वारा ऐसे बन्दी जिनकी जमानत माननीय न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध है उसके संबंध में अधीक्षक जिला कारागार देवरिया को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# महापौर ने किया कोरियाई दल का स्वागत स्मारक के विकास में सहयोग का वादा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कोरिया का 11 सदस्यीय दल मंगलवार को अयोध्या पहुंचा और राजकुमारी सूरीरत्ना (दक्षिण कोरिया के गया राज्य की महारानी हेलो ह्वांग-ओक) के स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने अपनी पत्नी राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने कोरियाई प्रतिनिधि मंडल का अंग वस्त्र एवं प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान महापौर ने रानी हो मेमोरियल पार्क के विकास में हर संभव सहयोग का वादा किया। हाल ही में स्मारक नगर निगम ने पर्यटन विभाग से हस्तगत किया है। कोरिया गणराज्य का 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल इंचियोन ली क्वान एसोसिएशन के अध्यक्ष ली जिन ओके के नेतृत्व में अपनी मातामही रानी हो से जुड़ी स्मृतियों को ताजा करने मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। यहां महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने अपनी पत्नी राजलक्ष्मी त्रिपाठी के साथ उनका स्वागत किया। दुभाषिया के माध्यम से हुई बातचीत में प्रतिनिधि मंडल ने रानी हो मेमोरियल पार्क में पूजा स्थल के विकास की आवश्यकता जताई। महापौर ने स्मारक के विकास में हर संभव सहयोग का वादा किया। उन्होंने इसके लिए भारतीय दूतावास के माध्यम से पत्राचार करने का सुझाव दिया। कोरियाई प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि आगामी 06 अक्टूबर को सौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रानी हो को नमन करने अयोध्या आएगा। उन्होंने अप्रैल में दक्षिण कोरिया में हो रहे कार्यक्रम में आने का निमंत्रण महापौर को दिया।

# सरकारी कार्य में बाधा डालने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जिले की निजामाबाद पुलिस ने ऐसे अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो आपसी विवाद में जानलेवा हमला व सरकारी कार्य में बाधा डालने का वांछित अभियुक्त था, दिनांक 08.01.2026 को प्रातः लगभग 09:00 बजे ग्राम बारीखास थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ में प्रथम पक्ष की विमला देवी पत्नी स्व0 हरेन्द्र चौहान व विनीता पुत्री स्व0 हरेन्द्र चौहान तथा द्वितीय पक्ष की सरिता पत्नी जगदीश चौहान व गोविन्द पुत्र भगेलू चौहान के बीच नल से पानी ले जाते समय पानी गिरने को लेकर विवाद हो गया, विवाद के दौरान दोनों पक्षों द्वारा गाली-गलौज करते हुए बांस के डंडे से एक-दूसरे पर जानलेवा हमला किया गया, जिससे दोनों पक्षों के लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे बीट आरक्षी द्वारा समझाने-बुझाने के दौरान भी दोनों पक्ष उग्र हो गये तथा सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए एक-दूसरे को जान से मारने की धमकी दी। उक्त



घटना के संबंध में थाना निजामाबाद पर मु0अ0सं0 25/26 धारा 109(1), 115(2), 352, 351(3), 221 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया, दिनांक 10.03.2026 को उ0नि0 लाला राम मय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण/संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग के दौरान सेन्टरवां मोड़ पर मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त गोविन्द चौहान पुत्र भगेलू चौहान निवासी ग्राम बारीखास थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ असनी पुलिया के पास कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अभियुक्त को असनी पुलिया से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम गोविन्द चौहान पुत्र भगेलू चौहान निवासी बारीखास थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ बताया।

# बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने वाला आरोपी भेजा गया जेल

**आजमगढ़।**जिले की फूलपुर कोतवाली पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत नाबालिक बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर, पॉक्सो एक्ट में जेल भेज दिया। बता दें कि दिनांक 09.03.2026 को थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ पर प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर यह प्रकाश में आया कि दिनांक 08.03.2026 को थाना क्षेत्र के एक ग्राम में एक नाबालिग बच्ची के साथ आरोपी द्वारा अश्लील हरकत की गई। इस संबंध में थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0 86/2026 धारा 75 बीएनएस व 9/10 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 सत्येन्द्र कुमार द्वारा की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार (द्वक्क्र) द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान तथा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी फूलपुर के निर्देशन में थाना फूलपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त राजेश पुत्र केसरी निवासी



ग्राम सैदपुर खंजहांपुर थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ को दिनांक 09.03.2026 को समय करीब 19:43 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को उसके अपराध से अवगत कराते हुए नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेजा गया।

# परिक्रमा के परियोजनाओं को लेकर प्रतिकार भुगतान की हुई समीक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अपर जिलाधिकारी (नगर) योगानंद पांडे की अध्यक्षता में चौरासी कोसी, चौदह कोसी, पंचकोसी व रिंग रोड निर्माण/प्रतिकार भुगतान तथा आवास विकास परिषद द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण की प्रगति के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (भू./आ.) कौशल कुमार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अनिरुद्ध कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अमित कुमार भट्ट सहित सभी उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अभियंता उपस्थित रहें। बैठक में चौरासी कोस, चौदह कोसी व पंचकोसी परियोजनाओं के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति, प्रतिकार भुगतान की प्रगति तथा शेष प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिग्रहण से संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करते हुए पात्र किसानों/भूमि स्वामियों को प्रतिकार भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाए, जिससे निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। समीक्षा के दौरान यह भी निर्देश दिया गया कि जिन प्रकरणों में कोई तकनीकी अथवा राजस्व संबंधी समस्या लंबित है, उन्हें आपसी समन्वय से शीघ्र हल करते हुए कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराया जाए। साथ ही संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि परियोजनाओं की प्रगति की नियमित निगरानी करते हुए शासन के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। रिंग रोड निर्माण के संबंध में तहसील सोहावल एवं सदर उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि कब्जा और भुगतान की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। आवास विकास परिषद को सीडी4 में अंश निर्धारण एवं अधिग्रहण की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

# बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 640 अंक चढ़ा, निफ्टी 24250 के पार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और पश्चिम एशिया में संघर्ष के जल्द समाप्त होने की उम्मीदों के बीच घरेल बाजार में बढ़त देखने को मिली। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से मजबूती से उबरते हुए 36 पैसे बढ़कर 91.85 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 639.82 अंक या 0.82 प्रतिशत बढ़कर 78,205.98 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 960.09 अंक या 1.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 78,526.25 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 233.55 अंक या 0.97 प्रतिशत चढ़कर 24,261.60 पर बंद हुआ।



सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। पिछड़ने वाली कंपनियों में इटरनल, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल शामिल थीं।

यूरोपीय बजारों में दिखी तेजी

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 5.35 प्रतिशत की तीव्र उछाल के साथ बढ़ा, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक 2.88 प्रतिशत की तेजी से ऊपर चढ़ा। शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक भी सकारात्मक स्तर पर बंद हुए। यूरोप के बाजारों में भारी तेजी देखी गई। सोमवार को अमेरिकी बाजार में तेजी के साथ कारोबार समाप्त हुआ।

क्या है विशेषज्ञों की राय?

ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष में संभावित तनाव कम होने के संकेतों के बाद बाजार में उछाल आया, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान युद्ध के जल्द समाप्त होने का संकेत दिया था। इस घटनाक्रम ने भू-राजनीतिक चिंताओं को कम किया और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई, जिससे जोखिम की भावना स्थिर हुई।

अनुसंधान विश्लेषक और लिवेलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि भू-राजनीतिक चिंताओं में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में आए तीव्र उलटफेर के कारण हाल की अस्थिरता के बाद निवेशकों का विश्वास बहाल होने से भारतीय शेयर बाजारों में आज जोरदार उछाल देखने को मिला।

उन्होंने कहा कि निफ्टी-50 में 200 से अधिक अंकों की बढ़त दर्ज की गई, जिसे वैश्विक भावना में सुधार का समर्थन मिला क्योंकि बाजारों ने इस संकेत पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी कि मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के आसपास तनाव कम होना शुरू हो सकता है। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 90.26 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत में 9.03 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 90.26 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बाजार विनिमय आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 6,345.57 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 9,013.80 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सोमवार को सेंसेक्स 1,352.74 अंक या 1.71 प्रतिशत गिरकर 77,566.16 पर बंद हुआ, लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। इसी क्रम में निफ्टी भी 422.40 अंक या 1.73 प्रतिशत गिरकर 24,028.05 पर समाप्त हुआ।

# सोना-चांदी की कीमतों में उछाल, चांदी 2.73 लाख और सोना 1.60 लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। India Bullion and Jewellers Association के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,700 रुपये बढ़कर 1.60 लाख रुपये पर पहुंच गया। इससे पहले इसका भाव 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम था। वहीं एक किलो चांदी 13 हजार रुपये बढ़कर 2.73 लाख रुपये प्रति किलो हो गई, जो पहले 2.60 लाख रुपये थी। विशेषज्ञों के मुताबिक 29 जनवरी को सोना 1.76 लाख रुपये और चांदी 3.86 लाख रुपये के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए थे। इसके बाद कीमतों में गिरावट आई थी, जिसके कारण बाजार में खरीदारी बढ़ी है। इस साल सोने और चांदी दोनों की कीमतों में उल्लेखनीय तेजी देखने को मिली है। पिछले वर्ष के अंत में सोना 1.33 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम था, जो अब बढ़कर 1.60 लाख रुपये हो गया है। यानी इस साल अब तक सोना लगभग 27 हजार रुपये महंगा हो चुका है। वहीं चांदी की कीमत में भी करीब 24 हजार रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने-चांदी की कीमतें अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों पर निर्भर करेंगी। खासकर पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव की स्थिति में कीमती धातुओं में फिर तेजी आ सकती है। वहीं अगर अमेरिका के आर्थिक आंकड़े मजबूत रहते हैं और डॉलर मजबूत होता है तो सोने की कीमतों पर दबाव पड़ सकता है। विशेषज्ञों ने ग्राहकों को सलाह दी है कि सोना खरीदते समय हमेशा Bureau of Indian Standards का हॉलमार्क लगा प्रमाणित सोना ही खरीदें। साथ ही खरीदारी से पहले विभिन्न स्रोतों से उस दिन का भाव जांच लेना भी जरूरी है, क्योंकि 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट सोने के दाम अलग-अलग होते हैं।

# एमएसएमई को वैश्विक बाजार से जोड़ने की पहल

**नई दिल्ली।** वॉलमार्ट ने इंडिया ग्रोथ समिट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। यह सम्मेलन भारतीय कंपनियों को घरेलू एवं वैश्विक स्तर पर विस्तार करने में सक्षम बनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। 7 मई, 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में सम्मेलन के दूसरे संस्करण का आयोजन होगा, जिसमें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स, डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) सेलर्स और इनोवेटिव सप्लाई चेन कंपनियां एक मंच पर आएंगी और वॉलमार्ट के साथ मिलकर वैश्विक व्यापार में अपने लिए नए अवसर तलाशेंगी। वॉलमार्ट मार्केटप्लेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मनीष जोनेजा ने कहा, 'वॉलमार्ट में हम कंपनियों को वैश्विक स्तर पर विकास करने में मदद देने के लिए उत्साहित हैं। इंडिया ग्रोथ समिट 2026 से इनोवेशन और सप्लायर्स एवं सेलर्स को वैश्विक बाजार में बढ़ने में मदद को लेकर हमारी प्रतिबद्धता दिखती है। हम कारोबार बढ़ाने और वैश्विक ग्राहकों तक पहुंचने के सफर में भारतीय उद्यमियों के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।' वॉलमार्ट मार्केटप्लेस से जुड़ने और अंतरराष्ट्रीय ई-कॉमर्स में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की इच्छा रखने वाली भारतीय कंपनियां 23 अप्रैल, 2026 तक रजिस्ट्रेशन करा सकेंगी। यह सम्मेलन मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य होम टेक्सटाइल्स, कंज्यूमेबल्स, हेल्थ एवं वेलनेस, फूड, जनरल मर्चेंडाइज, ज्वेलरी, अपैरल, जूते खिलौने एवं स्टेशनरी जैसी प्रमुख कैटेगरी में निर्यात को बढ़ावा देना है। इंडिया ग्रोथ समिट 2026 में एक एक्जीक्यूटिव सेशन आयोजित होगा, जिसमें उपस्थित लोगों को वॉलमार्ट के लीडर्स के विचारों को सुनने का मौका मिलेगा। इसके बाद क्यूरेटेड लर्निंग सेशंस भी आयोजित होंगे, जिनसे कारोबारियों को विकास करने, अपने परिचालन को आगे बढ़ाने, रिटेल सेक्टर से संबंधित प्रमुख इनसाइट्स पाने और ई-कॉमर्स के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जुड़ने में मदद मिलेगी। सम्मेलन में उपस्थित होने वालों को वॉलमार्ट मार्केटप्लेस पर रजिस्टर करने और क्रॉस-बॉर्डर ट्रेड के माध्यम से वैश्विक ग्राहकों तक पहुंचने का मौका मिलेगा। एक डेडिकेटेड रिसोर्स सेंटर के माध्यम से व्यक्तिगत स्तर पर एडवाइजरी सपोर्ट भी मिलेगा, जिससे वॉलमार्ट की कैटेगरी टीमों एवं संबंधित विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कंपनियों को प्लेटफॉर्म ऑनबोर्डिंग, नियामकीय जरूरतों और क्रॉस-बॉर्डर ट्रेड में मदद मिलेगी। 2019 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से वॉलमार्ट वृद्धि सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम ने भारत में 70,000 से ज्यादा एमएसएमई को प्रशिक्षित किया है। 2028 तक 1,00,000 एमएसएमई को प्रशिक्षित करने की योजना के साथ यह प्रोग्राम लगातार ऐसे संसाधन एवं प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, जिससे कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों समेत अपनी पहुंच को विस्तार देने में मदद मिले। फ्लिपकार्ट पर 14 लाख से ज्यादा सेलर्स के साथ यह सम्मेलन उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय कारोबार के अवसरों को देखने का एक नजरिया भी देगा। साथ ही योग्य एमएसएमई को वैश्विक बाजार में कदम रखने और विकास के लिए जरूरी रास्ता बनाने में मदद करेगा। इंडिया ग्रोथ समिट 2026 इनोवेशन के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में भी काम करेगा, जिससे सप्लायर्स को अत्याधुनिक रिटेल टेक्नोलॉजी, उत्पादों को लेकर बदलती मांग और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास के लिए जरूरी टूल्स तक जल्दी पहुंच मिल सकेगी। यह पहल मेक्सिको, चिली, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका में वॉलमार्ट के सफल वैश्विक प्रोग्रामों से प्रेरित है। इन देशों में वॉलमार्ट के प्रोग्राम से स्थानीय सप्लायर्स को वॉलमार्ट के ग्लोबल नेटवर्क में सुगमता से इंटीग्रेट होने का मौका मिला है। चुने गए आवेदकों को नोटिफाई किया जाएगा और व्यक्तिगत रूप से सम्मेलन में आने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उनके पास वॉलमार्ट की लीडरशिप टीम और देशभर से डोमेन एक्सपर्ट्स एवं समान कारोबार करने वालों के साथ संपर्क स्थापित करने, महत्वपूर्ण इनसाइट्स पाने एवं वैश्विक स्तर पर अपने सफर को गति देने का मौका मिलेगा।

# डीओसी की मांग घटने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूती और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव से आपूर्ति प्रभावित होने के चलते देश के तेल-तिलहन बाजारों में तेजी का रुख देखा गया। सोयाबीन और बिनौला तेल के भाव में सुधार रहा जबकि डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर मांग के चलते सोयाबीन तिलहन में गिरावट दर्ज की गई। सरसों, मूंगफली तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल के भाव पूर्व स्तर पर बंद हुए। बाजार सूत्रों के अनुसार इस बार खपत बढ़ने के बावजूद खाद्य तेलों का आयात घटा है। नवंबर-दिसंबर 2022 में कुल 31.11 लाख टन (खाद्य व अखाद्य) तेलों का आयात हुआ था जबकि नवंबर-दिसंबर 2023 में यह घटकर 24.72 लाख टन रह गया यानी करीब 21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है और देश के बंदरगाहों पर सोयाबीन तेल आने में 40 से 45 दिन का समय लग रहा है। विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के



दाम नरम रहने के बावजूद घरेलू बाजारों पर इसका असर नहीं पड़ा है, जिससे संकेत मिलता है कि देश में खाद्य तेलों का स्टॉक सीमित है। सूरजमुखी और सोयाबीन जैसे सॉफ्ट तेलों की आपूर्ति कम है और जाड़े व विवाह-शादी के मौसम में मांग बढ़ने से आपूर्ति की दिक्कतें बढ़ सकती हैं। यह स्थिति देशी तेल-तिलहन उत्पादन बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित करती है। देश की एक प्रमुख तेल कंपनी पामोलीन तेल के 770 ग्राम के पाउच को 85 रुपये के अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेच रही है, जिससे पामोलीन तेल का भाव 120 रुपये प्रति किलो बैठता है जबकि इसका आयात मूल्य 85 रुपये प्रति किलो ही है। गरीब वर्ग, जो पामोलीन तेल का अधिक उपयोग करता है, इस बढ़ी लागत का बोझ उठाने को मजबूर है। विशेषज्ञों ने कहा कि तेल संगठनों और सरकार को केवल थोक बाजार नहीं बल्कि खुदरा बिक्री मूल्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे - सरसों तिलहन 5,415 से 5,465 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,665 से 6,740 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलीवरी (गुजरात) 15,750 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,350 से 2,625 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 10,025 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों घानी तेल 1,710 से 1,810 रुपये प्रति टिन, तिल तेल 18,900 से 21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल (दिल्ली) 10,075 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलीवरी (इंदौर) 9,825 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ (कांडला) 7,900 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला तेल (हरियाणा) 8,525 रुपये प्रति क्विंटल और पामोलीन आरबीडी (दिल्ली) 9,100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

कुल मिलाकर विदेशी बाजारों की मजबूती और घरेलू आपूर्ति में कमी के कारण तेल-तिलहन बाजार में मजबूती का रुख बना हुआ है जबकि उपभोक्ताओं पर खुदरा कीमतों का दबाव बढ़ा है। यदि आयात में तेजी नहीं आई और घरेलू उत्पादन नहीं बढ़ाया गया तो आने वाले महीनों में तेल की कीमतों में और वृद्धि देखी जा सकती है।

# देश में बढ़ी बिजली की खपत, फरवरी में 2 प्रतिशत बढ़कर 133 अरब यूनिट

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की मांग फरवरी में लगभग 2 प्रतिशत बढ़कर 133 अरब यूनिट (क्व) पर पहुंच गई, जो पिछले साल इसी महीने के 131 अरब यूनिट की तुलना में अधिक है। यह फरवरी महीने के लिए कम से कम 2010 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर माना जा रहा है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के मुताबिक, कई हिस्सों में सामान्य से अधिक न्यूनतम और अधिकतम तापमान दर्ज होने के कारण कूलिंग की जरूरत बढ़ी, जिससे बिजली की खपत में इजाफा हुआ।

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 2026 में देश की बिजली मांग सालाना आधार पर 1 से 1.5 प्रतिशत बढ़कर 1,705 से 1,715 अरब यूनिट के बीच रह सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, कड़ी सर्दी, वित्त वर्ष के अंत में सामान्य से अधिक तापमान की शुरुआत और स्थिर आर्थिक वृद्धि बिजली मांग को बढ़ावा दे सकती है, हालांकि लंबे मॉनसून के कारण इस वृद्धि पर कुछ असर पड़ सकता है।

पश्चिम एशिया संघर्ष का भारत की अर्थव्यवस्था पर असर, तेल 110 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचा

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष का असर अब भारत की अर्थव्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। एमके वेल्थ मैनेजमेंट की एक नई रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि क्षेत्र में जारी तनाव भारत के लिए ऊर्जा लागत और बाजार में अस्थिरता बढ़ा सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक यह संघर्ष कई देशों से जुड़ा हुआ है और इसका आर्थिक प्रभाव उम्मीद से अधिक गंभीर हो सकता है। सबसे बड़ी चिंता कच्चे तेल और ईंधन की कीमतों में तेज बढ़ोतरी को लेकर जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत 65-70 डॉलर प्रति बैरल के दायरे से बढ़कर करीब 110 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। इसका कारण क्षेत्र में ऊर्जा ढांचे को हुआ नुकसान बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के तेल बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है, जबकि होरमुज जलडमरूमध्य बंद होने और कतर से एलएनजी आपूर्ति रुकने से वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दबाव बढ़ गया है। इसके चलते प्राकृतिक गैस की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक यदि संघर्ष जारी रहता है तो 2026 में एलएनजी उत्पादन में भी बड़ा नुकसान हो सकता है। अनुमान है कि दो सप्ताह में करीब 3.30 मिलियन टन और यदि युद्ध एक महीने या उससे अधिक चला तो करीब 11.20 मिलियन टन तक एलएनजी उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

# एमएसएमई क्षेत्र को विकसित बाजारों तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी

**नई दिल्ली।** यूरोपियन यूनियन, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अन्य बड़े बाजारों के साथ हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते से देश के एमएसएमई क्षेत्र को विकसित बाजारों के बड़े हिस्से तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। इससे भारतीय विनिर्माताओं को आगे बढ़ने, वैश्विक मांग को पूरा करने और अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति शृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा। यह बात वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने फिक्की लेडीज़ ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार समारोह में कही। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले एमएसएमई क्षेत्र को गुणवत्ता आधारित विकास पर ध्यान देना चाहिए और कम लागत वाले उत्पादन से गुणवत्ता संचालित उत्पादन की ओर बढ़ना चाहिए। वर्तमान में 65 प्रतिशत विकसित बाजार मुक्त व्यापार समझौते का हिस्सा हैं और ये देश उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद चाहते हैं। साथ ही डिजिटल पहुंच वाले ग्रामीण क्षेत्रों सहित भारतीय उपभोक्ता भी बेहतर गुणवत्ता के उत्पादों की मांग कर रहे हैं। जितिन प्रसाद ने कहा कि एमएसएमई निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मुक्त व्यापार समझौतों का उद्देश्य उन्हें वैश्विक मूल्य शृंखला में शामिल करना है। उन्होंने यह भी कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता तेजी से स्वास्थ्य सेवा, परिवहन, विनिर्माण और सेवाओं सहित सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपकरण बनती जा रही है, इसलिए एमएसएमई को उत्पादकता, दक्षता और निर्णय प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए इस तकनीक को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. सुभ्रांशु शेखर आचार्य ने लक्षित सहयोग, डिजिटल सशक्तिकरण और कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि व्यापार सक्षमकरण और विपणन पहल के तहत पांच लाख एमएसएमई को खुले डिजिटल वाणिज्य नेटवर्क मंच पर लाने का लक्ष्य है, जिसमें 50 प्रतिशत उद्यम महिलाओं के नेतृत्व वाले होंगे।

# भारत के प्रमुख बाजार सूचकांक निफ्टी 50 के तीन दशक पूरे

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया एनएसई ने आज निफ्टी 50इंडेक्स के 30 वर्ष पूर्ण होने का जश्न मनाया। निफ्टी 50 भारत का प्रमुख इक्विटी बेंचमार्क है और इसे दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले इंडाइसेस में से एक माना जाता है। इस खास अवसर पर मुंबई स्थित एनएसई के एक्सचेंज प्लाज़ा में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बाजार से जुड़े कई प्रमुख लीडर्स, निफ्टी 50 कंपनियों के प्रतिनिधि, रेगुलेटर्स और भारत के पूँजी बाजार से जुड़े प्रतिभागी शामिल हुए।इस समारोह में श्री तुहिन कांत पांडे, चेयरमैन, सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) श्री तुहिन कांत पांडे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं, श्री एस. गुरुमूर्ति, पब्लिक इंटेलेक्चुअल, लेखक और भारतीय रिजर्व बैंक के स्वतंत्र निदेशक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर श्री श्रीनिवास इंजेती, चेयरमैन, एनएसई और श्री आशीषकुमार चौहान, एमडी एवं सीईओ, एनएसई भी उपस्थित रहे।

श्री तुहिन कांत पांडे, चेयरमैन, सेबी, ने कहा, 'निफ्टी 50 के तीन दशक पूर्ण होने का जश्न मनाना सिर्फ एक इंडेक्स की कहानी नहीं है। यह भारत के पूँजी बाजार और उन्हें मजबूत बनाने वाली संस्थाओं की सम्पूर्ण यात्रा को भी उजागर करता है।

श्री एस. गुरुमूर्ति, पब्लिक इंटेलेक्चुअल, लेखक और भारतीय रिजर्व बैंक के स्वतंत्र निदेशक ने कहा, 'पिछले कुछ दशकों में भारत की वित्तीय व्यवस्था एक अलग और खास तरीके से विकसित हुई है। कई देशों में बाजार सिर्फ वित्तीय नए प्रयोगों के सहारे बढ़े, लेकिन भारत में बाजार मजबूत संस्थाओं, रेगुलेटर्स की निगरानी और सावधानी के साथ आगे बढ़े हैं। इस मौके पर श्री श्रीनिवास इंजेती, चेयरमैन,एनएसई,ने कहा, 'पिछले तीन दशकों में निफ्टी 50 सिर्फ एक बाजार इंडेक्स भर नहीं रहा, बल्कि यह भारत की आर्थिक रफ्तार का मजबूत प्रतीक बन गया है। श्री आशीषकुमार चौहान, एमडी और सीईओ, एनएसई, ने कहा, 'विगत30 वर्षों में निफ्टी 50 सिर्फ एक साधारण बाजारइंडेक्सनहीं रहा। आज यह भारत के कॉर्पोरेट सेक्टर की सक्रियता और देश के पूँजी बाजार की बढ़ती ताकत को भी दर्शाता है। इस अवसर पर एनएसई ने'निफ्टी पैनोरमा'नाम की एक किताब भी जारी की, जिसे श्री उर्विश कंथारिया ने लिखा है। इस किताब में निफ्टी के सफर और उसके विकास को विस्तार से बताया गया है। इसके साथ ही'निफ्टी 50: थर्टी इयर्स ऑफ इंडियाज़ मार्केट इवोल्यूशन'शीर्षक से एक श्वेत पत्र भी अतिथियों ने जारी किया। कार्यक्रम के दौरान दो खास वीडियो भी दिखाए गए। एक वीडियो में भारत के वित्तीय बाजार के विकास में निफ्टी की भूमिका और निवेशकों पर उसके असर को बताया गया, जबकि दूसरे वीडियो में निफ्टी 50 कंपनियों के प्रतिनिधियों और बाजार से जुड़े लोगों के अनुभव साझा किए गए।

# कच्चे माल की बढ़ती लागत से भारतीय एल्युमीनियम उद्योग के सामने चुनौती

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ़ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज़ (फिमी) ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति में रुकावट की आशंका के बीच अंतरराष्ट्रीय एल्युमीनियम की कीमतें 3,400 डॉलर प्रति टन से ऊपर पहुंच गई हैं। इससे भारत के प्राथमिक उत्पादकों को तो कम समय के लिए फ़ायदा हो रहा है, लेकिन आदान लागत बढ़ने से उन्हें लंबे समय की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिम एशिया में स्थित कुछ एल्युमीनियम स्मेल्टर, जैसे कि अल्बा (एएलबीए), ने अपरिहार्य स्थिति घोषित कर दी है और अस्थायी रूप से खेप रोक दी है। जबकि कतर में स्थित कतालम स्मेल्टर ने सीमित समय के लिए बंद घोषित कर दिया है।

फिमी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस क्षेत्र से दुनिया भर के एल्युमीनियम उत्पादन का लगभग 8-9 प्रतिशत हिस्सा आता है।



अधिकारी ने कहा कि भारत के लिए, कम समय के लिहाज़ से प्राथमिक उत्पादकों के लिए कीमतों में यह बढ़ोतरी सकारात्मक है। लेकिन उन्होंने आगाह किया कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य में रुकावटों के कारण माल ढुलाई की लागत में भारी बढ़ोतरी हुई है। इससे मुख्य कच्चा माल कैल्सीन्ड पेट्रोलियम कोक (सीपीसी) के आयात पर असर पड़ रहा है और घरेलू स्मेल्टर के लिए उत्पादन लागत बढ़ रही है। जैसे ही मौजूदा तनाव कम होगा, कीमतें निश्चित रूप से नरम पड़ जाएंगी।

नाल्को, हिंडाल्को और वेदांता जैसी कंपनियां, जो सालाना 40 लाख टन से ज़्यादा एल्युमीनियम का उत्पादन करती हैं, सीपीसी के आयात के लिए काफ़ी हद तक अमेरिका और पश्चिम एशिया पर निर्भर रहती हैं। इससे वे आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली कमज़ोरियों के प्रति संवेदनशील हो जाती हैं। फिमी ने चेतावनी दी कि अगर यह संकट और एल्युमीनियम की ऊंची कीमतें बनी रहती हैं, तो इससे बुनियादी ढांचा, बिजली, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और वाहन जैसे क्षेत्रों के लिए आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। अधिकारी ने आगे बताया कि इस उद्योग संगठन ने मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के बीच सरकार से कुछ उपाय करने की अपील की है, जैसे कि आयात के स्रोतों में विविधता लाना और कच्चे माल पर आयात शुल्क में कमी करना।

वेदांता अपने एल्युमीनियम कारोबार का विस्तार करने के लिए लगभग 10,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। इस निवेश में ओडिशा के झारसुगुड़ा में मूल्य-वर्धित क्षमता का विस्तार, छत्तीसगढ़ में बाल्को स्मेल्टर का विस्तार और लांजीगढ़ में चल रहे क्षमता विस्तार का काम शामिल है। नाल्को ने अगले पांच साल में एक नया एल्युमीनियम स्मेल्टर और कोयले पर आधारित एक बिजली संयंत्र स्थापित करने के लिए 30,000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। इसमें से 18,000 करोड़ रुपये स्मेल्टर के लिए रखे गए हैं, और 12,000 करोड़ रुपये ताप बिजली संयंत्र पर खर्च किए जाएंगे।

# वित्तीय वर्ष 26 के लिए लोकसभा से 2.81 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च की मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष-26 के लिए अपने वित्तीय प्रबंधन और योजनाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को लोकसभा से 2.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सकल अतिरिक्त व्यय के लिए मंजूरी मांगी है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब सरकार को विभिन्न मंत्रालयों के तहत तय बजट के अलावे धन की आवश्यकता है।

**अनुपूरक अनुदान मांगों की दूसरी खेप**

संसद में यह प्रस्ताव वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अनुपूरक अनुदान मांगों के दूसरे बैच के रूप में पेश किया गया। जब बजट में आवंटित राशि कम पड़ जाती है या किसी नए खर्च की जरूरत होती है, तब सरकार संसद से अतिरिक्त खर्च की अनुमति मांगती है। इस प्रस्ताव के तहत सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस भारी-भरकम राशि का प्रबंधन किस प्रकार किया जाएगा।

**खर्च और फंड का पूरा गणित**

सरकार द्वारा पेश किए गए दस्तावेज़ों के अनुसार, संसद से कुल 2,81,289.26 करोड़ रुपये के सकल अतिरिक्त व्यय को अधिकृत करने की मांग की गई है।

**अब आगे क्या?**

वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए इस प्रस्ताव पर अब संसद में चर्चा होगी। 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रबंधन विभागों की बचत से करना सरकार के संतुलित वित्तीय ढांचे को दर्शाता है। लोकसभा से इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिलने के बाद, चालू वित्त वर्ष के लिए मंत्रालयों को यह अतिरिक्त फंड उपलब्ध करा दिया जाएगा।

इस विशाल राशि को दो मुख्य हिस्सों में बांटा गया है:-

शुद्ध नकद व्ययः इस कुल अतिरिक्त खर्च में से वास्तविक नकद निकासी या 'नेट कैश आउटगो' 2,01,142.96 करोड़ रुपये का होगा। आसान भाषा में, यह वह राशि है जो सीधे सरकारी खजाने से निकाली जाएगी।

बचत और प्राप्तियों से भरपाईः खर्च का बाकी हिस्सा, जो कि 80,145.71 करोड़ रुपये है, उसके लिए नए फंड की जरूरत नहीं होगी। इसकी व्यवस्था विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की मौजूदा बचत, या फिर बढ़ी हुई प्राप्तियों और रिकवरी के जरिए की जाएगी।

# शिवराज ने दोहराया भारत को वैश्विक फूड बास्केट बनाने का संकल्प

## संसद में शिवराज ने किया दावा : 'कृषि क्षेत्र में हरित क्रांति से भी तेज गति से आगे बढ़ रहा भारत'

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** देशभर में सर्वकालिक रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन होने का दावा करते हुए केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज ने एक बार फिर भारत को वैश्विक फूड बास्केट बनाने का संकल्प दोहराया है। उन्होंने संसद में दावा किया कि इस समय कृषि क्षेत्र में भारत हरित क्रांति के दौर से भी अधिक तेज गति से आगे बढ़ रहा है। देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर लगभग 357 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाने की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि भारत की खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय दोनों मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि भारत ने करीब 150 मिलियन टन से अधिक चावल उत्पादन के साथ चावल उत्पादन में चीन को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है जबकि गेहूं, सरसों, सोयाबीन और मूंगफली जैसी फसलों में भी रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज हुआ है। साथ ही दालों का उत्पादन लगभग 19 मिलियन टन से बढ़कर 25-26 मिलियन टन के आसपास पहुंच गया है और बागवानी उत्पादन भी 369 मिलियन टन से अधिक के स्तर पर पहुंच चुका है जो किसानों के लिए अतिरिक्त आय का बड़ा स्रोत बना है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का स्पष्ट विजन है



कि भारत केवल अपने नागरिकों की खाद्य सुरक्षा तक सीमित न रहे, बल्कि विश्व बंधु की भावना के साथ दुनिया की जरूरतों को भी पूरा करने वाला 'फूड बास्केट ऑफद वर्ल्ड' बने। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में रिकॉर्ड उत्पादन, मजबूत भंडारण क्षमता और निर्यात की संभावनाओं ने भारत को वैश्विक स्तर पर एक भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित किया है और आने वाले समय में यह भूमिका और मजबूत होगी।

आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संसद के माध्यम से देश के समक्ष उक्त जानकारियां प्रस्तुत करते बताया कि आज भारत का खाद्यान्न उत्पादन हरित क्रांति के शुरुआती दौर की तुलना में कई गुना अधिक हो चुका है और अब वृद्धि की रफ्तार भी पहले से तेज है। उन्होंने कहा कि 2014-15 के मुकाबले खाद्यान्न उत्पादन में लगभग 40-42 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है एवं दलहन, तिलहन, बागवानी और दुग्ध उत्पादन सरीखे सभी क्षेत्रों में भी लगातार नए कीर्तिमान बन रहे हैं जिसका सीधा फायदा किसानों की आय के साथ ही देश की खाद्य सुरक्षा को भी मिल रहा है। शिवराज ने दावा किया कि सही तरीके से प्राकृतिक खेती अपनाने पर उत्पादन घटने की आशंका निराधार है बल्कि देश के कई हिस्सों के प्रयोगों में यह साबित हुआ है कि किसानों की पैदावार पहले से ज्यादा हुई है और उत्पाद की गुणवत्ता भी बेहतर मिली है। यही वजह है कि प्राकृतिक खेती में किसानों को प्रति एकड़ वित्तीय सहायता दी जा रही है ताकि वे रासायनिक खाद और महंगे कीटनाशकों की जगह स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों पर आधारित पारंपरिक भारतीय पद्धतियां अपनाएं। कृषि मंत्री ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल के कृषि क्षेत्र के हालातों का जिक्र करते हुए तंज कसा कि पहले भारत को पीएल-480 के तहत आयातित गेहूं पर निर्भर रहना पड़ता था लेकिन आज स्थिति यह हैं कि देश के गोदाम गेहूं और चावल से भरे पड़े हैं और सरकार को चिंता इस बात की है कि इसे रखे कहां।

# मिशन शक्ति टीम ने किया जागरूक



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक हलिया में मंगलवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया । इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है ।

# दिनदहाड़े चोरी की घटना से सहजी गांव में हड़कंप

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर )।** लालगंज थाना क्षेत्र के सहजी गांव में मंगलवार को दिनदहाड़े हुई

### चार बोरी सरसों लेकर भागे आरोपी

--------------------------

चोरी की घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर पुलिस की प्रभावी कार्रवाई न होने से चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार सहजी गांव निवासी लालचंद पटेल का पूरा परिवार कोटारनाथ धाम में कीर्तन कार्यक्रम में शामिल होने गया हुआ था। घर सूना पाकर लालगंज थाना क्षेत्र के ही चार युवक दीपू ,आमिर, सलमान और जज्जे करीब एक बजे दोपहर मौके पर पहुंच गए। पहले उन्होंने घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर की बैटरी खोलने का प्रयास किया। लेकिन असफल रहने पर घर के अंदर रखी चार बोरी सरसों उठा ली। और दो मोटरसाइकिलों से बरौंधा बाजार की ओर निकल पड़े।

इसी बीच किसी तरह घटना की जानकारी गृहस्वामी को हो गई। उन्होंने तत्काल ग्रामीणों के साथ आरोपियों का पीछा किया। बरौंधा बाजार पहुंचने पर दो आरोपी मौके से फरार हो गए। जबकि दो को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही बरौंधा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर चौकी ले गई। पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर यदि समय रहते कड़ी कार्रवाई की जाती, तो चोरों के हौसले इस तरह बुलंद न होते।

## भांजी को भगाने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के मामा ने सोमवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर भांजी को बहला फुलाकर भगाने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की मेरी 14 वर्षीय भांजी बीते 3 मार्च को होली पर घर आई थी की 6 मार्च को 5 बजे शाम मेरे घर से देवरी बाजार गई थी । जो लौटकर घर वापस नही आई काफी खोजबीन किया गया तो जानकारी करने से पता चला की गौरवा गांव निवासी सुनील कोल मेरी भांजी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

इधर उधर पता किया गया तो पता नही चल पाया है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की 14 वर्षीय किशोरी के मामा की तहरीर पर किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## डीएम व डीआईओएस से बिना मान्यता के चल रहे इंटर कालेज की शिकायत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी अपना दल एस के युवा प्रदेश सचिव शशिकांत पटेल ने डीएम व डीआईओएस से शिकायत पत्र भेजकर हथेड़ा गांव में बिना मान्यता के चल रहे इंटर कालेज की जांच कराकर कार्रवाई की मांग किया है भेजे गए शिकायत पत्र में बताया है की हथेडा गांव जेपी धाम व श्याम लाल इंटर कालेज के प्रबंधक द्वारा बिना मान्यता के हाई स्कूल व इंटर का संचालन कराने व छात्रों से मोटी फीस वसूल किया जा रहा है बिना मान्यता के हाई स्कूल व इंटर का संचालन कराया जा रहा है जिससे छात्रों का भविष्य खतरे में है तथा हाई स्कूल व इंटर पास लोगो को अध्यापक पद पर रखा गया है जो अध्यापक पद का निर्वहन कर रहे है जो मानक के खिलाफ है जिससे छात्रों का भविष्य खतरे में है विद्यालय में किताब व ड्रेस विद्यालय के आड़ में विक्रय कर अभिभावक से मोटी रकम की वसूली किया जा रहा है प्रबंधक से कई बार शिकायत किया गया लेकिन प्रबंधक जो काफी सरहंग व दबंग रसूकदार व्यक्ति है धमकी देकर कहता है की सरकार के पैसे से विद्यालय नही चला रहे है जो करना है करलो विद्यालय अपने मर्जी के हिसाब से ही चलाऊंगा शिकायत देकर जांच कराकर बिना मान्यता के इंटर कालेज का संचालन करने वाले प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है।

## अदवा नदी में फेंक रहे मुर्गा, बकरे का अवशेष, ग्रामीणों में आक्रोश

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया कस्बा स्थित मीट की दुकानों सहित मांस बिक्री करने वाले दुकानों पर मुर्गा, बकरा आदि का मांस निकालने के बाद उसका अवशेष व हड्डी आदि अदवा नदी में फेक रहे है जिससे अदवा नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है वही बाजार के लोगों को स्नान करने व नदी में कपडा धोने आने पर दुर्गंध के कारण परेशानी हो रही है। नदी के तट पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के अगल बगल आवारा कुत्ते हड्डी ला रहे हैं। मंदिर पुजारी भीम दत्त त्रिपाठी ने बताया कि नदी के किनारे मांस के अवशेष व हड्डी कुत्ते मंदिर के आस पास ला रहे है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन, भाजपा महिला मोर्चा ने महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आभा सिंह पटेल की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मझवा विधायक आदरणीय श्रीमती सूचीस्मिता मौर्य जी ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निधि पटेल व अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया एवं महिला सशक्तिकरण, सामाजिक भागीदारी तथा आत्मनिर्भरता,व महिलाओं को समाज और राजनीति में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया तथा महिला सशक्तिकरण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष आदरणीय राजू कनौजिया जी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और समाज तथा राष्ट्र के विकास में उनका योगदान निरंतर बढ़ रहा है। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आयुषी श्रीमाली जी ने महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा की महामंत्री सुनीता शर्मा जी ने किया। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती गीता यादव (महिला मोर्चा जिला



उपाध्यक्ष) तथा सहसंयोजक जिला मंत्री संध्या पटेल जी जिला महामंत्री बिना सिंह, जिला उपाध्यक्ष शिव कुमारी राय जी ,प्रेमलता दुबे जी ,जिला मंत्री प्रेमवती बिंद जी, कार्यकारिणी सदस्य अनीता जी, मदीना बेगम, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा अनीता प्रजापति, दीपा उमर, रंजना मौर्य, सविता जी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना, उनके अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

## संदिग्ध मौत प्रकरण में आरोपी को नोटिस सहयोग न करने पर वारंट की चेतावनी



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के टटरहाई रोड से जुड़े प्राची सोनी प्रकरण में पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। पति गौरव सोनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद दर्ज मुकदमे में नामजद आरोपियों से पूछताछ के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। कटरा कोतवाली प्रभारी वैद्यनाथ सिंह के अनुसार इस मामले में नामजद आरोपी महेश सोनी, सुनीता सोनी और विजय सोनी उर्फ तनु के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को कई बार थाने पर पूछताछ के लिए बुलाया गया, लेकिन वह सहयोग नहीं कर रहा है। इसके बाद पुलिस भारी फोर्स के साथ आरोपी के घर पहुंची, जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल थीं। पुलिस का कहना है कि टीम के पहुंचने के बावजूद आरोपी घर पर नहीं मिला और पूछताछ से बचता रहा। पुलिस ने विधिक प्रक्रिया के तहत आरोपी के घर नोटिस चस्पा कर दिया है। नोटिस में आरोपी को निर्धारित समय के भीतर पुलिस के समक्ष उपस्थित होकर पूछताछ में सहयोग करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस का कहना है कि यदि आरोपी नोटिस को गंभीरता से नहीं लेता और पूछताछ में सहयोग नहीं करता है तो उसके खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी कराने की कार्रवाई की जा सकती है। उधर पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जिन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, उनके समर्थन में एक विधायक के खड़े होने से मामले की निष्पक्ष जांच में बाधा उत्पन्न हो रही है। पीड़ित का कहना है कि इस कारण जांच की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और उन्होंने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि इस मामले में पहले से ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है और पूरे प्रकरण को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।


# उ0प्र0 अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय, लखनऊ।

प्रथम/द्वितीय तल, चतुर्थ टावर, सिग्नेचर बिल्डिंग पुलिस मुख्यालय, लखनऊ ।Email- fshqup@gmail.com

**पत्रसंख्या:** एफ0एस0(टी)- 276-2025(15वें वित्त आयोग) **दिनांक:**मार्च, 10 ,2026

## निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु **03 अदद Breathing Apparatus Van** क्रय/निर्माण किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर जेम कस्टम बिड संख्या- GEM/2026/B/7328811 दिनांक 10.03.2026 को कस्टम बिड की गयी। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| BID DETAILS | |
|---|---|
| जेम कस्टम बिड संख्या | GEM/2026/B/7328811 |
| दिनांक | 10.03.2026 |
| बिड बंद होने की तारीख/समय | 25.03.2026 13:00:00 |
| बिड खुलने होने की तारीख/समय | 25.03.2026 13:30:00 |
| बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) | 180(DAYS) |
| प्री-बिड मीटिंग तारीख/समय | 16.03.2026 12:00:00 FSHQ, LKO |

उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु **03 अदद Breathing Apparatus Van** क्रय/निर्माण किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर जेम कस्टम बिड संख्या- GEM/2026/B/7328811 दिनांक 10.03.2026 में उल्लखित एंव जेम पोर्टल पर उल्लखित क्रय संबंधित समस्त नियम व शर्तों के साथ ही ऑनलाइन प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**( सुभाष कुमार )**
मुख्य अग्निशमन अधिकारी/
नोडल अधिकारी(परचेज),
अग्निशमन तथा आपात सेवा,
मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।

उ0प्र0 247829 दिनांक- 10.03.2026
Website: www.upgov.nic.in


# राजकीय डिग्री कॉलेज का वार्षिकोत्सव एवं पत्रिका का हुआ विमोचन

**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर में आज दिनांक 10 मार्च 2026 को वार्षिकोत्सव का आयोजन एवं ज्ञानदीप पत्रिका का विमोचन भव्य एवं गरिमामय वातावरण मे किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शशि कपूर, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय (उत्तर प्रदेश) उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. चंद्र प्रकाश, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, विंध्याचल मंडल, मीरजापुर एवं सारस्वत अतिथि के रूप में डॉ. प्रदीप नारायण डोंगरे, महाविद्यालय पूर्व प्राचार्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो. (डॉ.) माधवी शुक्ला एवं मुख्य अतिथि के करकमलो द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ स तत्पश्चात महाविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. शशि कपूर एवं अतिथियों द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'ज्ञानदीप' का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. शशि कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र-छात्राएं देश का भविष्य हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन डॉ. नलिनी सिंह के द्वारा किया गया।

## बाइक फिसलने से छात्र घायल,मंडलीय अस्पताल रेफर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर )।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के पटेहरा गांव स्थित हनुमान सिंह पटेल इंटर कालेज से हाईस्कूल की परीक्षा देकर घर लौट रहे छात्र की बाइक सड़क पर फैले बालू के कारण अनियंत्रित होकर फिसल गई। बाइक से गिरने पर छात्र गंभीर रूप घायल हो गया।क्षेत्र के चंद्रगढ़ मुड़ेल गांव निवासी रामलखन कुंदेर का 15 वर्षीय पुत्र सत्यम मंगलवार सुबह हाईस्कूल की परीक्षा देने के लिए क्षेत्र के हनुमान सिंह पटेल इंटर कालेज गया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद दोपहर बारह बजे के करीब बाइक से अपने घर जा रहा था।


# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांक:– 1014 /98काम–गो0वृ0/2025–26 दिनांक : 27/02/2026

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क0 सं0 | जनपद/ खण्ड/ विधानसभा का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सड़क निधि योजनान्तर्गत नव निर्माण का कार्य(विधानसभा गोण्डा सदर) | | | | | | | |
| 1 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–1 | कमलाजोत में कमलजोत सम्पर्क मार्ग | 74.85 | 5.75 | 2600.00 | 6 माह | ए.बी,सी |
| 2 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–1 | महादेवा सम्पर्क मार्ग से बड़की किनकी होते हुए कालोनी तक सम्पर्क मार्ग | 64.75 | 5.24 | 2600.00 | 6 माह | ए.बी,सी |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट– http://etender.up.nic.in पर दिनांक 13.03.2026 से 20.03.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 20.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 20.03.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 20.03.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा ।

(सुरेश राम)
अधिषासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 गोण्डा

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

उ0प्र0 247720 दिनांक- 09.03.2026 Website: www.upgov.nic.in



# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर

पत्रांक:- /2ए/2025-26 दिनाँक:-

## अल्पकालिक ई-निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी ए, बी, सी एवं डी के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि यह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | धरमैतेपुर सम्पर्क मार्ग से बाबा महेशनाथ मंदिर की ओर निर्मित इण्टरलांकिग से राम पियारे यादव एवं दयाशंकर पाण्डेय के घर होते हुए बाबा महेशनाथ धाम तक सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण का कार्य। | 26.05 | 2.61 | 944.00 | 06 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |

➤ विल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनाँक 12.03.2026 की पूर्वाहन 9:00 बजे से दिनाँक 17.03.2026 की अपराह्न 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 17.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाँक 17.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018-42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेक प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
सुलतानपुर

उ0प्र0 247625 दिनांक- 09.03.2026
Website: www.upgov.nic.in


## विधायक ने जल अर्पण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी की जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल से जल महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है जिसकी कार्य पूर्ण होने की मियाद सन 2024 थी,लेकिन सबसे बड़ी लागत की यह परियोजना दो साल देर से अभी भी कई ग्रामों मे कार्य अधूरे पड़े है।ब्लॉक सदर अंतर्गत ग्राम रामपुर गौरी में पेयजल योजना अंतर्गत जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा किया गया।इस अवसर पर विधायक सदर द्वारा पेयजल योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई जा रही जलापूर्ति व्यवस्था का प्रतीकात्मक रूप से जल अर्पण करते हुए ग्राम प्रधान रामपुर गौरी को सुपुर्द किया।ग्रामीणों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामवासियों से संवाद कर पेयजल के संचालन एवं जलापूर्ति की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

स्वतंत्र भारत

# देश विदेश

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, बुधवार, 11 मार्च, 2026



# एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देंगे : ईरान

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का 11वां दिन है। इस बीच ईरान ने कहा है कि वह एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देगा। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट

- 'जो देश इजराइल-अमेरिका के राजदूतों को निकालेगा, उसके ही जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने देंगे'

से जहाजों के गुजरने को लेकर एक नई शर्त रखी है। इजराइली मीडिया वाइनेट की रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की सेना इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि कुछ देशों के जहाजों को इस रास्ते से गुजरने दिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए उन देशों को पहले इजराइल और अमेरिका के राजदूतों को अपने देश से निकालना होगा।

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया का बहुत अहम समुद्री रास्ता है। हर साल दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की सप्लाई इसी रास्ते से गुजरती है। हालांकि अमेरिकी चैनल सीएनएन ने कहा है कि ईरान इस रास्ते से गुजरने वाले तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों पर सिक्योरिटी टैक्स यानी सुरक्षा शुल्क लगाने की योजना बना रहा है, खासकर उन जहाजों पर जो अमेरिका के सहयोगी देशों के हैं।



### राष्ट्रगान न गाने वाली पांच ईरानी खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया ने शरण दी

एशियन कप से बाहर होने के बाद ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया ने मानवीय वीजा देकर अपने देश में रहने की इजाजत दे दी है। जिन खिलाड़ियों को वीजा मिला है उनके नाम फतेमेह पसंदिदेह, जहरा घनबारी, जहरा सरबली, अतेफे रमजानजादेह और मोना हमौदी हैं। सरकार ने कहा है कि अगर बाकी खिलाड़ी भी चाहें तो वे भी ऑस्ट्रेलिया में रह सकती हैं। दरअसल, पिछले हफ्ते दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच से पहले ईरान की टीम ने अपना राष्ट्रगान नहीं गाया था। इसके बाद ईरान में कुछ लोगों ने टीम की आलोचना की और उन्हें सख्त सजा देने की मांग भी की। इसी मामले पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कहा था कि अगर जरूरत पड़े तो अमेरिका भी इन खिलाड़ियों को शरण देने के लिए तैयार है।

# 'शांति से नहीं रह पाएंगे ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई, बातचीत शर्तों पर निर्भर'

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान के नए

- ट्रंप का बयान

सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई शांति से रह पाएंगे। मोजतबा, अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे हैं। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच ट्रंप ने यह भी कहा कि इस बात की संभावना है कि वह ईरान के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हो जाएं, लेकिन यह शर्तों पर निर्भर करेगा। 'फॉक्स न्यूज' की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

सोमवार शाम को ईरान के साथ बातचीत की संभावना पर ट्रंप से सवाल पूछा गया। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज से कहा, मैंने सुना है कि तेहरान बातचीत करना चाहता है। ट्रंप ने



पहले कहा था कि ईरान के खिलाफ युद्ध जल्द ही खत्म होने वाला है। हालांकि, उन्होंने कोई निश्चित समयसीमा नहीं बताई थी। उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि अगर वे कुछ चालाकी करेंगे, तो अमेरिका उस देश को समाप्त कर देगा। उन्होंने ईरान युद्ध को छोटा अभियान बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, यह युद्ध जल्द ही खत्म होने वाला है और अगर फिर से शुरू होता है, तो उन्होंने और भी मार पड़ेगी। हमने संक्षिप्त (कम अवधि वाला) अभियान चलाया है, क्योंकि हमें कुछ लोगों को हटाने की जरूरत महसूस हुई। आप देखेंगे कि यह संक्षिप्त अभियान है। सीबीएस के इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि काफी युद्ध हो चुका है और ईरान को कुछ भी चालाकी करने से बचना चाहिए। ट्रंप ने कहा, हमने सब कुछ दाग दिया है जो दागना था और उन्हें चालाकी नहीं करनी चाहिए, वरना यह देश समाप्त हो जाएगा। अगर उन्होंने कुछ भी गलत किया, तो यह ईरान का अंत होगा और आप कभी उसका नाम नहीं सुनेंगे। उन्होंने कहा, ईरान के पास अब कोई नौसेना नहीं है, कोई संचार व्यवस्था नहीं है और कोई वायु सेना नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी कई मायनों में जीत चुके हैं।

# सोशल मीडिया पर ईरानी हमलों का मना रहे थे जश्न

## बहरीन में पांच पाकिस्तानी और एक बांग्लादेशी गिरफ्तार

**बहरीन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच बहरीन की सुरक्षा एजेंसियों ने सोशल मीडिया पर ईरान समर्थक पोस्ट और वीडियो साझा करने के आरोप में छह विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारियों में एक बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद इसराफिल मीर और पांच पाकिस्तानी नागरिक शामिल हैं। स्थानीय मीडिया और बहरीन न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह कार्रवाई आंतरिक मंत्रालय और देश की जनरल डायरेक्टरेट ऑफ एंटी-कॉरप्शन एंड इकोनॉमिक एंड इलेक्ट्रॉनिक सिक्योरिटी की जांच के बाद की गई।

**सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री को राष्ट्रीय सुरक्षा खतरा माना**

मंत्रालय ने आरोप लगाया कि गिरफ्तार लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ईरान के समर्थन में भ्रामक वीडियो और पोस्ट साझा कर रहे थे। उन्होंने कथित तौर पर कुछ स्थानों पर हमलों की वीडियो फुटेज रिकॉर्ड की और ऑनलाइन फैलाया, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता था और आम जनता में भ्रम फैलाने का प्रयास हुआ। छह एशियाई नागरिकों की पहचान इस गतिविधि में की गई। मंत्रालय ने कहा कि गिरफ्तार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और उनके मामलों को पब्लिक प्रॉसिक्यूशन को भेजा गया है।

**बहरीन ने नागरिकों और प्रवासियों को दी चेतावनी**

ईरान से संबंधित संघर्ष के पड़ोसी देशों तक फैलने के बाद, बहरीन की एजेंसियों ने ऑनलाइन उत्तेजक या भड़काऊ सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने देशवासियों और विदेशी निवासियों को चेतावनी दी है कि वे बिना अनुमति के वीडियो, तस्वीरें या जानकारी साझा न करें, खासकर जो राष्ट्रीय सुरक्षा या वर्तमान संघर्ष से संबंधित हों।

## अमेरिका ने पाक में जारी किया सुरक्षा अलर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपने सभी कर्मियों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। इस अलर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में धार्मिक जुलूसों के दौरान हिंसा भड़क सकती है। इसके चलते मंगलवार दोपहर से सभी अमेरिकी कर्मियों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी दूतावास लाहौर, कराची और पेशावर समेत सभी महावाणिज्य दूतावासों पर नजर रखे हुए है। धार्मिक जुलूसों के दौरान यातायात जाम और सुरक्षा को खतरा हो सकता है। अमेरिकी लोगों को पाकिस्तान में सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# ईरान में जारी जंग से घबराया पाकिस्तान

## शहबाज सरकार ने बचने के लिए उतारी नौसेना

**इस्लामाबाद।** ईरान में जारी संघर्ष और समुद्री मार्गों पर बढ़ते सुरक्षा जोखिम के बीच पाकिस्तान ने अपने व्यापारिक जहाजों और ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान नौसेना ने ऑपरेशन मुहाफिज-उल-बहर शुरू किया है, जिसके तहत देश के व्यापारी जहाजों को नौसेना के युद्धपोतों की सुरक्षा में ले जाया जा रहा है।

पाकिस्तान नौसेना के अनुसार, क्षेत्र में बदलते समुद्री सुरक्षा हालात और अहम समुद्री मार्गों पर संभावित खतरे को देखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य पाकिस्तान की ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार को निर्बाध बनाए रखना है। नौसेना के अनुसार यह एस्कॉर्ट ऑपरेशन पाकिस्तान नेशनल शिपिंग कॉरपोरेशन के साथ मिलकर चलाया जा रहा है। फिलहाल पाकिस्तान नौसेना के जहाज दो व्यापारी पोतों को सुरक्षा दे रहे हैं, जिनमें से एक जहाज आज कराची पहुंचने वाला है।

दरअसल पाकिस्तान अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक खाड़ी देशों पर निर्भर है और उसका करीब 90 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों से होता है। ऐसे में क्षेत्रीय युद्ध के कारण तेल टैंकरों की आवाजाही प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। इसी वजह से पाकिस्तान सरकार ने ईंधन बचत के कई कदम भी उठाए हैं। पाकिस्तान नौसेना ने कहा है कि वह समुद्री स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और राष्ट्रीय शिपिंग, ऊर्जा आपूर्ति तथा क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

इस बीच पिछले दिनों खबर आई थी कि पाकिस्तान में पेट्रोलियम उत्पादों के भंडार को लेकर नया विवाद हो रहा है। पाकिस्तान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने ऑयल एंड गैस रेगुलेटरी अथॉरिटी के आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में पेट्रोलियम भंडार को लेकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। पीपीडीए के चेयरमैन अब्दुल सामी खान ने कहा कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों का स्टॉक केवल 14 दिनों के लिए ही पर्याप्त है, जो ओजीआरए के दावों से बिल्कुल अलग है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आपूर्ति में बाधा जारी रही तो देशभर के पेट्रोल पंपों पर स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# 'क्यों युद्ध में भी सुरक्षित ईरान का 'काला खजाना'

**तेहरान।** इजरायल-अमेरिका के ईरान से युद्ध को अब 10 दिन हो चुके हैं। जहां दोनों ने ईरान में तेहरान से लेकर करमनशाह और कौम से लेकर बंदर अब्बास तक हमले बोले हैं तो वहीं ईरान ने भी पलटवार करते हुए पश्चिम एशिया में उन सभी देशों को निशाना बनाया है, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। हालांकि, इस बीच ईरान के एक खास द्वीप की चर्चाएं तेज हो गई हैं। दरअसल, ईरान के इस द्वीप पर अब तक न तो इजरायल ने और न ही अमेरिका ने हमला किया है, जबकि कूटनीतिक तौर पर इस द्वीप को ईरान की रीढ़ माना जाता है। कुछ विश्लेषकों का तो यहां तक कहना है कि अगर पश्चिमी देश ईरान को घुटनों पर लाना चाहते हैं तो वे इस एक खास द्वीप को निशाना बनाकर उसकी लाइफलाइन पर सीधा वार कर सकते हैं। ईरान का जो द्वीप इस वक्त चर्चा में है, उसका नाम है 'खर्ग'। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस अहम द्वीप को अमेरिकी कब्जे में लेने की कोशिश कर सकते हैं। वह इसके लिए ईरान की धरती पर सेना भेजने पर भी विचार कर रहे हैं।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर यह खर्ग

- चीन से कनेक्शन, फिर भी इजरायल-अमेरिका नहीं बना रहे निशाना

द्वीप क्या है, जिस पर अब तक युद्ध के दौरान एक बार भी हमला नहीं हुआ है? इस द्वीप का इतिहास क्या है? कैसे यह द्वीप ईरान की शक्ति का केंद्र बना हुआ है? इसका चीन से क्या कनेक्शन है? इस्राइल-अमेरिका की तरफ से इस पर हमला न करने की क्या वजह है? अगर इस द्वीप पर किसी तरह का वार किया जाता है तो इसका वैश्विक स्तर पर क्या असर हो सकता है?

**क्या है खर्ग द्वीप और कहां स्थित है**

खर्ग द्वीप एक छोटा प्रवाल (कोरल) द्वीप है, जो ईरान के कच्चे तेल उद्योग का सबसे बड़ा और मुख्य निर्यात टर्मिनल है। यह द्वीप ईरान की अर्थव्यवस्था के लिए रणनीतिक तौर पर अहम है। देश का करीब 90त्न कच्चे तेल का निर्यात इसी द्वीप से होता है। इसकी तेल लोडिंग क्षमता लगभग 70 लाख बैरल प्रतिदिन आंकी गई है। इसे ईरान की तेल की जीवनरेखा भी कहा जाता है। यह द्वीप समुद्र के नीचे बिछी पाइपलाइनों के जरिए दक्षिणी ईरान के प्रमुख तेल क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है। यहां बड़े स्टोरेज टैंक और सुपरटैंकरों में तेल भरने के लिए गहरे पानी तक जाने वाली लंबी जेट्टी (मार्ग) बनी हुई हैं।

**खर्ग द्वीप का इतिहास?**

खर्ग द्वीप का इतिहास इसके तेल भंडारण के लिए इस्तेमाल होने से काफी पुराना है। दरअसल, यहां तेल की खोज से पहले मुख्यतः फारस की खाड़ी में व्यापार के लिए इस द्वीप को ट्रांजिट पॉइंट यानी आवाजाही के केंद्र की तह इस्तेमाल किया जाता था। प्राचीन और मध्यकाल : 10वीं शताब्दी के अंत तक इसे खाड़ी के व्यापार और मोती निकालनेके एक प्रमुख केंद्र के रूप में जाना जाता था। 17वीं शताब्दी के दौरान, यह बसरा, बंदर रिग और ईरान के अंदरूनी हिस्से को जोड़ने वाला एक अहम व्यापारिक पड़ाव बन गया था। 1960 और 1970 का दशक : खर्ग के लिए प्रमुख बदलावों का चरण 1960 के दशक में आया। यह वह दौर था, जब ईरान में ऑयल बूम यानी तेल का जबरदस्त उत्पादन शुरू हुआ। अमेरिका के समर्थन वाले पहलवी वंश के शाह के शासनकाल में अमेरिकी तेल कंपनी एमोको ने इसे कच्चे तेल के मुख्य निर्यात टर्मिनल के रूप में विकसित किया। बाद में फारस की खाड़ी और दक्षिणी ईरान के तेल क्षेत्रों को पाइपलाइनों के जरिए इस द्वीप से जोड़ा गया। 1970 के दशक की शुरुआत तक, इसके बुनियादी ढांचे के विकास ने इसे ईरान का सबसे बड़ा तेल लोडिंग टर्मिनल बना दिया था। यह इस हद तक अहम हो गया कि यहां ईरान के तेल भंडार को उसका काला खजाना तक कहा जाने लगा।

# अफगानिस्तान पर हमलों को लेकर भारत सख्त

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने अफगानिस्तान की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए वहां हुए पाकिस्तान की तरफ से हवाई हमलों

- यूएन में उधेड़ दी पाक की बखिया
- कहा- निर्दोषों को मारा जा रहा

की कड़ी निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथनेनी हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान की जमीन पर किए गए ये हवाई हमले अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और किसी भी देश की संप्रभुता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव की हालिया रिपोर्ट में सीमा पार सशस्त्र हिंसा से हुए नागरिक हताहतों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। भारत इस चिंता का समर्थन करता है और सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून तथा मानवीय कानून के तहत अपनी जिम्मेदारियों का पालन करने की अपील करता है, ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। भारत ने कहा कि पवित्र रमजान के महीने में हुए इन हमलों में बड़ी संख्या में निर्दोष नागरिक मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) के अनुसार 6 मार्च 2026 तक 185 निर्दोष लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें लगभग 55 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं। इसके अलावा इन हमलों की वजह से एक लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। भारत ने इसे बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा कि एक तरफ अंतरराष्ट्रीय कानून और इस्लामी एकजुटता की बात करना और दूसरी तरफ रमजान के दौरान निर्दोष लोगों पर हमले करना पूरी तरह पाखंड है।

**अफगान क्रिकेट टीम के जज्बे की भारत ने की तारीफ**

अपने संबोधन में भारत ने अफगानिस्तान के युवाओं और वहां के




खेल उत्साह का भी जिक्र किया। पार्वथनेनी हरीश ने कहा कि आज अगर कोई भी व्यक्ति अफगानिस्तान जाता है तो वहां के युवाओं को पूरे उत्साह के साथ क्रिकेट खेलते हुए देख सकता है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम जहां भी खेलती है, वहां लोगों का दिल जीत लेती है। हाल ही में हुए क्रिकेट विश्व कप में टीम का जोश और जज़्बा बेहद सराहनीय रहा है। भारत ने कहा कि अफगानिस्तान के क्रिकेट सफर में भागीदार होने पर उसे गर्व है और यह देखकर खुशी होती है कि यह टीम उन लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला रही है, जो लंबे समय से कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। भारत ने अपने बयान में आतंकवाद को पूरी मानवता के लिए गंभीर खतरा बताया। पार्वथनेनी हरीश ने कहा कि आईएसआईएल और अल-कायदा जैसे आतंकी संगठनों के साथ-साथ उनके सहयोगी संगठनों के खिलाफ वैश्विक स्तर पर समन्वित कार्रवाई बेहद जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और उनके सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट का जिक्र करते हुए कहा कि इन संगठनों और इनके समर्थकों को सीमा पार आतंकवाद फैलाने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एकजुट होकर कार्रवाई करनी होगी।

**नागरिकों की सुरक्षा पर जोर**

भारत ने स्पष्ट किया कि किसी भी संघर्ष की स्थिति में सबसे पहली प्राथमिकता आम नागरिकों की सुरक्षा होनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय सिद्धांतों का पालन करते हुए सभी पक्षों को हिंसा रोकने और शांति बहाल करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। भारत का कहना है कि अफगानिस्तान में स्थिरता और शांति न केवल क्षेत्र बल्कि पूरी दुनिया के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा जिसमें आतंकवाद और हिंसा के लिए कोई जगह न हो और अफगानिस्तान के लोगों को सुरक्षित और बेहतर भविष्य मिल सके।

# कई देशों में ईंधन संकट गहराया, पाकिस्तान थाईलैंड, बांग्लादेश व वियतनाम ने उठाए ये कदम

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बढ़ती तेल कीमतों और मध्य पूर्व में जारी संकट जारी है। इसे देखते हुए कई देश ईंधन बचाने के लिए अलग-अलग प्रयास कर रहे हैं। पाकिस्तान के बाद थाईलैंड ने भी ईंधन बचाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने का आदेश दे दिया है। थाई प्रधानमंत्री अनुटिन चार्नवीराकुल ने आज यह ऐलान किया। घर से काम करने के अलावा और भी कई तरह के निर्देश दिए गए हैं। सरकारी कर्मचारियों के विदेश दौरे पर भी रोक, लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करने का सलाह दी गई है। मध्य पूर्व संकट के कारण ईंधन की खपत कम करने की मंशा करने के साथ ये कदम उठाए गए हैं। इससे पहले पाकिस्तान ने भी अपना ईंधन बचाने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को बढ़ती तेल कीमतों को देखते कटौती करने का योजना बनाई। इसमें सांसदों-मंत्रियों के वेतन में कटौती से लेकर बच्चों के स्कूल बंद रखने तक की घोषणा की गई। सरकारी कर्मचारियों के विदेश दौरे रोके गए हैं। मंत्री दो महीने वेतन नहीं मिलेगा, साथ ही सांसद की सैलरी को 25 प्रतिशत काटा जाएगा। दो महीने तक सरकारी गाड़ियों को 50 फीसदी कम ईंधन मिलेगा। 60 फीसदी सरकारी वाहन नहीं चलेंगे। सभी सरकारी विभाग अपने खर्च में 20 फीसदी की कटौती करेंगे। आधे कर्मचारियों का घर से काम करने का नियम बैंक, अस्पताल, कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों जैसी आवश्यक सेवाओं पर लागू नहीं होगा। पाकिस्तान में सरकारी दफ्तर को चार दिन खोला जाएगा। आधे लोग घर से काम करेंगे। इसे हफ्ते के अंत से स्कूल दो हफ्तों के लिए बंद रहने का एलान किया गया है। डॉन अखबार के अनुसार प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सख्त मितव्ययिता उपायों की घोषणा की है। वहीं, वियतनाम ने भी लोगों से ईंधन बचाने के लिए घर से काम करने और गाड़ियों का कम इस्तेमाल करने की अपील की है, जबकि बांग्लादेश ने बिजली और ईंधन बचाने के लिए विश्वविद्यालयों को पहले ही बंद करने का ऐलान कर दिया था और ईद-उल-फितर की छुट्टियां आगे बढ़ा दी हैं।

## 'हमलों के लिए इराक को न करें लॉन्चपैड की तरह इस्तेमाल'

**बगदाद।** इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से कहा है कि इराक को किसी भी हमले के लिए लॉन्च पैड की तरह इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, सुदानी ने रुबियो को बताया कि उनका देश इलाके में दुश्मनी फैलाने का जरिया नहीं बनेगा। यह कूटनीतिक बातचीत ऐसे समय में हुई है जब क्षेत्र में सुरक्षा के हालात बहुत खराब हैं। लड़ाई शुरू होते ही इराक के आसमान में कई तरफ से आती मिसाइलें और लड़ाकू विमान दिखने लगे थे। प्रधानमंत्री के मीडिया ऑफिस ने बताया कि फोन पर हुई इस बातचीत में सुदानी ने एक बड़ी बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह पक्का करना जरूरी है कि इराक की जमीन, आसमान और पानी का इस्तेमाल पड़ोसी देशों पर हमले के लिए न हो। प्रधानमंत्री इराक को बढ़ती हिंसा से बचाना चाहते हैं। बगदाद सरकार अपनी सीमाओं के बिना इजाजत इस्तेमाल के खिलाफ खड़ी है।

# ईरान की मदद क्यों नहीं कर रहे हूती विद्रोही?

**सना।** इजराइल और अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव फैल गया है। इस जंग में ईरान,

- नौ दिन बाद भी जंग से दूर शिया लड़ाके
- समर्थन में सिर्फ बयान दे रहे

इजराइल,सऊदी, लेबनान, यूएई जैसे मिडिल ईस्ट के कुल 12 देश शामिल हो चुके हैं। हालांकि जंग के 9 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक यमन इससे दूर है। यमन में हूती विद्रोही रहते हैं जो कि ईरान के सहयोगी माने जाते हैं। अक्टूबर 2023 में गाजा जंग शुरू होने के बाद कई बार इजराइल और हूती विद्रोही एक-दूसरे पर हमला कर चुके हैं। पिछले साल जून में इजराइल और ईरान के बीच 12 दिन जंग चली थी, तब भी हूती विद्रोही इस जंग में शामिल थे। हालांकि इस बार 28 फरवरी से जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमले शुरू किए, तब से अब तक हूती विद्रोहियों ने ईरान का समर्थन केवल बयानों के जरिए ही किया है। हालांकि यह साफ नहीं है कि वे आगे भी इस जंग से दूर रहेंगे या नहीं। अल जजीरा के मुताबिक एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि हूती जंग में हिस्सा लेंगे। फिलहाल उनका इससे दूर रहना किसी रणनीति से जुड़ा हो सकता है। मिडिल ईस्ट मामलों पर नजर रखने वाले लुका नेवोला ने अल जजीरा से कहा कि हूती विद्रोहियों की सबसे बड़ी प्राथमिकता यह है कि अमेरिका और इजराइल की सीधी जवाबी कार्रवाई से बचा जाए।

## प्रियंवदा कांत का 'न्यू नॉर्मल'



**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंवदा कांत, जो एण्डटीवी के सुपरनैचुरल हॉरर कॉमेडी शो 'घरवाली पेड़वाली' में लतिका का किरदार निभा रही हैं, अपने समर्पण और बेखौफ अंदाज़ के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में आने वाले एक रोमांचक ट्रैक की शूटिंग के दौरान उन्होंने अपने अभिनय की सीमाओं को और आगे बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने कई स्टंट खुद किए, जिनमें एक मुश्किल सीन ऐसा भी था जिसमें उन्हें लंबे समय तक हार्नेस के सहारे उल्टा लटकना पड़ा। जो शुरुआत में थोड़ा डरावना लग रहा था, वही अनुभव बाद में उनके लिए रोमांचक और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बन गया। अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रियंवदा कांत ऊर्फ लतिका कहती हैं, 'यह एक ऐसा स्टंट था, जिसमें मुझे चमगादड़ की तरह उल्टा लटकना था। यह बहुत मुश्किल था क्योंकि काफी देर तक उल्टा लटकने से सारा खून सिर की तरफ दौड़ जाता है और उसी दौरान आपको अपने डायलॉग भी बोलने होते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मेरे किरदार लतिका के लिए मुझे बहुत लंबा विग पहनना पड़ता है। स्क्रीन पर यह सीन मजेदार लगता है, लेकिन इसे करने में काफी मेहनत लगती है। हमारी सुरक्षा टीम और स्टंट टीम हमेशा साथ रहती है, जो हर उपकरण को दोबारा जांचती है और हमें सही पोस्टर और सांस लेने की तकनीक भी बताती है। एक और मजेदार लेकिन मुश्किल स्टंट वह था जब मुझे पंखे पर बैठना पड़ा। मैं सचमुच पंखे पर बैठी थी और वह लगातार घूम रहा था, जिससे मुझे काफी चक्कर आने लगे।


## शरद केलकर को 'टीआरपी किंग' का खिताब

**मुंबई।** ज़ी कुटुंब नॉमिनेशन पार्टी में पूरा ज़ी कुटुंब एक साथ नजर आएगा। इसमें 'वसुधा', 'सरू', 'गंगा माई की बेटियां', 'जगद्धात्री', 'लक्ष्मी निवास', 'जाने अनजाने हम मिले', 'तुम से तुम तक' और 'जागृति' के एक्टर्स शामिल हुये। कभी 'जाने अनजाने हम मिले' की शारदा बुआ और 'वसुधा' की सारिका ज़ी कुटुंब के लीड्स को परफेक्ट विलेन बनना सिखाती नजर आएंगी, तो कभी अनु और आर्या का रोमांटिक डांस माहौल को खास बना देगा। इन सभी खास पलों के बीच एक ऐसा पल भी आया जिसने सभी का ध्यान खींच लिया, जब होस्ट जय सोनी ने शरद केलकर ('तुम से तुम तक' के आर्या) को स्टेज पर बुलाया और उनके शानदार सफर को सलाम करते हुए उन्हें 'टीआरपी किंग' कहा। खास तौर पर ज़ी टीवी के साथ उनके लगातार सफल शोज़ को देखते हुए यह पल और भी खास बन गया।

## एक्शन किंग अक्षय कुमार का दमदार परफॉर्मेंस!

**मुंबई।** 'ज़ी' ने एक बार फिर मारुति सुजुकी प्रेज़ेंट्स 24वें ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2026 के साथ भारतीय सिनेमा के जादू का शानदार जश्न मनाया, जहां इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारे, यादगार परफॉर्मेंस और वो फैंस एक साथ नजर आए। अपनी हिम्मत, जोखिम उठाने की आदत और हर बार दर्शकों को चौंका देने वाले अंदाज़ के लिए मशहूर अक्षय कुमार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वो बॉलीवुड के असली खिलाड़ी क्यों कहलाते हैं। इस शाम के सबसे रोमांचक पलों में से एक पेश करते हुए सुपरस्टार ने अपनी परफॉर्मेंस से फैनटरटेनमेंट को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया, जो जितनी रोमांचक थी उतनी ही यादगार भी। अक्षय कुमार घोड़े पर सवार होकर सीधे एरिना में पहुंचे। अक्षय कुमार ने पूरे आत्मविश्वास और संतुलन के साथ इस पल को संभाला और अपने एक्शन, करिश्मे और शानदार अंदाज़ से ऐसा प्रदर्शन किया।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089